✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 130 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 5 अक्टूबर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



गयाजी में पिंडदान करते विदेशी श्रद्धालु

# अवैध खनन को रोकने के लिए खनन पुलिस का होगा गठन

## रोहतास, औरंगाबाद समेत पांच जिलों में खनन की तैयारी तेज | अक्टूबर के अंत तक अथवा नवंबर में शुरू हो जाएगा पत्थर उद्योग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार में लंबे समय से बंद पत्थर उद्योग को पुनः चालू किया जायेगा। राज्य सरकार की ओर से पत्थर उद्योग शुरू करने की दिशा में प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसके लिए केंद्र सरकार और बिहार सरकार के बीच हाल ही में महत्वपूर्ण बैठक भी हुई है। राज्य के रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा और शेखपुरा जिले में पत्थर उद्योग को व्यवस्थित तरीके से शुरू करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। नवादा और शेखपुरा जिले में पत्थर खनन क्षेत्रों की नीलामी की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। अक्टूबर के अंत तक अथवा नवंबर में पत्थर उद्योग शुरू हो जाएगा। खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि सरकार पत्थर उद्योग को फिर



से पटरी पर लाने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पत्थर उद्योग से जुड़े कारोबार के दोबारा शुरू होने से संबंधित क्षेत्रों में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार की प्राथमिकता वैध तरीके से खनन कार्य शुरू कराना है ताकि राजस्व की प्राप्ति के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा हों। डॉ. चंद्रवंशी ने कहा कि अवैध खनन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई लगातार जारी है। सरकार ने नियमों के उल्लंघन पर जुर्माने की राशि भी बढ़ा दी है। इसका उद्देश्य अवैध खनन और ओवरलोडिंग करने वालों पर आर्थिक रूप से प्रभावी कार्रवाई करना है ताकि इस तरह की गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। मंत्री ने बताया कि अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जल्द ही खनन पुलिस का गठन किया जाएगा। खनन पुलिस के गठन से विभाग को अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी, जांच और गिरफ्तारी जैसी कार्रवाई में तेजी आयेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पुलिस बल पर कई तरह की जिम्मेदारियां रहती हैं। ऐसे में खनन विभाग की कार्रवाई के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने में कई बार देरी हो जाती है। खनन पुलिस की बहाली के बाद इस समस्या का समाधान हो जाएगा। खान एवं भूतत्व मंत्री ने बताया कि अवैध खनन और नियमों के उल्लंघन पर निगरानी के लिए सरकार तकनीक का भी सहारा लेगी। खनन घाटों पर धर्मकांटा लगाने के साथ कैमरों के माध्यम से निगरानी की तैयारी है। इसके अलावा ड्रोन से भी खनन क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी। इससे खनन क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखना आसान होगा और अवैध खनन करने वालों के खिलाफ समय पर कार्रवाई की जा सकेगी।

## सभी जिलों में बनेगा अटल कला भवन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने तथा बच्चों को पारंपरिक कलाओं से जोड़ने के लिए कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। राज्य के सभी जिलों में आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से बच्चों को तबला, हारमोनियम, ढोलक, कथक, भरतनाट्यम सहित शास्त्रीय संगीत का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण केंद्रों में बच्चों का नामांकन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि सरकार का उद्देश्य बच्चों को छोटी उम्र से ही भारतीय कला और संस्कृति से जोड़ना है। इसके लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है ताकि प्रतिभाशाली बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण लेने का अवसर मिल सके। डॉ. चंद्रवंशी ने बताया कि राज्य के सभी जिलों में अटल कला भवन का निर्माण कराया जा रहा है। प्रत्येक जिले में कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर आधारभूत संरचना विकसित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। अटल कला भवनों के निर्माण पर लगभग 19 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। इन भवनों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों और कला प्रेमियों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध होगा। कला एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि बदलते समय के साथ कई पारंपरिक और लोक कलाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं। ऐसी कलाओं को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए विभाग जल्द ही गुरु-शिष्य परंपरा की शुरुआत करेगा। इसके तहत विलुप्त होती कलाओं के विशेषज्ञों के माध्यम से नई पीढ़ी को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। डॉ. चंद्रवंशी ने बताया कि इस योजना के तहत विलुप्त कला का प्रशिक्षण देने वाले गुरु को 15 हजार रुपये अनुदान दिया जाएगा। उनके सहयोगी को 7,500 रुपये तथा संबंधित कला सीखने वाले प्रशिक्षु को 3,000 रुपये अनुदान देने का प्रावधान किया गया है। इससे पारंपरिक कलाओं के संरक्षण के साथ कलाकारों और प्रशिक्षुओं को आर्थिक सहयोग भी मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन आज आएंगे पटना

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के बिहार दौरे के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। अब वह आज सोमवार की सुबह पटना पहुंचेंगे और रात्रि में वापस लौटने का कार्यक्रम है। पहले उनका दो दिवसीय बिहार दौरा प्रस्तावित था। पटना प्रवास के दौरान भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात करने की संभावना है। इसके अलावा वह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा करेंगे।

### इनामी बदमाश डबला गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर थाना पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल और 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश डबला को गिरफ्तार कर लिया है। उसे शहर के घने व्यावसायिक इलाके सोनापट्टी स्थित रतन चौक वाली गली से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार डबला लंबे समय से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। उसके खिलाफ जिले में कई संगीन आपराधिक मामलों में संलिप्त होने का आरोप है।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा विद्या भवन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** शिक्षा विभाग की तमाम गतिविधियों को एक ही परिसर से संचालित करने की दिशा में पहल शुरू हो गई है। बुद्ध मार्ग स्थित टेक्स्ट बुक कार्यालय परिसर में बहुमंजिला विद्या भवन (शिक्षा भवन) का निर्माण कराया जाएगा। प्रस्तावित भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। विद्या भवन का निर्माण इस तरह कराया जाएगा कि शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यालयों और निदेशालयों को एक ही भवन में स्थान मिल सके। इससे विभागीय कामकाज को एक स्थान पर समेकित करने में मदद मिलेगी और विभिन्न गतिविधियों के संचालन में सुविधा होगी। प्रस्तावित भवन की डिजाइन वर्तमान जरूरतों के साथ भविष्य में शिक्षा विभाग की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की जाएगी।

### स्कूल वाहनों की होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने एक नई डिजिटल पहल की है। विभाग ने निजी स्कूलों में संचालित सभी वाहनों और उनके चालकों का पूरा डाटाबेस तैयार करने के लिए विशेष पोर्टल विकसित किया है। पोर्टल को पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। इसे वाहन और सारथी पोर्टल से इंटीग्रेशन के बाद लाइव किया जाएगा। विभाग के अनुसार पोर्टल शुरू होने के बाद राज्य के सभी निजी स्कूलों को इस पर अनिवार्य रूप से निबंधन कराना होगा।

### शिक्षा मंत्री ने की पटना में अनशन कर रहे शिक्षकों से अनशन समाप्त करने की अपील

# बिहार में शिक्षकों के सातवें वेतनमान को लेकर कमिटी का गठन शीघ्र : मिथिलेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में शिक्षकों के सातवें वेतनमान को लेकर सरकार ने प्रक्रिया आगे बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि शिक्षा विभाग अगले दो दिनों में समीक्षा कर कमेटी बनाने की दिशा में काम करेगा। सरकार यह पता लगाएगी कि सातवां वेतनमान लागू करने पर कितना आर्थिक बोझ पड़ेगा। मंत्री ने शिक्षकों के वेतन, प्रमोशन और ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़ी समस्याओं पर भी जल्द समाधान का भरोसा दिया है। उन्होंने पटना में अनशन कर रहे शिक्षकों से अनशन समाप्त करने की अपील की। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि सातवें वेतनमान को लेकर सबसे पहले आर्थिक पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। शिक्षा विभाग अगले दो दिनों में इस संबंध में विचार-विमर्श कर कमेटी बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगा। सरकार यह आकलन करेगी कि शिक्षकों को सातवां वेतनमान देने पर बजट पर कितना असर पड़ेगा। इसके लिए आर्थिक बोझ की गणना जल्द शुरू की जाएगी। सातवें वेतनमान को लागू करने की कोई तय तारीख नहीं बताई गई है। पटना में अपनी मांगों को



लेकर अनशन कर रहे शिक्षकों से भी शिक्षा मंत्री ने आंदोलन समाप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से जुड़े मुद्दों पर सरकार विचार कर रही है। वेतनमान के साथ-साथ वेतन विसंगति और प्रमोशन की समस्या को भी दूर करने का भरोसा दिया गया है। इन समस्याओं के समाधान को लेकर आगे की प्रक्रिया पर काम किए जाने की बात कही गई है। शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर मिथिलेश तिवारी ने कहा कि इस मामले में निर्वाचन आयोग से मार्गदर्शन मांगा गया है। अगले दो दिनों में सहमति मिलने की उम्मीद है। ऐच्छिक तबादले के तहत जिन शिक्षकों को नए स्कूल में जाने में परेशानी हो रही है उनके पास पुराने स्कूल में ही बने रहने का विकल्प रहेगा। यानी ऐच्छिक ट्रांसफर के मामले में नए स्कूल में जॉइन करना हर शिक्षक के लिए अनिवार्य नहीं होगा। सामान्य तबादले को लेकर भी शिक्षकों के लिए अहम जानकारी दी गई है। मंत्री ने बताया कि सामान्य ट्रांसफर की प्रक्रिया में शिक्षक, एचटी और एचएम एक साथ आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा सामान्य ट्रांसफर के दौरान शिक्षकों को फिर से म्यूचुअल तबादले के लिए आवेदन करने का मौका मिलेगा। इससे उन शिक्षकों को राहत मिल सकती है, जो आपसी सहमति से स्कूल बदलना चाहते हैं। शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों की वेतन विसंगति और प्रमोशन से जुड़ी परेशानियों को भी जल्द दूर करने का भरोसा दिया है। शिक्षकों की इन मांगों पर सरकार की ओर से आगे कदम उठाए

## समाजवादी विचारधारा से जुड़े नेता हैं नीरज कुमार : निशांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव से पहले जेडीयू के भीतर चल रही खींचतान के बीच निशांत कुमार ने नीरज कुमार का खुलकर समर्थन किया है। पटना स्थित जेडीयू प्रदेश कार्यालय में बैठक के दौरान निशांत कुमार ने नेताओं और कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से नीरज कुमार के पक्ष में प्रथम वरीयता का वोट देने की अपील की। जेडीयू में अनंत सिंह और नीरज कुमार के बीच चल रहे विवाद के बीच निशांत कुमार का नीरज के समर्थन में सामने आना राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपने कदम से साफ कर दिया कि वह पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार नीरज कुमार के साथ खड़े हैं। निशांत ने केवल पार्टी कार्यालय में बैठक कर समर्थन नहीं जताया बल्कि सोशल मीडिया मंच एक्स पर भी मतदाताओं से नीरज कुमार को वोट देने की अपील की। बैठक के बाद एक्स पर अपने संदेश में निशांत कुमार ने नीरज



कुमार के राजनीतिक सफर का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि नीरज समता काल से पार्टी से जुड़े रहे हैं और पिछले तीन कार्यकाल से पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। निशांत ने उन्हें समाजवादी विचारधारा से जुड़ा नेता बताते हुए बिहार की विकास यात्रा का अहम सहयोगी भी कहा। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे 23 अक्टूबर को होने वाले चुनाव में नीरज कुमार को प्रथम वरीयता का वोट देकर फिर से विधान परिषद भेजें। निशांत कुमार के सामने जब अनंत सिंह की नाराजगी का सवाल उठा तो उन्होंने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। वह मुस्कुराते हुए वहां से निकल गए।

## चाकूबाजी में तीन युवकों की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** जिले के एकमा थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम मामूली विवाद को लेकर हुई चाकूबाजी की घटनाओं में तीन युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। इनमें एक घायल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल से पीएमसीएच रेफर किया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान छपरा शहर के काशी बाजार निवासी अंकुर पटेल उर्फ धोनी, पचुआ पंचायत के जिरातपर निवासी मुकेश कुमार और रमेश यादव के रूप में हुई है। घायलों में जिरातपर निवासी हरेंद्र कुमार के 20 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार तथा विवेक कुमार शामिल हैं। विवेक का इलाज पटना में चल रहा है जबकि अरविंद को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल छपरा रेफर किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अंकुर पटेल एक दिन पहले अपने मामा के घर परसागढ़ उत्तरी पंचायत में आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद चाकूबाजी में बदल गया। घटना में कई युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए एकमा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी दौरान अस्पताल परिसर में भी दोबारा चाकूबाजी होने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। चाकूबाजी में गंभीर रूप से घायल अंकुर पटेल की मौत एकमा के निजी अस्पताल में जबकि **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## गया-नालंदा में डूबने से दंपति समेत आठ की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी/बिहारशरीफ।** बोधगया के कटोरवा के पास स्थित मोचारिम आहर में नहाने गई छह-सात बच्चियों में से दो बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। इनमें से दोनों बच्चियां तकरीबन 6-7 वर्ष की हैं। आहर से निकालकर कटोरवा के आदित्य मांझी की बेटी पूनम कुमारी और वीरेंद्र मांझी की बेटी मीरा कुमारी को बोधगया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने दोनों का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और शव को अपने साथ लेकर चले गए। घटना के संबंध में बताया गया कि जितिया के पारण को लेकर कटोरवा गांव के पास स्थित मोचारिम आहर में छह-सात बच्चियों के साथ पूनम और मीरा भी नहाने गई थीं। इसी दौरान गहरे पानी में जाने से पूनम और मीरा की डूबने से मौत हो गई। बोधगया थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मृत बच्चियों के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। वहीं नालंदा जिले में जिउतिया पर्व के पारण के दिन नदी में स्नान के दौरान डूबने से एक दंपत्ति और चार बच्चों समेत कुल छह लोगों की मौत हो गई। घटना अस्थावां, दीपनगर, मानपुर और छबीलापुर थाना क्षेत्रों की है। पर्व की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं। जिस मां ने अपने बच्चे की लंबी उम्र की कामना से व्रत रखा था उसी दिन तीन बच्चों की मौत से गांव और परिवार में कोहराम मच गया। दीपनगर थाना क्षेत्र के बियावानी गांव में 14 वर्षीय मोहित राज अपनी मां के साथ पंचाने नदी में स्नान करने गया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की और बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मानपुर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव में 12 वर्षीय पूनम कुमारी जीराइन नदी में डूब गई। परिवार के सदस्य स्नान कर घर लौट आए लेकिन पूनम नहीं पहुंची। खोजबीन के दौरान राहगीरों ने नदी में डूबी बच्ची को देखा। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। दरियापुर गांव के निकट सकरी नदी में नहाने गये जिले के नीमचक बथानी थाना क्षेत्र जगजीवनपुर गांव निवासी कारू पासवान का 12 वर्षीय पुत्र रंजय **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## जमीन विवाद में बड़े ने ले ली छोटे भाई की जान

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के दलेलगंज मोहल्ले में रविवार सुबह जमीन विवाद को लेकर बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना दरिगांव थाना क्षेत्र के दलेलगंज स्थित बर्फ फैक्ट्री के समीप की है। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दलेलगंज निवासी रवि पटवा का अपने छोटे भाई रोहित पटवा के साथ पिछले कई दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार सुबह किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान रवि पटवा ने रोहित पर चाकू से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दरिगांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सदर डीएसपी वन विप्लव कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भागलपुर-हंसडीहा फोरलेन का जल्द सीएम सम्राट करेंगे शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बांका।** भागलपुर-हंसडीहा फोरलेन परियोजना के संभावित शिलान्यास को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नौ अक्टूबर को संभावित आगमन को लेकर रविवार को एसडीएम राजकुमार ने एनएच अधिकारियों के साथ सिकंदरपुर पंचायत स्थित एनएच किनारे मरचून मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रस्तावित सभा स्थल और हेलीपैड की तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है। आधिकारिक कार्यक्रम की पुष्टि के बाद तैयारियों को और गति दी जाएगी। सभा



स्थल पर विशाल हैंगर बनाकर करीब 10 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा, यातायात, पेयजल, बिजली सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। एनएच के मुख्य अभियंता संजय कुमार भारती ने बताया कि भागलपुर से झारखंड सीमा स्थित भलजोर तक 67 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क का निर्माण दो चरणों में होगा। परियोजना पर कुल 1720 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पहले चरण में भागलपुर से खडहरा तक 857 करोड़ और दूसरे चरण में खडहरा से भलजोर तक 863 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण होगा। दोनों चरणों की निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ इंद्रजीत बैठा, बीडीओ हर्ष परासर, एनएच के सहायक अभियंता प्रवेश कुमार, विद्युत विभाग के जेई राहुल कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## थार और ट्रक की आमने-सामने टक्कर में दो की मौत, एक गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के अकबरनगर थाना क्षेत्र में मुंगेर-मिर्जा चौकी फोरलेन पर रविवार सुबह करीब 10:30 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। भवनाथपुर फोरलेन के पास महिंद्रा थार और ट्रक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में थार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को आनन-फानन में इलाज के लिए भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सफ़ेद रंग की महिंद्रा थार अकबरनगर की ओर से भागलपुर जा रही थी। इसी दौरान भवनाथपुर फोरलेन के पास भागलपुर से सुल्तानगंज की ओर तेज रफ्तार में जा रहे ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि थार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और अकबरनगर थाने को इसकी जानकारी दी। इसके बाद अकबरनगर थाने की पुलिस भी बल के साथ मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से क्षतिग्रस्त थार में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। फिलहाल मृतकों की पहचान और हादसे के सही कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

CMYK

# 27 हजार तालाब-पोखरों का हुआ जीर्णोद्धार

## वर्ष 2026-27 में 662 नए कार्यों का लक्ष्य, इसमें 628 हो चुके हैं पूरे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। वर्ष 2019 में शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन हरियाली मिशन के तहत करीब सात वर्षों में 27,036 सार्वजनिक पोखर और तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया है। इस बड़ी सफलता में ग्रामीण विकास विभाग की भूमिका सबसे अहम रही है जिसने अकेले ही 25,130 जल संरचनाओं का पुनरुद्धार कर ग्रामीण क्षेत्रों में जल सुरक्षा की मजबूत नींव रखी है। पर्यावरण में हुए तेजी से बदलाव की वजह से मानव जीवन को कई गंभीर चुनौतियों और कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वैसे समुदाय जो वर्षा जल रोककर सिंचाई, कृषि, पशुपालन के साथ-साथ दूसरे छोटे-मोटे उद्योग धंधों पर निर्भरशील है, उनकी समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। पर्यावरण और जलवायु असंतुलन संबंधी इन्हीं चुनौतियों से निपटने की मंशा से पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने वर्ष 2019 में बिहार में जल-जीवन-हरियाली अभियान की नींव रखी। इसके तहत तालाब, पोखर, पइन, आहर, कुआं आदि का जीर्णोद्धार, नव निर्माण के साथ-साथ सार्वजनिक जलस्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराने और उनके आसपास पौधरोपण का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। अलग-अलग विभागों के आपसी सामंजस्य में चलाए जा रहे इस मुहिम का ही परिणाम है बिहार की हरित आवरण 9 फीसदी से बढ़कर 16 फीसदी तक पहुंच चुका है और इसे बढ़ाकर 30 फीसदी तक करने का लक्ष्य है। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार जल-जीवन-हरियाली मिशन के तहत लघु जल संसाधन विभाग ने अभी तक 1,568, नगर विकास एवं आवास विभाग ने 280 और पंचायती राज विभाग ने 18 सार्वजनिक तालाबों व पोखरों का जीर्णोद्धार किया है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी इस अभियान को पूरी गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस वर्ष कुल 662 तालाबों और पोखरों के जीर्णोद्धार का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके विरुद्ध विभिन्न विभागों ने आपसी सामंजस्य में 723 स्थलों पर काम शुरू कराया है। प्रशासनिक तत्परता का ही परिणाम है कि निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले इस वर्ष अभी तक 628 तालाब और पोखरों का जीर्णोद्धार पूर्ण हो चुका है। बाकी के 74 जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। तालाब एवं पोखर के जीर्णोद्धार संबंधी विभागवार प्रगति पर नजर डालें तो मौजूदा वित्तीय वर्ष में ग्रामीण विकास विभाग ने 541 के लक्ष्य से भी आगे बढ़कर 669 कार्यों की शुरुआत की जिसमें से 581 कार्य अभी तक पूर्ण किए जा चुके हैं। इसी तरह लघु जल संसाधन विभाग ने 21 कार्य शुरू कर 20 पूरे किए हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग ने 33 तालाबों के जीर्णोद्धार के लक्ष्य का पीछा करते हुए 27 में कार्य पूरा कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि राज्य के अलग-अलग जिलों में पोखरों और तालाबों के जीर्णोद्धार से न केवल आसपास के भूजल स्तर में सुधार आया है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सिंचाई सुविधाओं और स्थानीय पर्यावरण को भी बहुत बड़ा बल मिला है।



**पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि आज हरित आवरण तेजी से बढ़ रहा है। आज बिहार जल और पर्यावरण संरक्षण के मामले में देश के सामने एक मिसाल पेश कर रहा है। जल-जीवन-हरियाली केवल एक योजना नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जीवनरेखा है। गांव-गांव में फैले पुराने तालाबों और पोखरों को पुनर्जीवित कर उनका संरक्षण करने से भूजल स्तर ऊपर उठ रहा है। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा की नई राह तैयार हुई है।**
**- श्रवण कुमार**
**ग्रामीण विकास एवं जन सम्पर्क मंत्री**

# युवाओं से निशांत कुमार का संवाद,एनडीए के सभी आठ प्रत्याशियों को जिताने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार के समर्थन में रविवार को पार्टी प्रदेश मुख्यालय में जुटे युवाओं से स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने संवाद किया। उन्होंने युवाओं से नीरज कुमार को प्रथम वरीयता क्रम का मत देकर विजयी बनाने की अपील की। संवाद के दौरान उन्होंने युवाओं से चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने और एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में मतदाताओं से संपर्क करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद निशांत कुमार ने उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज कुमार एनडीए समर्थित जदयू के प्रत्याशी हैं और पार्टी के कार्यकर्ता उनके समर्थन में पूरी मजबूती के साथ जुटे हैं। उन्होंने कहा कि नीरज कुमार के समर्थन में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है तथा प्रथम वरीयता के मत के माध्यम से उन्हें समर्थन दिया जाना चाहिए। निशांत कुमार ने अपने संबोधन में नीतीश कुमार के 20 वर्षों के कार्यकाल में हुए कार्यों का उल्लेख करते हुए विकसित बिहार के विजन को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बिहार में विकास की प्रक्रिया को निरंतर आगे ले जाने के लिए एनडीए के सभी आठ प्रत्याशियों के पक्ष में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने सभी आठ शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि बिहार विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। पटना स्नातक सीट पर जदयू ने नीरज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। नीरज कुमार के समर्थन में स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के खुलकर सामने आने से पार्टी के चुनावी अभियान को लेकर स्थिति स्पष्ट हुई है।

# बाढ़ में हुई जनहानि पर डॉ. प्रेम कुमार ने जताई गहरी संवेदना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ के कारण हुई जनहानि पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ की कठिन परिस्थिति में लोगों की जान जाना अत्यंत पीड़ादायक और दुखद है। डॉ. प्रेम कुमार ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोक-संतप्त परिवारों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को और तेज करने की आवश्यकता है, ताकि संकट में फंसे लोगों को समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने प्रशासन तथा राहत-बचाव दलों से प्रभावित क्षेत्रों में भोजन, पेयजल, दवा और अन्य जरूरी सामग्री शीघ्र पहुंचाने के साथ लापता लोगों की तलाश में हरसंभव प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में प्रशासनिक तंत्र के साथ समाज के सभी वर्गों को भी पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। डॉ. प्रेम कुमार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से भी सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि जलमग्न और बाढ़ प्रभावित इलाकों में अनावश्यक रूप से जाने से बचें तथा अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। उन्होंने आम लोगों से प्रशासन की ओर से जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और किसी भी आपात स्थिति में संबंधित अधिकारियों एवं राहत दलों को तत्काल सूचना देने का आग्रह किया।

# मधुप मणि पिक्कू बने अशोकनगर चित्रगुप्त परिषद के सचिव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। 55 वर्षों से भी अधिक पुरानी सामाजिक संस्था अशोकनगर चित्रगुप्त परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन आज आमसभा की बैठक में सर्वसम्मति से किया गया। आमसभा में संस्था के पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध एवं सर्वसम्मति से किया गया। आमसभा ने पत्रकार एवं समाजसेवी मधुप मणि 'पिक्कू' को संस्था के महत्वपूर्ण संवैधानिक पद सचिव के रूप में मनोनीत किया। वहीं संस्था के वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र कुमार को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, सचिव मधुप मणि 'पिक्कू', उपाध्यक्ष चितरंजन कुमार, उपाध्यक्ष गोविंद, कोषाध्यक्ष अलिंद वर्मा तथा अंकेक्षक राजेश कुमार सिन्हा का चयन किया गया। आमसभा में सदस्यों ने नई कार्यकारिणी से संस्था की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने, सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को मजबूत करने तथा सदस्यों के हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की। आमसभा में आगामी चित्रगुप्त पूजनोत्सव की तैयारी की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

# पूर्व से क्रियाशील 1731 केवाइपी केंद्रों को पूर्ववत शुरू कराने की मांग

## नियोजन भवन में आज जुटेंगे केंद्र संचालक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। कुशल युवा कार्यक्रम के पूर्व से संचालित 1,731 केंद्रों को पुनः शुरू करने और उनकी पूर्व निर्धारित इंटेक क्षमता बहाल करने की मांग को लेकर केवाईपी केंद्र संचालकों ने आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति तय कर ली है। 3 अक्टूबर को पटना में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक के बाद 4 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के केवाईपी केंद्र संचालकों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में केवाईपी केंद्रों के संचालन, इंटेक क्षमता में बदलाव तथा केंद्र संचालकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। वर्चुअल बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 5 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजे सभी केंद्र संचालक नियोजन भवन, पटना पहुंचेंगे और विभाग के समक्ष अपनी मांग रखेंगे। केंद्र संचालकों की मुख्य मांग है कि पूर्व से क्रियाशील सभी 1,731 केवाईपी केंद्रों को पूर्ववत संचालन की अनुमति दी जाए तथा उनकी पुरानी इंटेक क्षमता भी बहाल की जाए। केंद्र संचालकों का कहना है कि इन केंद्रों में पहले से आधारभूत संरचना, कंप्यूटर लैब और अन्य संसाधनों पर बड़ा निवेश किया गया है। ऐसे में इंटेक क्षमता कम किए जाने से केंद्रों की आर्थिक एवं संचालन संबंधी व्यवहार्यता प्रभावित होगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 5 अक्टूबर को विभाग को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपकर मांगों पर स्पष्ट निर्णय की मांग की जाएगी। केंद्र संचालकों ने चेतावनी दी कि यदि 1,731 केंद्रों को पूर्ववत शुरू करने और उनकी इंटेक क्षमता बहाल करने की मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे पुनः महा आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होंगे।

# इंजीनियर अवधेश कुमार सिंह का निधन सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने इंजीनियर अवधेश कुमार सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा है कि उनका निधन सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। वे समता पार्टी के स्थापना काल से ही हमारे साथ जुड़े रहे और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता एवं समर्पण के साथ लंबे समय तक सक्रिय भूमिका निभाते रहे। खगड़िया जिला समता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष के दायित्व से लेकर जिला परिषद सदस्य के रूप में निर्वाचित होकर उन्होंने जनसेवा को अपने जीवन का प्रमुख उद्देश्य बनाया। पटना इंजीनियरिंग कॉलेज से इंजीनियरिंग की स्नातक शिक्षा प्राप्त करने के बाद उनके सामने एक उज्ज्वल पेशेवर जीवन का अवसर था, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत सुख-सुविधा और नौकरी के बजाय समाजसेवा को अपना जीवन-ध्येय बनाया। जीवन के अंतिम समय तक वे समाज के कमजोर, गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहे।

# कैंसर और टीबी जैसी बीमारियों से लड़ने में जागरुकता सबसे जरूरी : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। कैंसर और टीबी जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव और इलाज में जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। लोगों को बीमारी के लक्षण, बचाव, जांच और उपलब्ध इलाज की जानकारी होगी, तभी वे समय पर अस्पताल पहुंच सकेंगे। ये बातें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने महावीर कैंसर संस्थान, पटना में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3250 (बिहार एवं झारखंड) द्वारा आयोजित कैंसर एवं टीबी जागरुकता व रोकथाम विषयक सेमिनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अपना काम तभी प्रभावी ढंग से कर सकते हैं जब मरीज समय पर उनके पास पहुंचे। इसके लिए खासकर ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सरल भाषा में स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी पहुंचाना जरूरी है। कोविड-19 महामारी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उस दौरान जागरुकता और प्रभावी संचार ने बीमारी से मुकाबले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसी तरह टीबी और कैंसर के खिलाफ भी व्यापक जनजागरुकता जरुरी है। राज्यपाल ने कहा कि टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी सरल भाषा में समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जरुरी है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाला हर मरीज सबसे पहले इंसान और भारतवासी है, इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए और हर मरीज की सेवा मानवता का भाव से की जानी चाहिए। उन्होंने बीमार एवं जरुरतमंद लोगों की सेवा को सबसे बड़ी सेवा बताते हुए रोटरी के प्रयासों की सराहना की तथा कैंसर एवं टीबी के प्रति जागरुकता बढ़ाने के इन प्रयासों को और व्यापक बनाने की अपील की। कार्यक्रम को जिला कैंसर व टीबी जागरुकता एवं रोकथाम समिति के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. एल बी सिंह, श्री महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव सायन कुणाल तथा रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3250 के जिला गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के अध्यक्ष रोटेरियन राजेश अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एक ही परिसर में सिमटेगा शिक्षा विभाग, बुद्ध मार्ग में बनेगा अत्याधुनिक विद्या भवन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। शिक्षा विभाग की तमाम गतिविधियां अब एक ही परिसर से संचालित करने की दिशा में पहल शुरू हो गई है। बुद्ध मार्ग स्थित टेक्स्ट बुक कार्यालय परिसर में बहुमंजिला विद्या भवन (शिक्षा भवन) का निर्माण कराया जाएगा। प्रस्तावित भवन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा और इसकी डिजाइन इस तरह तैयार की जाएगी कि वर्तमान के साथ-साथ भविष्य में विभाग की बढ़ती जरूरतों को भी पूरा किया जा सके। विद्या भवन के निर्माण के बाद शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यालयों और निदेशालयों को एक ही भवन में स्थान मिल सकेगा। इससे विभागीय कामकाज को एक स्थान पर समेकित करने में मदद मिलेगी। भवन के निर्माण में गुणवत्ता के मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। विद्या भवन को केवल वर्तमान कार्यालयी जरूरतों को ध्यान में रखकर नहीं बनाया जाएगा, बल्कि आने वाले वर्षों में शिक्षा विभाग के विस्तार और कार्यप्रणाली में होने वाले बदलावों को भी ध्यान में रखा जाएगा। भवन की डिजाइन, कार्यालयों की व्यवस्था और उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं को इसी आधार पर विकसित किया जाएगा। आधुनिक आधारभूत सुविधाओं से युक्त यह भवन शिक्षा विभाग के लिए एक केंद्रीकृत प्रशासनिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

# गांधी आश्रम विक्रम को पर्यटन स्थल घोषित करने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। गांधी आश्रम विक्रम, पटना में गांधी जी के आगमन के 100वर्ष के अवसर पर आयोजित पखवारा में बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि इतिहास ब्यक्ति का होता है और स्थान का भी। गांधी आश्रम विक्रम वह स्थल है कि वे अपने गौरव का गाथा खुद कहता है क्योंकि यहां गांधी जी 3बार आए। इनके साथ देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद, मौलाना मजरुल हक, स्वामी सहजानंद जैसे विद्वान लोग उनके साथ थे। इस क्षेत्र के दर्जनों व्यक्ति में आजादी के आंदोलन में भाग लिया। कई लोगों ने अपनी कुर्बानी दी। मानव जोड़ो अभियान के संयोजक कृष्णकांत ने कहा कि बापू विक्रम में उस समय आए, जिस समय बापू ने महिला चरखा संघ की स्थापना किए थे। उन्होंने कहा कि गांधी आश्रम विक्रम पूर्ण नशाबंदी के लिए कार्य करें। लोक समिति के संयोजक सत्येंद्र भाई ने कहा कि शहीदों का यह स्थल गांधी आश्रम हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह जमीन का एक टुकड़ा मात्र नहीं है बल्कि हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक और समर्पण का विरासत है। विषय प्रवेश कराते हुए आयोजन समिति के संयोजक शशांक शेखर मिश्र ने कहा कि गांधी जयंती, गांधी आश्रम विक्रम में 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा, नाटक कार, सामाजिक कार्यकर्ता, किसान, युवा भाग ले रहे हैं और गांधी जी संदेश अहिंसा, शांतिमयता, कौमी एकता, नशाबंदी आदि अपने जीवन में उतारने का शपथ ले रहे हैं। स्वागत भाषण अरुण भाई, अध्यक्षता उमेश यादव के अलावे प्रिंस कुमार, सजन कुमार, नवल शर्मा, चंदन कुमार, रामेश्वर प्रसाद के अलावे कई साथियों ने उपस्थित होकर अपना विचार व्यक्त किया।

# बिहार की वित्तीय स्थिति पर राजनीति नहीं, तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर बात करें तेजस्वी : श्याम सुन्दर शरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता श्याम सुन्दर शरण ने तेजस्वी यादव के बिहार में अगले छह महीनों में वित्तीय संकट आने संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति पर किसी भी निष्कर्ष से पहले बजट के वास्तविक आंकड़ों को देखना आवश्यक है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में 3.47 लाख करोड़ से अधिक के व्यय का प्रावधान है। सरकार ने विकास एवं जनकल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के लिए आवश्यक वित्तीय प्रावधान किए हैं। श्री शरण ने कहा कि राज्य पर कर्ज होना और वित्तीय संकट की स्थिति एक ही बात नहीं है। बजट दस्तावेज में राजकोषीय घाटे और सार्वजनिक ऋण की स्थिति स्पष्ट रूप से दर्ज है। सरकार वित्तीय अनुशासन के साथ सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, ग्रामीण विकास और अन्य बुनियादी क्षेत्रों में निवेश कर रही है। ऐसे में राज्य की वित्तीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करने के साथ-साथ उसके समर्थन में ठोस आंकड़े भी सार्वजनिक किए जाने चाहिए, ताकि जनता के सामने वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। उन्होंने कहा कि विपक्ष को सरकार की वित्तीय नीतियों पर सवाल उठाने का पूरा अधिकार है, लेकिन ऐसे गंभीर विषय पर राजनीतिक आरोपों के बजाय तथ्य और आंकड़े सामने रखना अधिक उपयोगी होगा। बिहार सरकार विकास की प्राथमिकताओं और उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के बीच संतुलन बनाकर आगे बढ़ रही है।

# राज्य की कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक और नक्सली गतिविधियों पर रोकथाम के लिए 50 नए ड्रोन खरीदेंगे मुख्यमंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार राज्य के कानून व्यवस्था ट्रैफिक और नक्सली गतिविधियों पर पूरी तरह से रोकथाम के लिए 50 नए ड्रोन की खरीदी करेगी। ये ड्रोन शादी ब्याह में दिखने वाले साधारण ड्रोन नहीं होंगे। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक ड्रोन की कीमत एक दो लाख रुपये नहीं बल्कि पूरे 49 लाख रुपये होगी। इस बड़ी खरीद को लेकर बिहार की सम्राट चौधरी सरकार ने मंजूरी भी दे दी है जिस तरह से राज्य में ट्रैफिक की समस्याएं आ रही हैं, साथ ही साथ कानून व्यवस्था को लेकर रोज नए-नए खामियां उजागर हो रही हैं। इसके बाद राज्य सरकार ने इस खरीद को मंजूरी दी है। इन 49 लाख रुपये वाले हाईटेक ड्रोन के माध्यम से कानून व्यवस्था को मजबूत करना मकसद है। इससे सुदूर इलाकों में ड्रोन के माध्यम से निगरानी करना आसान हो जाएगा। तस्वीरें एकदम साफ मिलेंगी। वहीं इन ड्रोन के जरिए प्रशासन बहुत ही ज्यादा ऊंचाई से बिना किसी को पता चले हर गतिविधि पर नजर रखेगा। इन ड्रोन के जरिए नक्सली गतिविधियों पर रोक लगाना और ड्रोन के माध्यम से ही ट्रैफिक व्यवस्था को पूरे तरह से सुचारू करना भी आसान हो जाएगा। बिहार सरकार इसी दिशा में काम कर रही है। बिहार कैबिनेट ने पुलिस आधुनिकरण के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस तरह के कुल 50 हाईटेक ड्रोन खरीदे जाएंगे जिसमें 24 करोड़ 50 लाख रुपयों की राशि खर्च की जाएगी। इन ड्रोन के माध्यम से भीड़ नियंत्रण, यातायात नियम उल्लंघन की निगरानी करना, दियारा नदी क्षेत्र में और नक्सली विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाना और क्राइम के बाद फौरन अपराधियों का पता लगाना आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लगातार इस बात को कह रहे हैं कि बिहार पुलिस को पूरी तरह से संसाधनों से सुदृढ़ किया जाएगा, उस दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है। बिहार में कई ऐसे दुर्गम क्षेत्र है जहां पर पुलिस की पहुंच नहीं है। वहां पर गश्त से लेकर एक्शन तक में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन ड्रोन के माध्यम से उन क्षेत्रों की सतत निगरानी की जाएगी और उस क्षेत्र में भी पूरी तरह से नक्सली गतिविधियों को रोका जाएगा। साथ ही साथ कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

# पैरा तैराक शम्स आलम का एशियन पैरा गेम्स के लिए भारतीय दल में चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के पैरा तैराक शम्स आलम का चयन जापान में 18 से 24 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले एशियन पैरा गेम्स-2026 के लिए भारतीय दल में हुआ है। इस प्रतियोगिता में वे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। शम्स आलम के अनुसार एशियन पैरा गेम्स के लिए यह उनका लगातार तीसरा चयन है। उन्होंने बताया कि बिहार से लगातार तीन बार एशियन पैरा गेम्स के लिए चयनित होने वाले वे पहले पैरा तैराक हैं। यह उपलब्धि राज्य के लिए गौरव का विषय है। आलम का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय खेल प्रदर्शन रहा है। वर्ष 2018 में आयोजित इंडियन ओपन पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप में उन्होंने चार स्वर्ण पदक प्राप्त किए। वर्ष 2016 में गैटिनो, क्यूबेक, कनाडा में आयोजित कैन-एम पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप में उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने 2018एशियन पैरा गेम्स, जकार्ता, इंडोनेशिया तथा एशियन पैरा गेम्स, जकार्ता, इंडोनेशिया याई वर्ल्ड पैरा तैराकी चैंपियनशिप, मदीरा, पुर्तगाल, 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। खेल के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें 3 दिसंबर 2021 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा 'दिव्यांग सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

# दुबई में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर केसीएस फाउंडेशन ने किया 27 युवा प्रतिभाओं का सम्मान

## केसीएस फाउंडेशन के यूथ एम्पावरमेंट एंड सर्विसेज अवॉर्ड्स 2026 में शिक्षा, नेतृत्व और सामाजिक योगदान को मिली वैश्विक पहचान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक विकास के क्षेत्र में कार्यरत बिहार की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था केसीएस फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर दुबई में यूथ एम्पावरमेंट एंड सर्विसेज अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन किया। समारोह में विभिन्न देशों और क्षेत्रों से चयनित 27 मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा, नेतृत्व, नवाचार और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन यूनेस्को द्वारा निर्धारित वर्ष 2026 की थीम लिटरेसी फॉर पीपल, द प्लानेट एंड प्रोसपेरिटी के अनुरूप किया गया। वक्ताओं ने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदार नागरिकता, सतत विकास और समावेशी समाज के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और भविष्य के नेतृत्व के निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। यूथ एम्पावरमेंट एंड सर्विसेज अवॉर्ड्स 2026 के लिए विश्वभर से बड़ी संख्या में नामांकन प्राप्त हुए थे। प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के उपरांत 27 विद्यार्थियों का चयन किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों, नेतृत्व क्षमता, नवोन्मेषी सोच, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा अपने समुदायों के लिए किए गए सतत और मापनीय योगदान के आधार पर सम्मानित किया गया। समारोह का नेतृत्व डॉ. पंकज झा, डॉ. गौतम कुमार, डॉ. मेनका शेखर और डॉ. संजीत झा ने किया। आयोजकों ने कहा कि केसीएस फाउंडेशन शिक्षा, साक्षरता, युवा सशक्तिकरण और सामुदायिक सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और यूथ एम्पावरमेंट एंड सर्विसेज अवॉर्ड्स इसी उद्देश्य की एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन के कार्यकारी निदेशक (मध्य क्षेत्र) प्रभात कुमार झा तथा भारतीय महावाणिज्य दूतावास, दुबई के काउंसल (शिक्षा) पवित्र कुमार मजूमदार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा और साक्षरता ही युवाओं को समाज और राष्ट्र निर्माण में सार्थक भूमिका निभाने के लिए सक्षम बनाती है। इस अवसर पर बांके इंटरनेशनल के पोरुष झुनझुनवाला, डेलॉइट के भूपेश कौर एवं अनीशा जैसिंघानी, मानवता फाउंडेशन के अनिल झा, अल्ट्रिया ग्लोबल के सिद्धांत झुरानी तथा प्रेरक वक्ता अमर चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों की भावना को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन और समन्वयन साइबर सुरक्षा अभियंता तन्निश गौतम, जुमेराह कॉलिज, दुबई की हेड ऑफ चैरिटी रिया सारा कॉर्नेल, हेड गर्ल सिद्धली मैरी मैथ्यू तथा छात्रा क्रिस्टन गैब्रिएला वैलेंस ने किया। इनके प्रयासों से कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित, प्रभावशाली और सहभागितापूर्ण रहा।

# ओडीएफ के आठ साल बाद भी दुर्गावती में खुले में शौच का सवाल, सड़कों के किनारे दिख रही गंदगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती (कैमूर)।** स्वच्छता को लेकर सरकारी योजनाओं और जागरूकता अभियानों पर वर्षों से करोड़ों रुपये खर्च किए गए। हर घर में शौचालय निर्माण से लेकर उसके नियमित उपयोग के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों और स्वच्छता कर्मियों के स्तर पर लोगों को जागरूक किया गया। शौचालय निर्माण कराने वाले पात्र लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 12 हजार रुपये तक की राशि भी बैंक खातों के माध्यम से दिए जाने की व्यवस्था रही है। इसके बावजूद दुर्गावती प्रखंड के कुछ इलाकों में खुले में शौच और सड़कों के किनारे गंदगी की स्थिति सामने आना स्वच्छता व्यवस्था की जमीनी स्थिति को लेकर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार जीटी रोड के आसपास के क्षेत्रों के अलावा कई ग्रामीण सड़कों और गांवों के समीप खुले में शौच के कारण गंदगी दिखाई दे रही है। कई स्थानों पर मल-मूत्र जमा होने से दुर्गंध की स्थिति बनी रहती है। सुबह टहलने निकलने वाले महिला, पुरुष और बच्चों को भी ऐसे स्थानों से गुजरने के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ता है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब घर-घर शौचालय निर्माण को लेकर अभियान चलाया गया और प्रखंड की पंचायतों को खुले में शौच मुक्त यानी ओडीएफ घोषित किया गया तो कुछ स्थानों पर आज भी खुले में शौच की स्थिति क्यों दिखाई दे रही है। क्या सभी परिवारों के पास शौचालय की सुविधा उपलब्ध है? यदि शौचालय बने हैं तो क्या उनका नियमित उपयोग हो रहा है? कहीं शौचालय निर्माण अधूरा तो नहीं है? अथवा कुछ परिवारों में शौचालय उपलब्ध होने के बावजूद व्यवहार में बदलाव नहीं आया है? इन सवालों का वास्तविक जवाब पंचायतवार सर्वेक्षण और स्थलीय जांच के बाद ही सामने आ सकता है। जानकारी के अनुसार, 29 सितंबर 2018 को दुर्गावती प्रखंड की सभी पंचायतों को खुले में शौच मुक्त घोषित किए जाने के अवसर पर प्रशासन की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उस समय स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया गया था। कार्यक्रम में आम लोगों, स्कूली बच्चों, महिला-पुरुषों, पंचायत प्रतिनिधियों और प्रखंड कर्मियों ने स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता जताई थी। लोगों को शौचालय का नियमित उपयोग करने तथा परिवार की आवश्यकता बढ़ने पर जरूरत के अनुसार शौचालय निर्माण कराने के लिए प्रेरित किया गया था। उस दौरान यह संदेश भी दिया गया था कि ओडीएफ की घोषणा केवल शौचालय निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी वास्तविक सफलता लोगों के व्यवहार में बदलाव और शौचालय के नियमित इस्तेमाल से होगी। अब सड़कों और गांवों के आसपास खुले में शौच की शिकायतें सामने आने के बाद ओडीएफ अभियान के वास्तविक प्रभाव की समीक्षा की जरूरत महसूस की जा रही है। हालांकि केवल कुछ स्थानों पर गंदगी मिलने के आधार पर पूरे प्रखंड की स्वच्छता व्यवस्था पर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। वास्तविक स्थिति जानने के लिए पंचायतवार सर्वेक्षण, शौचालयों की उपलब्धता और उपयोग की जांच तथा खुले में शौच वाले स्थानों का स्थलीय सत्यापन जरूरी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे स्थानों को चिह्नित कर नियमित निगरानी की जाए। साथ ही, जहां शौचालय उपलब्ध नहीं हैं, वहां पात्र परिवारों की पहचान कर सुविधा उपलब्ध कराने तथा जहां शौचालय बने हैं लेकिन इस्तेमाल नहीं हो रहा, वहां व्यवहार परिवर्तन को लेकर दोबारा जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

**शिकायतें मिली हैं, जल्द बनेगी रणनीति : आलोक कुमार**

इस संबंध में संबंधित विभाग के प्रखंड समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि खुले में शौच और सड़कों के किनारे गंदगी फैलने की शिकायतें मिल रही हैं। समस्या के समाधान के लिए जल्द ही पंचायत प्रतिनिधियों और स्वच्छता कर्मियों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों को खुले में शौच से रोकने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# एलओए मिलने के बाद भी नहीं शुरू हुआ पुल निर्माण, नगरवासियों ने दिया धरना

## मांगें पूरी नहीं होने पर रेलवे कार्यालयों के घेराव की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रस्तावित पुल निर्माण के लिए एलओए (लेटर ऑफ अवार्ड) मिलने के बावजूद अब तक कार्य शुरू नहीं होने से नगरवासियों में नाराजगी है। पुल निर्माण शीघ्र शुरू कराने की मांग को लेकर समाजसेवी राजन राज के नेतृत्व में नगरवासियों ने एकदिवसीय धरना दिया। धरनार्थियों ने आरोप लगाया कि रेलवे अधिकारियों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिए जाने के कारण पुल निर्माण में विलंब हो रहा है। धरनार्थियों ने हस्ताक्षरित मांग पत्र के माध्यम से तीन प्रमुख मांगें रखीं। इसमें पुल निर्माण पूरा होने तक वैकल्पिक मार्ग को पिच एवं कंक्रीट आवागमन योग्य बनाने, पैदल यात्रियों के लिए रेलवे ट्रैक पार करने की सुरक्षित व्यवस्था करने तथा एलओए की निर्धारित समय सीमा को देखते हुए शीघ्र पुल निर्माण शुरू कराकर आम लोगों के लिए खोलने की मांग शामिल है।

धरना दे रहे लोगों ने कहा कि पुल निर्माण में लगातार हो रही देरी से नगरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। साथ ही रेलवे सहित संबंधित जिम्मेदार कार्यालयों का घेराव कर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई। धरना में राजन राज, बबल कश्यप, अमित कुमार सिंह, जुनैद अंसारी, भुलन मिर्जा, मोनू पांडेय, सन्नी, मो. नेयाज सहित अन्य नगरवासी उपस्थित थे।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन सख्त, 30 वाहनों से वसूला जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** नगर परिषद् बिक्रमगंज अंतर्गत तेंदुनी चौक पर यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में विशेष अभियान चलाया गया। पूर्व में जारी निर्देशों के बावजूद बस, ऑटो, टेम्पो एवं अन्य वाहनों द्वारा निर्धारित स्थान एवं यातायात नियमों का अनुपालन नहीं किए जाने को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने जांच एवं कार्रवाई की। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 30 वाहनों से जुर्माना वसूल किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित वाहन चालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि तेंदुनी चौक एवं उसके आसपास निर्धारित यातायात व्यवस्था का अनिवार्य रूप से पालन करें तथा सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा कर यातायात बाधित न करें, बसों को निर्धारित बस स्टैंड का उपयोग करने तथा ऑटो, टेम्पो सहित अन्य यात्री वाहनों को निर्धारित स्थल से ही यात्रियों का आवागमन कराने का निर्देश दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने अथवा पूर्व में दिए गए निर्देशों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी नियमित रूप से जांच एवं दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आम लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल सके और शहर में यातायात सुचारू रूप से चल सके। उक्त अभियान के दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे जिन्होंने मौके पर मौजूद रहकर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित कराया और नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की।

# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान सुसाढ़ी गांव निवासी कन्हैया सेठ के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह ढोलन टोला गांव के पास भोजपुर रजवाहा नहर पुल के पास यह हादसा हुआ था। कन्हैया सेठ अपनी लूना गाड़ी से सूर्यपुरा स्थित ससुराल मेला देखने जा रहे थे। इसी दौरान ढोलन टोला नहर पुल के पास उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें एंबुलेंस से बिक्रमगंज अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया, देर रात वाराणसी में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि कन्हैया सेठ सूर्यपुरा निवासी विजय सेठ के रिश्तेदार थे और ससुराल में मेला देखने के लिए आ रहे थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया, ससुराल में भी शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# काव नदी में डूबी 12 वर्षीय अंशु का शव बरामद, दूसरी बच्ची की तलाश जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** जीवित्पुत्रिका (जिउतिया) पर्व पर स्नान के दौरान काव नदी में डूबी दो बच्चियों में से एक का शव बरामद कर लिया गया है। मृतका की पहचान धवईं गांव निवासी जितेंद्र सिंह की 12 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी के रूप में हुई है। रविवार को एसडीआरएफ और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से उसका शव नदी से निकाला गया। अंशु का शव गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया और मातम छा गया। शव देखते ही उसकी दादी धनपति देवी बेसुध हो गईं और बार-बार अंशु का नाम पुकारते हुए कह रही थीं कि पुल के नीचे मेरी नातिन बैठी है, पोती की मौत का सदमा दादी सह नहीं पा रही थीं, वहीं परिजनों के रोने-बिलखने से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। इस हृदयविदारक घटना में धवईं गांव की ही 10 वर्षीय काजल कुमारी भी नदी में बह गई थी जिसकी तलाश एसडीआरएफ और गोताखोरों द्वारा अभी भी जारी है। घटना की सूचना मिलते ही दावथ के अंचलाधिकारी गौरव कुमार और थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियारा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अंशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है। दावथ सीओ गौरव कुमार ने बताया कि अंशु का शव पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया है और इस घटना में डूबी दोनों बच्चियों के परिजनों को आपदा राहत कोष से चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि देने के लिए जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी, वहीं दूसरी बच्ची काजल की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम लगातार नदी में सर्च अभियान चला रही है।

# अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए टीम रवाना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जवाहरलाल नेहरू कॉलेज डिहरी ऑन-सोन (रोहतास) के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए महाविद्यालय की टीम खिलाड़ियों को महाविद्यालय के बड़सर डॉक्टर फरीद आलम, हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ नीलम पाल, बीबीए अध्यक्ष डॉक्टर कन्हैया कुमार सिंह, एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट सच्चिदानंद सिंह, दिवाकर पाठक, जितेंद्र कुमार सिंह आदि ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। साथ-साथ टीम मैनेजर डॉ अभिषेक कुमार एवं टीम के सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# नाबालिग के लापता होने की जांच में दादा पर गंभीर आरोप, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**चांद (कैमूर)।** नाबालिग के लापता होने के मामले की जांच के दौरान चांद थाना पुलिस ने गंभीर आरोपों का खुलासा करते हुए उसके दादा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार जांच में नाबालिग के साथ लंबे समय से कथित यौन शोषण किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक नाबालिग के लापता होने के बाद उसके दादा ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदन के आधार पर चांद थाना कांड संख्या 420/26, 1 अक्टूबर 2026 को बीएनएस की धारा 137(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए और नाबालिग को बेलांव थाना क्षेत्र के तरांव गांव से बरामद किया। पुलिस का कहना है कि पीड़िता के बयान और जांच के दौरान सामने आए अन्य तथ्यों के आधार पर उसके दादा पर लंबे समय से घर में नाबालिग के साथ कथित दुष्कर्म और शोषण किए जाने के आरोप सामने आए। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी के वादी को ही मामले में आरोपी मानते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

# बाढ़ के पानी में डूबकर युवती की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के परसा थाना क्षेत्र में बाढ़ के पानी में डूबकर एक युवती की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चकसहबाज गांव निवासी मनोज राय की पुत्री रागिनी कुमारी(20) अपने घर में अकेली थी। इस दौरान उसके घर में बाढ़ का पानी घुस गया जिसके कारण उसने सभी आवश्यक सामान घर की छत पर पहुंचाने के बाद स्वयं सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए घर से निकली और बाढ़ के पानी में डूब गई। जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# कचनामा गांव में वार्ड सदस्य के पति की चाकू-रॉड से हत्या, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** मखदुमपुर थाना क्षेत्र के कचनामा गांव में रविवार को अपराधियों ने वार्ड के पति कमलेश कुमार 32 वर्ष की चाकू और रॉड से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल बन गया। हत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार कमलेश कुमार शनिवार की रात अपने घर के निचले कमरे में सोए हुए थे जबकि उनकी पत्नी सह वार्ड सदस्य कंचन सिंह और बच्चा छत पर बने कमरे में सो रहे थे। रविवार की सुबह बच्चा अपने पिता को जगाने नीचे गया तो कमलेश को खून से लथपथ पाया। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने अपराधियों की गिरफ्तारी और वरीय अधिकारियों को बुलाने की मांग को लेकर कचनामा पुल के समीप सागरपुर-मखदुमपुर सड़क को करीब पांच घंटे तक जाम रखा। इसके बाद ग्रामीण मखदुमपुर पहुंचे और प्लेया के पास एनएच-22 को भी करीब एक घंटे तक जाम कर दिया। सूचना पर एसडीपीओ-2 कीर्ति कमल समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया और जाम हटवाया।

# धारदार हथियार से भाई की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम के नगर थाना क्षेत्र के दलेलगंज में बड़े भाई ने छोटे भाई की धारदार हथियार से हत्या कर दी। मृतक का नाम रोहित पटवा था। उसके बड़े भाई रवि पटवा ने घर में सब्जी काटने वाला हसुआ फसुल से उस पर हमला कर रोहित को मौत के घाट उतार दिया। बताया जाता है कि पारिवारिक विवाद में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने आरोपी रवि पटवा को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि यह लोग गोला बाजार में जितिया पर्व पर माला, कलावा, बद्धी आदि बेचने का काम करते हैं। इनकी माता कल जितिया का व्रत भी की थी। बताया जाता है कि रात में दोनों भाइयों के बीच विवाद हो गया और इस विवाद में रवि पटवा ने अपने छोटे भाई पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बता दे कि वह आज सुबह अपने भाई की हत्या के बाद उसके शव को अंतिम संस्कार करने के लिए प्रयास कर रहा था। वह बाजार से कफन आदि भी खरीद कर ले आया था, लेकिन जैसे ही पुलिस को सूचना मिली पुलिस मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# एटीएम को कटर से काट लाखों रुपए की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम के नगर थाना क्षेत्र के कुराईच में आईडीबीआई के एटीएम में चोरी हो गई। बताया जाता है कि चोरों ने एटीएम के शटर के ताला को काटकर अंदर घुसे तथा एटीएम को कटर से काट दिए तथा लाखों रुपए की कैश की चोरी कर ली गई है। चूंकि अभी चोरी हुए नगद का मिलान नहीं हुआ है, इसलिए स्पष्ट रूप से बताया नहीं जा रहा है, लेकिन जैसा की जानकारी मिली है, चोरों ने लाखों रुपए उड़ा लिए हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना लगभग 3 बजे सुबह की है। क्योंकि 2:30 बजे के रात के आसपास पुलिस गश्ती की गाड़ी इधर से गुजरी थी।

# रोहतास पुलिस अधीक्षक का जनता दरबार अब दो जगह, दिन निर्धारित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जनसमस्याओं के शीघ्र निवारण के लिए रोहतास पुलिस अधीक्षक द्वारा अब जिले के दो कार्यालयों में जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। रोहतास पुलिस द्वारा जारी सूचना के अनुसार डिहरी कार्यालय में सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को जनता दरबार लगेगा जबकि सासाराम कार्यालय में मंगलवार और शनिवार को शिकायतों की सुनवाई होगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा जन शिकायत निवारण सुनवाई नियमित रूप से की जाती है। अब तक यह केवल डिहरी स्थित कार्यालय में होती थी, लेकिन अब सासाराम स्थित कार्यालय में भी यह व्यवस्था शुरू की गई है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी शिकायतें निर्धारित दिवस और स्थान पर उपस्थित होकर पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखें, ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# दुर्गा पूजा को लेकर आयरकोठा थाने में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढी गोला (रोहतास)।** दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को देर शाम आयरकोठा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य, जनप्रतिनिधि तथा समाजसेवी उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष ने सभी पूजा समितियों को सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र और स्वयंसेवकों की तैनाती अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और डीजे पर प्रतिबंध को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में कुल 10 जगह इस बार दुर्गा पूजा हो रही है।

# नाली-गली की समस्या गंभीर, कीचड़ में चलने को ग्रामीण मजबूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नरैना पंचायत के कई गांवों में नाली-गली की समस्या गंभीर बनी हुई है। पंचायत के नरैना, सेमरी, किशनपुरा समेत कई गांवों में सड़क पर जलजमाव और कीचड़ के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश और घरों से निकलने वाला पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। इससे रास्ते कीचड़ में तब्दील हो जाते हैं और लोगों को मजबूरी में उसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को होती है। ग्रामीणों का आरोप है कि नाली-गली की समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। लोगों का कहना है कि समस्या के समाधान के बजाय लगातार टालमटोल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि पंचायत के प्रभावित गांवों में नाली निर्माण, जल निकासी और सड़कों के सुधार के लिए जल्द ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को कीचड़ और जलजमाव की समस्या से राहत मिल सके। अब सवाल यह है कि आखिर कब तक नरैना पंचायत के ग्रामीण कीचड़ भरे रास्तों से गुजरने को मजबूर रहेंगे और कब इस समस्या का स्थायी समाधान होगा।

# दशम युवा इतिहासकार राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

## 26 राज्यों के 400 प्रतिनिधि हुए शामिल, लघु भारत बना सासाराम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** माधव संस्कृति न्यास, नई दिल्ली, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली एवं गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दशम युवा इतिहासकार राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार परिसर में समापन हो गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय 'इतिहास लेखन की भारतीय परम्परा' था। समारोह सत्र की अध्यक्षता आई सी एच आर के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर अरविन्द जमखेडकर ने की। कार्यक्रम का संचालन व विषय प्रवर्तन संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. राम प्रकाश शर्मा ने किया। अतिथि परिचय डॉ. मुकेश कुमार ने कराया। द्वि दिवसीय संगोष्ठी का का प्रतिवेदन क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुरेश पाण्डेय ने प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन के अनुसार संगोष्ठी में कुल 26 राज्यों से 416 प्रतिनिधि ने प्रतिभाग किया और अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में कई विश्वविद्यालयों के कुलपति, बिहार राज्य के कई मंत्री, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि और प्रोफेसर्स सम्मिलित हुए। समापन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व कुलपति प्रोफेसर रजनीश शुक्ल ने वक्तव्य दिया उन्होंने इतिहास के लेखन में भारतीय दृष्टि अपनाने का आग्रह किया। मार्गदर्शन के रूप में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय श्री हर्ष ने मार्गदर्शक वक्तव्य प्रदान किया। संगठन के महासचिव हेमंत धीग मजूमदार ने संगठन के उद्देश्यों को रेखांकित किया। कार्यक्रम के आयोजन में युवा इतिहासकार परिषद के राष्ट्रीय प्रमुख डॉ. विकास कुमार सिंह, समन्वयक डॉ. राम प्रकाश शर्मा, संयोजक डॉ मुकेश कुमार की मुख्य भूमिका रही। आवास व सत्र संयोजन की व्यवस्था डॉ. विकास कुमार सिंह, यातायात समिति व मंच सज्जा व संचालन की व्यवस्था डॉ. राम प्रकाश शर्मा ने सम्हाली। स्मारिका का संपादन इतिहास संकलन समिति दक्षिण बिहार की ओर से बिहार से राष्ट्रीय सचिव प्रोफेसर राजीव रंजन, प्रान्त अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार, प्रान्त महासचिव डॉ. शैलेश कुमार, प्रान्त कोषाध्यक्ष डॉ. सूर्यनारायण प्रसाद, हे गोयल आदि ने किया। दीपक सिंह, सूरज सिंह सासाराम, रोशन पाण्डेय, शिवम पाटीदार ने यातायात व्यवस्था में सहयोग किया। मीडिया समिति में रोशन कुमार, प्रशांत कुमार व आकाश कुमार ने सहयोग किया। आवास व्यवस्था में अभिषेक सिंह, सत्यम आदि ने सहयोग किया। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय से कृष्णा साहू, डॉ. मयंक राय, रवि रंजन, रोशन सिंह, पिंटू कुमार, संजय कुमार, अंकित कुमार, मनीष कुमार आदि ने सहयोग किया। पंजीकरण व किट वितरण में दिल्ली से डॉ. अस्मित शर्मा व राजीव मिश्र ने सहयोग किया। समारोह में केंद्रीय युवा इतिहासकार टोली, नई दिल्ली से से डॉ. रत्नेश त्रिपाठी, डॉ. नरेंद्र शुक्ल, डॉ. निर्मल पाण्डेय, डॉ. प्रदीप उपाध्याय सहित विभिन्न राज्यों के युवा इतिहासकार प्रमुख आदि सम्मिलित हुए।

# 18 साल के प्रतिनिधित्व पर डॉ. अनुज का हमला, बोले- नवादा में एक भी शिलापट्ट नहीं दिखता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (नवादा)।** पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जनसुराज के प्रत्याशी डॉ. अनुज कुमार ने रविवार को अकबरपुर संगत परिसर में स्नातक मतदाताओं एवं समर्थकों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने वर्तमान स्नातक एमएलसी के 18 वर्षों के कार्यकाल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय से प्रतिनिधित्व करने के बावजूद नवादा जिले में उनके नाम का एक भी विकास कार्य का शिलापट्ट दिखाई नहीं पड़ता। डॉ. अनुज कुमार ने कहा कि नवादा के साथ नालंदा और पटना जिले के स्नातक बेरोजगारों की समस्याओं को विधान परिषद में प्रभावी ढंग से नहीं उठाया गया। स्नातक विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था कराने अथवा बेरोजगारी भत्ता दिलाने की दिशा में भी कोई ठोस पहल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पांच साल के कार्यकाल में जनता के बीच लगातार रहने की जरूरत है, लेकिन चुनाव के समय ही मतदाताओं से संपर्क बढ़ जाता है। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि इस बार अपने जिले के बेटे को प्रतिनिधित्व करने का अवसर दें। सरकार से मिलने वाली विकास राशि को पारदर्शी तरीके से क्षेत्र की जरूरत के अनुसार खर्च कराने और कार्यों की जानकारी जनता के बीच रखने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में वे लगातार प्रयासरत हैं और नवादा में विश्वविद्यालय खुलवाने में भी उनकी भूमिका रही है। डॉ. अनुज ने कहा कि नवादा से अब तक लोकसभा समेत विभिन्न चुनावों में कई बार बाहरी लोगों को मौका मिला, लेकिन जीत के बाद वे जनता के बीच नियमित रूप से नहीं पहुंचते। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें प्रतिनिधित्व का मौका मिला तो वे प्रखंड और जिले के बेटे के रूप में हमेशा स्नातक मतदाताओं के साथ खड़े रहेंगे और उनकी समस्याओं को सदन से सड़क तक उठाने का काम करेंगे।

# पारंपरिक परिधानों में लोक गायन कर बिखेरी क्षेत्रीय महक, जीता दिल

## भारत विकास परिषद नवादा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भक्ति और लोक संस्कृति का रहा बोलबाला



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारत विकास परिषद की नवादा इकाई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में मिर्जापुर स्थित मॉडर्न रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने बाजी मारी। नवादा सदर प्रखंड के माधो बीघा में संचालित दयाल पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय की छात्राएं इस प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहीं। हिंदी गीत, संस्कृत गीत के साथ क्षेत्रीय लोकगीत की श्रेणी में पांच टोलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। इनमें पार नवादा स्थित दयाल पब्लिक स्कूल और वारिसलीगंज प्रखंड के बागी बरडीहा में संचालित सैनफोर्ड पब्लिक स्कूल के छात्राओं की प्रस्तुति भी अत्यंत उत्कृष्ट रही। जिला स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रों का उत्साह चरम कर रहा। अवध की गलियों से लेकर बृजवासियों का बखान प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण में से एक रहा। कार्यक्रम संयोजक विवेक चंद्र धीर, संपर्क प्रमुख भोला प्रसाद, युवा अजीत कुमार, चंद्रकांत उर्फ प्रहलाद जी, नवीन कुमार के विशेष सहयोग ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। प्रतियोगिता में प्रांतीय पर्यवेक्षक और निर्णायक मंडली ने प्रतिभागियों को कई मार्गदर्शन दिए। प्रांतीय पर्यवेक्षक अभिषेक कुमार ने कहा कि हमें अपने लोक संस्कृति पर गर्व है। बिहार की लोक संस्कृति का महापर्व छठ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति बटोर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अपने लोक संस्कृति के ऐसे ही धरोहरों को आगे बढ़ाना है। परिषद अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद, सचिव राजेन्द्र प्रसाद और कोषाध्यक्ष राजेश कुमार की अगुवाई में कार्यक्रम ने विशिष्टता प्राप्त की। जबकि पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष सह समाज सेवी चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार बरनवाल, शिक्षाविद तुलसी दयाल, शिल्पी दयाल, प्रमिला कुमारी, वीणा बरनवाल, कुमार गौतम, विनय अग्रवाल, सतीश कुमार, सुनील कुमार, अभय कुमार श्रीवास्तव, मनमोहन कृष्ण की उपस्थिति नहीं कार्यक्रम को परिपूर्ण बना दिया।

# बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ का राज्य सम्मेलन मार्च 2027 में नवादा में करने की तैयारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा के जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान की अध्यक्षता में भोजपुरी कास्ट कला, प्रसाद बिगहा नवादा में एक बैठक आहूत की गई। मंच का संचालन जिला कार्यालय सचिव सुरेश प्रसाद सिंह के द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य एजेंडा राज्य कार्यकारिणी के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार माह मार्च 2027 के अंतिम सप्ताह में नवादा जिला में तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन कराने की घोषणा प्रदेश महासचिव डॉ0 भोला पासवान के द्वारा की गई है। शिक्षक नेताओं ने राज्य सम्मेलन हेतु अपनी- अपनी भूमिका सक्रिय रूप से निभाने की बात कही। राज्य सम्मेलन की तैयारी के लिए सभी प्रखंडों में अधिक से अधिक संख्याओं में सदस्यों को जोड़ना अति आवश्यक है। सभी प्रखंडों के अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा गर्म जोशी के साथ राज्य सम्मेलन कराने का शंखनाद फूका गया है। इसके साथ ही शेष छूटे प्रखंडों में संघ का चुनाव कराया जाना है। जिला अध्यक्ष ने कहा की राज्य सम्मेलन की तैयारी हम सभी को अभी से हीं करना है। बैठक में खासकर विशिष्ट शिक्षक एवं टीआरई-1, टीआरई-2 तथा टीआरई-3 में बहाल विद्यालय अध्यापकों का सेवा पुस्तिका संधारण का मुद्दा को शिक्षकों के द्वारा रखा गया। इस पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सेवा पुस्तिका संधारण कर जिला कार्यालय को नहीं भेजा गया है जिस कारण उन सभी शिक्षकों का सेवा पुस्तिका का संधारण नहीं किया जा सका है। बैठक के दौरान बताया गया की पांच माह से विद्यालय में कार्यरत रसोईया का मानदेय भुगतान को लेकर डीपीओ मध्याह्न भोजन योजना नवादा से बातचीत हुई है। दशहरा पूर्व रसोईया के मानदेय राशि का भुगतान किए जाने की बात कही गई है ।

# स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के आगमन की तैयारी को लेकर जदयू की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला जदयू कार्यालय के सभागार में रविवार, 4 अक्टूबर 2026 को स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के आगामी नवादा आगमन को लेकर बैठक आयोजित की गई। स्वास्थ्य मंत्री का कार्यक्रम 13 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता जदयू के जिला अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद दांगी ने की, जबकि मंच संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी किशोरी सिंह ने किया। जिला अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद दांगी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बाद निशांत कुमार सर्वमान्य नेता के रूप में उभर रहे हैं। उनके नवादा आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने-अपने प्रखंडों में पंचायत अध्यक्षों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देंगे। इन बैठकों में संबंधित प्रभारी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे अपने स्तर से प्रखंडों एवं पंचायतों में कार्यक्रम को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई।

# रजौली के काराखुट मोड़ पर बने गड्ढे से बिगड़ा कंटेनर का संतुलन, पलटा वाहन, टला बड़ा हादसा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** राष्ट्रीय राजमार्ग-20 पर रजौली थाना क्षेत्र के काराखुट मोड़ के समीप सड़क की बदहाली और जानलेवा गड्ढों के कारण एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां गड्ढे में पहिया पड़ते ही अनियंत्रित होकर एक तेज रफ्तार कंटेनर तीखे मोड़ पर जा पलटा। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर कुछ देर के लिए राहगीरों के बीच अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया, हालांकि सौभाग्य से वाहन चालक को गंभीर चोटें नहीं आईं और वह बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए रजौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पलटे हुए कंटेनर को सड़क से हटवाकर यातायात को पुनः सुचारू कराया, साथ ही पुलिस बल ने कंटेनर में लदे बहुमूल्य सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी पुख्ता इंतजाम किए। रजौली से दिबौर तक एनएच-20 पर जगह-जगह उभरे दर्जनों गड्ढों और खतरनाक घुमावों से लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर स्थानीय निवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है, जिसके चलते ग्रामीणों ने संबंधित विभाग व प्रशासन से सड़क की त्वरित मरम्मत कराने और इन ब्लैक स्पॉट्स पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने की पुरजोर मांग की है।

## एक नजर

### नवादा में उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह का जोरदार स्वागत



**नवादा।** बिहार सरकार की उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह के औरंगाबाद जाने के क्रम में रविवार को नवादा के प्रजातंत्र चौक पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि नवादा के लोगों द्वारा दिए गए स्नेह, सम्मान और आत्मीय स्वागत से वह अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों का उत्साह हमेशा प्रेरणादायी रहा है। स्वागत के दौरान खिलाड़ियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री श्रेयसी सिंह का अभिनंदन किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, मंत्री निशा राजवंशी, समाजसेवी अंशुमान शर्मा, स्काउट एवं गाइड के संटू कुमार, रंजीत सिंह, रौशन कुमार, गोपाल कुमार, तनमय, आरव, बूंदु सिंह सहित कई समाजसेवी, खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### दिव्यांगों के अधिकार और सरकारी योजनाओं के प्रति फैलाई जागरूकता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के अमावां गांव में सामर्थ्य फाउंडेशन फॉर स्पेशल एजुकेशन के तत्वावधान में दिव्यांगता जागरूकता एवं सहायता शिविर का भव्य आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर शुरू हुए इस कार्यक्रम में 100 से अधिक ग्रामीणों, दिव्यांगजनों तथा उनके परिजनों ने हिस्सा लिया।शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों के दिव्यांगों तक सरकारी योजनाओं की सटीक जानकारी पहुंचाना और उन्हें आवश्यक अधिकार दिलाना था। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन कुमार आनंद, सचिव सोनिला सचिन, निदेशक राजेश कुमार सिन्हा, चीफ पैट्रन सतीश कुमार सिन्हा और विनोद कुमार सिन्हा ने शिक्षा, पुनर्वास,सामाजिक समावेशन तथा सरकारी सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। संस्था के चेयरमैन कुमार आनंद ने स्पष्ट किया कि सामर्थ्य फाउंडेशन दिव्यांगों और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करती है। सरकार की योजनाओं की पहुंच दूर-दराज तक सुनिश्चित करने के लिए संस्था की समर्पित टीम कार्य कर रही है, जिसमें रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (आरसीआई) के मान्यता प्राप्त विशेषज्ञ और शिक्षक जुड़े हैं। कार्यक्रम के दौरान 10 से अधिक नए दिव्यांगजनों का ऑन-स्पॉट पंजीकरण किया गया और उनके दस्तावेजों व समस्याओं का लेखा-जोखा दर्ज किया गया।

### छह माइल के समीप ओवरलोडेड ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल, आक्रोश



**अकबरपुर (नवादा)।** अकबरपुर अंचल क्षेत्र अंतर्गत नेमदारगंज थाना के छह माइल के पास रविवार शाम करीब सात बजे तेज रफ्तार ओवरलोडेड ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता संजीव सिंह और ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को तत्काल बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया। ग्रामीणों के अनुसार, खखनुआ की ओर से शाम ढलते ही बड़ी संख्या में ओवरलोडेड ट्रक विपरीत दिशा (रॉन्ग साइड) से गुजरते हैं। इसके चलते सामने से आने वाले दोपहिया व छोटे वाहनों को निकलने की जगह नहीं मिलती और आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस-प्रशासन व यातायात अधिकारियों से छह माइल सहित आसपास के मार्गों पर विपरीत दिशा से चलने वाले ओवरलोडेड ट्रकों पर रोक लगाने और सघन जांच अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## नालंदा

# अलग-अलग हादसों में चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। नूरसराय में ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत हो गई, जबकि रहुई और दीपनगर में दो अज्ञात शव बरामद किए गए। वहीं, चंडी में बिजली के तार की चपेट में आने से बुजुर्ग की जान चली गई। नूरसराय थाना क्षेत्र के अजयपुर गांव के समीप ट्रैक्टर पलटने से चालक उसके नीचे दब गया। मृतक की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र के मछलडीहा गांव निवासी धुरी मांझी के 20 वर्षीय पुत्र जीतू कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। रहुई के सोसांदी गांव के समीप करीब 55 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला। पुलिस पहचान के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना प्रसारित कर रही है। दीपनगर थाना क्षेत्र में कोसुक नदी पर बने रेलवे पुल के नीचे ट्रेन से कटे अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। इधर, चंडी थाना क्षेत्र के जुरी गांव में 62 वर्षीय रमाकांत प्रसाद की बिजली तार की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया गया कि भूसा रखने के दौरान टूटकर गिरा बिजली का तार उनके हाथ पर गिर गया। गंभीर हालत में परिजन उन्हें चंडी पीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# डॉ. रोहित कुमार पटेल को प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर बधाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा।** नगरनौसा प्रखंड के खजूरा पंचायत अंतर्गत आदर्श ग्राम विष्णुपुर निवासी सहायक प्रोफेसर डॉ. रोहित कुमार पटेल को जदयू कला, संस्कृति एवं खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव पद पर मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।इस अवसर पर स्टेट खिलाड़ी चंदन भारती ने डॉ. रोहित कुमार पटेल को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कला, संस्कृति एवं खेलकूद के क्षेत्र में बेहतर कार्य होने की उम्मीद है। उन्होंने डॉ. पटेल के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। वहीं, डॉ. राकेश भारती, पूर्व वार्ड सदस्य निर्मला कुमारी, सुदर्शन यादव, गुंजन कुमार, संदीप पाटिल, संजीव कुमार, मुन्ना कुमार एवं विरमणी यादव समेत अन्य लोगों ने भी डॉ. रोहित कुमार पटेल के मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# पटना स्नातक चुनाव को लेकर हिलसा में बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा।** आगामी 23 अक्टूबर को होने वाले पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर रविवार को लोहिया नगर स्थित रामदहिन स्मृति भवन में स्नातक युवाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पहली बार स्नातक चुनाव में मतदान करने वाले नए मतदाताओं ने हिस्सा लिया।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने पिछले चुनावों के अनुभव साझा किए तथा नए मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया और चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस दौरान स्नातक बेरोजगार युवाओं की समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में उपस्थित युवाओं ने सर्वसम्मति से मांग की कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर बिहार में भी बीएड पाठ्यक्रम की फीस 50 हजार रुपये निर्धारित की जाए। युवाओं का कहना था कि अधिक फीस के कारण गरीब और मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों के लिए बीएड करना मुश्किल हो रहा है। फीस कम होने से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षक बनने की तैयारी में सहूलियत मिलेगी। इस मांग को सरकार तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।बैठक के अंत में अगली बैठक 19 अक्टूबर को इसी स्थान पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर सौरभ कुमार, सोनू कुमार, गोलू कुमार, राहुल कुमार, राजीव यादव, पुरुषोत्तम कुमार, सूरज कुमार, अजीत कुमार, पंकज कुमार, अंशु कुमार, शेखर कुमार व ऋतिक कुमार सहित दर्जनों स्नातक युवा मौजूद रहे।

# बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने डीएम को सौपा मांग पत्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** इंडियन जर्नलिस्ट्स यूनियन के आह्वान पर बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने 2 अक्टूबर को राज्यब्यापी मांग दिवस मनाया। राज्यब्यापी मांग दिवस के तहत बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जिला शाखा नालंदा के बैनर तले मांग दिवस मनाया गया। इस क्रम में 3 अक्टूबर को जिला संयोजक चंद्रमणि पांडेय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन भेजा।ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों और मीडिया कर्मचारियों के हित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई। इसमें व्यापक मीडिया आयोग का गठन करने, पत्रकारों एवं मीडिया संस्थानों की सुरक्षा के लिए विशेष केंद्रीय कानून बनाने, कामकाजी पत्रकारों के लिए कानूनी सुरक्षा बहाल कर उनकी रक्षा सुनिश्चित करने तथा मीडिया कर्मचारियों के लिए नए वेज बोर्ड का गठन करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। संगठन ने राष्ट्रपति से केंद्र सरकार को पत्रकारों और मीडिया कर्मचारियों की इन लंबित मांगों के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश देने की अपील की। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उनके अधिकारों, सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में पत्रकार सुनील कुमार, महफूज आलम, आफताब आलम, संजीव कुमार, ऋषि केश कुमार सहित अन्य पत्रकार शामिल थे।

# गतका चैंपियनशिप में नालंदा के खिलाडियों ने जीते चार पदक, बढ़ाया बिहार का मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित दसवीं सीनियर नेशनल गतका चैंपियनशिप 2026 में नालंदा के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया। विनर्स स्पोर्ट्स एकेडमी ऑफ इंडिया, नालंदा के खिलाडियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा, साहस और तकनीक का प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बिहार की ओर से विकाश सिंह, बिपिन कुमार, शालिनी रंजन, नेहा कुमारी, सत्यम सिंह, रौशन रंजन और मोहित ने हिस्सा लिया। इनमें नेहा कुमारी ने स्वर्ण पदक जीतकर नालंदा और बिहार का नाम रोशन किया। विकाश सिंह और बिपिन कुमार ने रजत, जबकि शालिनी रंजन ने कांस्य पदक अपने नाम किया। सत्यम सिंह, रौशन रंजन और मोहित ने भी प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता से लौटने पर खिलाडियों का बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया। भाजपा बिहारशरीफ ग्रामीण पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार ने खिलाडियों को फूल-माला और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि नालंदा के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए लगातार मेहनत और अनुशासन के साथ अभ्यास करना चाहिए। प्रतिभा और लगन के बल पर खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन कर सकते हैं। चार पदकों की इस उपलब्धि से जिले के खेलप्रेमियों और युवा खिलाडियों में खुशी का माहौल है।

# वेना पुलिस की कार्रवाई, 11 आरोपित गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत वेना थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शिवाय बीघा गांव के मुख्य रास्ते पर छापेमारी की गई। इस दौरान 25 लीटर देसी शराब के साथ मलविघा गांव निवासी श्रवण कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपीपित शराब की तस्करी में संलिप्त था। इसके अलावा शराब पीने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, अलग-अलग कांडों में संलिप्त पांच अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि विशेष अभियान के तहत पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### जितिया दिन नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत, पर्व की खुशियां मातम में बदलीं

**बिहारशरीफ।** जितिया पर्व के दिन नालंदा में अलग-अलग जगहों पर नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। हादसे दीपनगर, मानपुर और छबीलापुर थाना क्षेत्रों में हुए। पर्व के दिन बच्चों की मौत से तीनों परिवारों में कोहराम मच गया। दीपनगर थाना क्षेत्र के बियाबानी गांव निवासी 14 वर्षीय मोहित राज अपनी मां के साथ पंचाने नदी में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मानपुर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव में 12 वर्षीया पूनम कुमारी की जीराइन नदी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, स्नान के बाद सभी लोग घर लौट आए, लेकिन पूनम नहीं पहुंची। खोजबीन के दौरान नदी में उसका शव मिला। वहीं, छबीलापुर थाना क्षेत्र के सरबहदी गांव में शनिवार शाम 10 वर्षीय हिमांशु राज अपनी मां के साथ नदी में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह डूब गया। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। हिमांशु मनीष कुमार का पुत्र था।सूचना मिलने पर तीनों थाना क्षेत्रों की पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

### दिव्यांगों की तिपहिया साइकिलों की मरम्मत के लिए विशेष शिविर, बैट्री-चार्जर भी बदले जाएंगे

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना (सम्बल) के तहत वितरित बैटरी चालित तिपहिया साइकिलों की तकनीकी मरम्मती और खराब बैट्री-चार्जर बदलने के लिए जिले में विशेष निःशुल्क शिविर लगाए जाएंगे। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नालंदा की ओर से आयोजित इन शिविरों में गारंटी अवधि के दौरान खराब बैट्री और चार्जर को भी निःशुल्क बदला जाएगा। दिव्यांगजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविरों का आयोजन अनुमंडलवार किया जाएगा। 6 अक्टूबर को अनुमंडल बिहारशरीफ के सभी प्रखंडों एवं नगर निगम क्षेत्र के लाभुकों के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नालंदा में शिविर लगाया जाएगा। 7 अक्टूबर को अनुमंडल हिलसा के सभी प्रखंडों के लाभुकों के लिए प्रखंड कार्यालय, नगरनौसा में तथा 8 अक्टूबर को अनुमंडल राजगीर के सभी प्रखंडों के लाभुकों के लिए प्रखंड कार्यालय, राजगीर में शिविर आयोजित होगा। सभी शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। शिविर में तिपहिया साइकिलों की तकनीकी खराबियों की जांच कर आवश्यक मरम्मती की जाएगी। वहीं, गारंटी अवधि में खराब पाई जाने वाली बैट्री और चार्जर को बदलने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। विभाग के इस पहल से योजना के लाभुक दिव्यांगजनों को अपने आवागमन में सहूलियत मिलेगी। साथ ही, तिपहिया साइकिलों के सुचारू संचालन से उनकी गतिशीलता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। जिले में पूर्व में भी ऐसे शिविर आयोजित कर लाभुकों को मरम्मती और बैट्री-चार्जर बदलने की सुविधा दी जा चुकी है।

### बच्चों के विवाद में दो पक्षों में झड़प, पांच लोग जख्मी

**सरमेरा।** थाना क्षेत्र के मोती बीघा गांव में रविवार की रात बच्चों को लेकर शुरू हुआ विवाद दो पक्षों के बीच झड़प में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों से पांच लोग जख्मी हो गए। मारपीट के बाद गांव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।जख्मी लोगों की पहचान फूलों देवी, शिवनारायण चौहान, अरुण चौहान, गोलू कुमार और बुधनी देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरमेरा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। बताया जाता है कि बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ था। देखते ही देखते विवाद में बड़े लोग भी शामिल हो गए और दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मामले को लेकर पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# स्वच्छता और सेवा भाव से ही सशक्त एवं स्वस्थ समाज का निर्माण : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को गयाजी टाउन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्राह्मणी घाट पर 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत भारतीय जनता पार्टी, गया जिला पूर्वी द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में शामिल होकर स्वच्छताकर्मियों एवं कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी निरीक्षण किया तथा लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के इस प्रयास की सराहना की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी स्थान को साफ रखने का अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प है। धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण गयाजी के घाटों की स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को जनभागीदारी के माध्यम से निरंतर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य भारतीय संस्कृति और भाजपा के कार्यकर्ताओं की कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर जैसे आयोजन समाज के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने आम लोगों से स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत का हिस्सा बनाने तथा सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सहयोग करने की अपील की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गयाजी में आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों तथा आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों एवं कार्यकर्ताओं ने भी स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर संतोष सिंह, सुरेंद्र यादव, धीरेंद्र धीरू, अशोक साहनी, दीपक पाण्डेय, सरयू रजक, संजय चंद्रवंशी, निशांत कुमार, शिवा मांझी, डॉ. अखिलेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सीता कुंड में डॉ. प्रेम कुमार ने किया पितरों एवं दिवंगत आत्माओं का तर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला के अवसर पर गयाजी स्थित सीता कुंड में अंतःसलिला फल्गु नदी के पावन तट पर विधिवत तर्पण एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपने पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए तर्पण किया। इस दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने अपने पितरों के साथ देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्र की रक्षा में शहीद हुए अमर जवानों तथा विभिन्न कारणों से दिवंगत हुई सभी आत्माओं की शांति और सद्गति के लिए भी श्रद्धापूर्वक तर्पण किया। उन्होंने कहा कि गयाजी की पावन धरती पर पितरों का तर्पण और श्राद्ध कर्म करने की परंपरा सनातन संस्कृति की महान विरासत है। फल्गु नदी के पवित्र तट पर किया जाने वाला पिंडदान और तर्पण पितरों के प्रति श्रद्धा, स्मरण एवं कृतज्ञता का प्रतीक है। गयाजी में देश-विदेश से श्रद्धालु अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना लेकर पिंडदान एवं तर्पण करने पहुंचते हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी और अमर जवान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। उनके त्याग, बलिदान और राष्ट्रसेवा को सदैव स्मरण करना सभी का नैतिक दायित्व है। देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों तथा विभिन्न कारणों से दिवंगत हुई आत्माओं के प्रति श्रद्धा और श्रद्धांजलि अर्पित करना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष केवल धार्मिक अनुष्ठान का अवसर नहीं, बल्कि अपनी जड़ों, पूर्वजों और राष्ट्र के लिए योगदान देने वाले लोगों को स्मरण करने की परंपरा भी है। इस अवसर पर उन्होंने गयाजी आने वाले सभी श्रद्धालुओं से पितृपक्ष मेला के दौरान श्रद्धा, आस्था और अनुशासन के साथ अपने पितरों का तर्पण करने की अपील की। साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं से गयाजी की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक गरिमा बनाए रखने तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने का आह्वान किया।

# गया-पटना ट्रेन में स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता व नशामुक्ति जागरुकता अभियान

## यात्रियों से ट्रेन को साफ रखने और नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** राष्ट्रीय सेवा योजना, गया कॉलेज के स्वयंसेवकों ने रविवार को गया से पटना जाने वाली ट्रेन में स्वच्छता एवं नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने यात्रियों को बताया कि ट्रेन में खाना खाने के बाद कई लोग कचरा, पानी की बोतल, गुटखा और खैनी के पाउच समेत अन्य सामान बोगी में ही फेंक देते हैं। इससे ट्रेन की बोगियां गंदी होती हैं और दूसरे यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्वयंसेवकों ने यात्रियों से अपील की कि वे अपना कचरा डस्टबिन में ही डालें और ट्रेन को साफ-सुथरा रखने में रेलवे के साथ सहयोग करें। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर स्वच्छता को लेकर लगातार काम कर रही है, लेकिन स्थायी सुधार की शुरुआत प्रत्येक व्यक्ति को खुद से करनी होगी। सभी के सामूहिक प्रयास से ही स्वच्छ और विकसित भारत का निर्माण संभव है। स्वयंसेवकों ने यात्रियों से ट्रेन और स्टेशन परिसर में बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, पान और शराब समेत नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के साथ सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी का भी बड़ा कारण बनता है। नशामुक्त समाज ही स्वस्थ समाज की पहचान है। स्वयंसेवकों ने यात्रियों को यह भी बताया कि किसी एक व्यक्ति की छोटी-सी लापरवाही का असर हजारों यात्रियों पर पड़ता है। खासकर गया आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के बीच स्वच्छता को लेकर बिहार की अच्छी छवि बनाने में प्रत्येक यात्री की भूमिका महत्वपूर्ण है।

# खड़े ट्रक में टकराई बाइक, चालक गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के एनएच-2 पर गोपालपुर गांव के निकट रविवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाइक चालक की पहचान गोपालपुर गांव निवासी राजकुमार मांझी के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने घायल को तत्काल इलाज के लिए शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गया स्थित मगध मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई। शेरघाटी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए गया के मगध मेडिकल अस्पताल भेजा गया है।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग एवं काउंसलिंग सेल के सहयोग से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 6 से 10 अक्टूबर तक विभिन्न जागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस वर्ष की थीम 'जीवंत अनुभवों को सुनना: वास्तविक आवाजें, वास्तविक बदलाव' है। 6 अक्टूबर को निबंध, 7 को भाषण, 8 को पोस्टर प्रस्तुति और 9 अक्टूबर को स्लोगन लेखन प्रतियोगिता होगी। सभी प्रतियोगिताएं सुबह 11 बजे विभाग में होंगी। 10 अक्टूबर को 11 बजे 'सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य: जागरूकता से कार्रवाई तक' विषय पर संगोष्ठी, दोपहर 1 बजे विश्वविद्यालय गेट पर जीबीएम कॉलेज की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक और 2 बजे मानव श्रृंखला आयोजित होगी। कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने कहा कि विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित करने में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं। विश्वविद्यालय के सभी स्नातकोत्तर एवं वोकेशनल विभागों के विद्यार्थी हिंदी या अंग्रेजी में भाग ले सकते हैं। समन्वयक डॉ. सुप्रीति सुमन, सह-समन्वयक डॉ. मीनाक्षी हैं। आयोजन सचिव डॉ. प्रगति चतुर्वेदी, डॉ. हिमालय तिवारी, डॉ. रविंद्र सिंह, प्रभात रंजन, डॉ. श्वेता गोयल, डॉ. एकता वर्मा, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. रेनू रानी, डॉ. जियाउल्लाह अनवर, प्रीति शेखर, डॉ. बी. पी. नलिन, आलोक रंजन एवं डॉ. मुसर्रत

# पिंडदानियों की सुविधाओं का डॉ. प्रेम कुमार ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को गयाजी टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न आवासन स्थलों का भ्रमण कर पितृपक्ष मेला में देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे पिंडदानियों और श्रद्धालुओं से मुलाकात की। उन्होंने श्रद्धालुओं से सीधे बातचीत कर उनके हालचाल, आवासन सहित उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. प्रेम कुमार ने गया कॉलेज, हरिदास सेमिनरी तथा जिला स्कूल गया स्थित सुजाता छात्रावास में ठहरे पिंडदानियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आवासन, भोजन, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्रद्धालुओं से उनकी आवश्यकताओं और परेशानियों के बारे में जानकारी लेकर अधिकारियों को बेहतर व्यवस्था और आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष में देश-विदेश से आने वाला प्रत्येक पिंडदानी और श्रद्धालु गयाजी का अतिथि है और उसकी सुविधा तथा सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। भ्रमण के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने रामशिला का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं बिहार ट्रेड एसोसिएशन की ओर से लगाए गए निशुल्क सेवा शिविर का भ्रमण किया। इसी क्रम में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने पितृपक्ष मेला की सराहना करते हुए पिंडदानियों की सेवा के लिए आम लोगों से आगे आने की अपील की। आवासन स्थलों पर ठहरे उत्तर प्रदेश, नेपाल सहित विभिन्न राज्यों से आए पिंडदानियों और श्रद्धालुओं ने पितृपक्ष मेला के दौरान जिला प्रशासन एवं बिहार सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं की सराहना की। श्रद्धालुओं ने कहा कि आवासन, भोजन, पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा सहित अन्य सुविधाओं से उन्हें काफी सहूलियत मिल रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पितृपक्ष में गयाजी आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु के प्रति अतिथि देवो भव की भावना के अनुरूप व्यवहार किया जाना चाहिए। उनकी सुविधा, सम्मान और सुगम व्यवस्था सरकार एवं प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु श्रद्धा और विश्वास के साथ गयाजी पहुंचते हैं, इसलिए उनका बेहतर स्वागत, सुगम आवासन, स्वच्छ भोजन, पेयजल, सुरक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासनिक व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। गयाजी की अतिथि सत्कार की परंपरा और आध्यात्मिक गरिमा को बनाए रखते हुए पिंडदानियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास जारी हैं। इस दौरान कौशलेंद्र प्रताप सिंह, प्रमोद भदानी, जय कुमार, प्रेम नारायण पटवा, शंभू यादव, कौशलेंद्र सिंह, जितेंद्र यादव, राजेश मस्तान, समीर चटर्जी, मालती देवी, श्याम बिहारी, राकेश आईटी सहित अन्य मौजूद रहे।

# विवेकानंद शर्मा बने शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष, गौतम कार्यकारी अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** बिहार विद्यालय अध्यापक महासंघ की गया जिला इकाई का गठन लोकतांत्रिक व सर्वसम्मत प्रक्रिया से किया गया। इसमें कोंच के विवेकानंद शर्मा को जिलाध्यक्ष और गौतम कुमार शर्मा को कार्यकारी जिलाध्यक्ष चुना गया है। गठन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जबकि प्रदेश संगठन मंत्री कमल राय और ललन स्मारक उच्च विद्यालय कपसिया के प्रधानाध्यापक दीपक कुमार विशिष्ट अतिथि थे। सर्वसम्मति से महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष अमृता कुमारी को बनाया गया। वहीं रौशन कुमार सिंह, दिनेश नारायण सिंह और कुंदन लाल यादव को जिला उपाध्यक्ष, अभय कुमार को कोषाध्यक्ष, प्रभात कुमार प्रभाकर को जिला सचिव और प्रणव कुमार को सह सचिव की जिम्मेदारी दी गई। विभूति रंजन को संगठन मंत्री, रितेश कुमार को प्रवक्ता, प्रफुल्ल कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी, वेद प्रकाश को सदस्यता प्रभारी और सचिन कुमार को आईटी सेल प्रभारी बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षकों की एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। महासंघ शिक्षक हितों की रक्षा और अधिकारों के लिए मजबूती से काम करेगा। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष विवेकानंद शर्मा ने कहा कि जिले के शिक्षकों को एकजुट कर संगठन को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी।

# गोबर फेंक भाग रहे लुटेरे की पहचान, ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के पत्थलकट्टी गांव के समीप जीटी रोड किनारे महिला से लूट के बाद भाग रहे बाइक सवार आरोपी को ग्रामीणों ने करीब कई किलोमीटर पीछा कर नई बाजार के पास पकड़ लिया। आरोपी की पहचान आमस थाना क्षेत्र के नीमा गांव निवासी प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से लूट में इस्तेमाल किया गया चाकू और पल्सर बाइक बरामद की है। जानकारी के अनुसार पत्थलकट्टी गांव की प्रतिमा देवी जीटी रोड किनारे ओवरब्रिज के पास उपला लगा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार युवक वहां पहुंचा और चाकू दिखाकर महिला को धमकाते हुए उसके कान की सोने की बाली और जितिया छीन लिया। घटना के बाद आरोपी बाइक से भागने लगा। महिला ने शोर मचाते हुए ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने तत्काल बाइक सवार का पीछा करना शुरू कर दिया। आरोपी पत्थलकट्टी से जीटी रोड के रास्ते हमजापुर तक पहुंचा और वहां से यू-टर्न लेकर दोबारा शेरघाटी की ओर भागा। इसी दौरान ग्रामीणों ने उसका पीछा जारी रखा और नई बाजार के पास उसे पकड़ लिया। ग्रामीणों के अनुसार पकड़ने के बाद कुछ लोगों ने आरोपी की पिटाई भी की। आरोपी को पुलिस के हवाले करने को लेकर मौके पर कुछ देर हंगामे की स्थिति बन गई। होटल परिसर में आरोपी को ले जाने को लेकर भी ग्रामीणों ने आपत्ति जताई और विरोध किया। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी को अपने कब्जे में लेकर स्थिति को शांत कराया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। महिला ने बताया कि आरोपी के भागने के दौरान उसने उस पर गोबर फेंका था जिससे बाद में उसकी पहचान करने में मदद मिली। पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाली बाइक और चाकू जब्त कर लिया है। छीने गए सोने के आभूषणों की बरामदगी के लिए भी पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# घर का ताला तोड़ बाइक चोरी, थाने में दिया आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गयाजी)।** थाना क्षेत्र के गया-गोह मुख्य पथ पर स्थित बहादुरपुर गांव में देर रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर बाइक चोरी कर ली। पीड़ित प्रेम कुमार पिता अजय कुमार ने रविवार सुबह कोंच थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया है कि शनिवार रात करीब 10 बजे चोरों ने शटर का ताला तोड़कर उनकी टीवीएस अपाचे बाइक चोरी कर ली। सुबह नींद खुलने पर देखा तो शटर का ताला टूटा हुआ था और बाइक गायब थी। अगल-बगल और आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ है। थाना से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर हुई चोरी की घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

# विदेशी पिंडदानियों ने सराही गया की आध्यात्मिक विरासत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पितृपक्ष मेला 2026 में रूस, फ्रांस, जर्मनी, इटली, ब्राजील, यूक्रेन सहित विभिन्न देशों के 48 विदेशी पिंडदानियों ने गया में अपने पितरों का पिंडदान एवं तर्पण किया। इसके बाद उन्होंने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ अनुभव साझा करते हुए गया की संस्कृति, आध्यात्मिकता, स्वच्छता, यातायात, भीड़ प्रबंधन एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की सराहना की। विदेशी श्रद्धालुओं ने विष्णुपद मंदिर, प्रेतशिला एवं अक्षयवट सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पिंडदान किया और आध्यात्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेला भारत की प्राचीन संस्कृति, परंपरा, आध्यात्मिकता एवं अतिथि सत्कार को दुनिया के सामने रखने का महत्वपूर्ण अवसर है। सहायक समाहर्ता नितेश गोयल ने बताया कि करीब 15 दिनों तक चलने वाले मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री स्तर से लगातार समीक्षा की जा रही है। मेडिकल सुविधा, भीड़ प्रबंधन, यातायात, स्वच्छता, सुरक्षा, खोया-पाया एवं सहायता की पर्याप्त व्यवस्था है। नितेश गोयल ने विदेशी पिंडदानियों को गंगाजल और गया-बोधगया की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत पर आधारित कॉफी टेबल बुक भेंट की। श्रद्धालुओं ने कहा कि वे गया के अनुभव को अपने देशों में साझा करेंगे।

# बोधगया में मानसिक स्वास्थ्य पर मंथन के लिए जुटेंगे देशभर के विशेषज्ञ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना /बोधगया।** ईस्ट जोन इंडियन साइकियाट्रिक सोसाइटी का 51वां वार्षिक सम्मेलन सीईजेडआईपीएस 2026 9 से 11 अक्टूबर तक आईटीसी वेलकम, बोधगया में आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्घाटन 10 अक्टूबर को दोपहर 12 से 1 बजे तक होगा। इस वर्ष सम्मेलन की थीम 'द मेडिकल माइंडस्केप : माइंड बियॉन्ड माइंड' रखी गई है। ईस्ट जोन इंडियन साइकियाट्रिक सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. उदय कुमार सिन्हा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य आज चिकित्सा क्षेत्र के साथ समाज के लिए भी महत्वपूर्ण विषय है। ऐसे सम्मेलन से मनोचिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध, उपचार पद्धतियों और अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा तथा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक को कम करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समय पर जागरूकता और विशेषज्ञ सहायता जरूरी है। सम्मेलन में पूर्वी क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों से मनोचिकित्सक, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, शिक्षाविद, युवा मनोचिकित्सक और प्रतिनिधि भाग लेंगे। तीन दिनों के दौरान विशेषज्ञ व्याख्यान, संगोष्ठियां, परिचर्चा, मरीजों के मामलों पर आधारित सत्र, शोध पत्र एवं ई-पोस्टर प्रस्तुतियां सहित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम होंगे।

# गया-डाल्टेनगंज रेललाइन की उम्मीद तेज, 2030 तक दौड़ सकती है ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** गया-डाल्टेनगंज नयी रेलवे लाइन निर्माण की मांग को धार देने के लिए रविवार को इमामगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित संजय गांधी इंटर कॉलेज में रेलवे लाइन निर्माण संघर्ष मोर्चा की केंद्रीय कमिटी ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान मोर्चा का पुनर्गठन करते हुए नयी कमिटी की घोषणा की गयी। साथ ही रेलवे परियोजना की वर्तमान स्थिति और आगे के आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। वहीं मोर्चा के मुख्य प्रवक्ता श्रीमोहन यादव ने बताया कि प्रस्तावित रेलवे लाइन के लिए डिजिटल सर्वे, मिट्टी की जांच और स्टेशनों की संख्या निर्धारित करने सहित कई जरूरी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी है। रेलवे अधिकारियों से मिले आश्वासन के अनुसार इसी वर्ष भू-अर्जन और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यदि परियोजना का काम निर्धारित समय के अनुसार आगे बढ़ा तो वर्ष 2030 तक गया-डाल्टेनगंज रेलखंड पर नयी ट्रेन दौड़ सकती है। वहीं मोर्चा के संरक्षक शिवनंदन सिंह विक्रम ने कहा कि वर्ष 2019 से रेलवे लाइन निर्माण की मांग को लेकर लगातार आंदोलन किया जा रहा है। इसी संघर्ष का परिणाम है कि केंद्र सरकार ने परियोजना की दिशा में कार्रवाई शुरू की है। उन्होंने इस पहल में झारखंड के पलामू सांसद वीडी राम के योगदान की भी सराहना की। नवगठित कमिटी में शिवनंदन सिंह विक्रम को संरक्षक, विगन पासवान को अध्यक्ष, चंद्रदेव प्रसाद और भवानी सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं शंभू पहाड़िया को महासचिव, समरजीत सिंह उर्फ शिवाजी को सचिव, रामनंदन प्रसाद को कोषाध्यक्ष, श्रीमोहन यादव को मुख्य प्रवक्ता, निर्भय कुमार पांडेय को मीडिया प्रभारी और गौतम पासवान को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गयी। वहीं रविंद्र नाथ रवि, जैदी खान, रामबली पांडेय, मुसाफिर सिंह और महेश्वर प्रसाद सिंह को कमिटी का सदस्य बनाया गया। विशेष आमंत्रित सदस्यों में संतोष कुमार, तारानाथ प्रसाद, रामपरीखा सिंह, गणेश प्रसाद, रामचंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, सुमन कुमार, वीरेंद्र प्रसाद दांगी, रंजन पासवान और चंद्रदेव कुमार को शामिल किया गया है।

# परसावां में स्वच्छता पखवारा अभियान का मुखिया ने किया शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गयाजी)।** स्वच्छता पखवारा अभियान के तहत रविवार को ग्राम पंचायत परसावां में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार ने एस एल डब्ल्यू स्वच्छताकर्मियों के साथ अभियान का शुभारंभ किया और ग्रामीणों से अपने घर-द्वार और आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की।

# 18 को भीखनपुर में उत्तर कोयल नहर किसान सम्मेलन, तैयारियों पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गयाजी)।** उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को चबुरा में अध्यक्ष जयनंदन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 18 अक्टूबर को कोंच प्रखंड के कोराप पंचायत अंतर्गत ग्राम भीखनपुर के प्राथमिक विद्यालय में होने वाले किसान सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन के कोष को मजबूत करने पर बल दिया गया। सम्मेलन के लिए जयनंदन शर्मा को स्वागताध्यक्ष, सुंदरदेव यादव को स्वागत मंत्री और चंचल कुमार को स्वागत कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सम्मेलन में टिकारी विधायक अजय दांगी के भी शामिल होने की संभावना है। बैठक में जयनंदन शर्मा ने कहा कि उत्तर कोयल नहर का पानी किसानों का हक है। दशकों से लटकी नहर परियोजना को पूरा कराकर किसानों के खेत तक पानी पहुंचाना ही मोर्चा का मुख्य लक्ष्य है। इसके लिए किसान एकजुट हैं और 18 अक्टूबर का सम्मेलन आंदोलन को नई दिशा देगा। मौके पर अशोक यादव, शिक्षक रामानंद सागर, सुखेन्द्र यादव, अजय कुमार, धनंजय कुमार, आचार्य जी, साधु जी समेत कई किसान मौजूद थे।

संपादकीय

# यूपी की बेलगाम पुलिस

पुलिस किसी भी राज्य की हो, अपनी कार्यशैली के कारण अक्सर आलोचकों के निशाने पर रहती है। लेकिन देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो तल्ख टिप्पणी की है, वह अभूतपूर्व है। राज्य के बुलंदशहर में एक महिला से बदसलूकी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि राज्य में सभी जांच सीबीआई को ही सौंप देनी चाहिए। बेहतर होगा कि यूपी पुलिस को ही भंग कर दें। सर्वोच्च अदालत के जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस संजीव सचदेवा की पीठ ने महिला की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। महिला ने खुद अदालत में पेश होकर पीठ को बताया कि मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति ने उनके साथ बदतमीज़ी की थी, जिसके बाद उसने खुद संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया और घटनास्थल पर ही स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बावजूद पुलिस ने एक 'अज्ञात' मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। एफआईआर में आरोपी का कॉलम खाली छोड़ दिया गया। इस पर कोर्ट ने यूपी पुलिस से कहा कि 'हर चीज में आपका कोई न कोई एजेंडा है। अगर आप मामलों को इस तरह से संभालेंगे तो लोग आप पर भरोसा कैसे करेंगे? याचिकाकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले में स्टेटस रिपोर्ट मांगी, तब पुलिस ने अपना पक्ष बदल दिया और चार्जशीट में मोटरसाइकिल सवार का नाम 'तुषार' जोड़ दिया। बाद में उसे क्लीन चिट दे दी गई। जब मोटरसाइकिल जब्त की गई थी, तब उस पर कोई नंबर प्लेट नहीं थी। जांच के दौरान उसे कथित तौर पर रहस्यमय तरीके से एक रजिस्ट्रेशन नंबर भी दे दिया गया। पुलिस की प्रारंभिक रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण थी और बाद में आरोपी को क्लीन चिट दे दी गई। कोर्ट ने इस मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से दाखिल जवाबी हलफनामे को भी 'पूरी तरह निराशाजनक' बताया। उधर राज्य के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ सुप्रीम कोर्ट की इस कठोर टिप्पणी के बावजूद अपनी पुलिस की तारीफ में कसीदे काढ़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूपी पुलिस की इस खिंचाई के बाद राज्य की राजनीति भी गरमा गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तुरंत योगी सरकार पर चौतरफा हमला बोल दिया और सरकार के रवैये को भेदभावपूर्ण करार दिया। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि यूपी पुलिस बीजेपी कार्यकर्ता की तरह काम कर रही है। इस पर योगी आदित्यनाथ ने पलटवार करते हुए कहा कि राज्य में 2017 से पहले माफिया के सामने नाक रगड़ते थे लोग, लेकिन अब ऐसा नहीं है। यदि पॉलिटिकल लीडरशिप की रीढ़ ही टेढ़ी हो, तो वह भला कानून व्यवस्था की स्थिति को सीधी कैसे कर सकती थी। हम चिंतन तभी सुखद रूप से कर सकते हैं जब बाहर सुरक्षा का माहौल हो। सुरक्षा के बिना हर व्यक्ति बेबस है। यूपी पुलिस की थीम 'आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प' है और पुलिस इस पर पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है। आज यूपी पुलिस की अलग पहचान बनी है और पुलिसकर्मियों को अपनी पहचान छिपाने के लिए मोहताज नहीं होना पड़ता। आज राज्य में 7 पुलिस कमिश्नरेट पूरी तरह से सफल तरीके से काम कर रहे हैं। लेकिन हकीकत यह है कि सीएम योगी ने यूपी पुलिस को पूरी तरह 'फ्री हैंड' दे रखा है। जिसके दुरूपयोग के कई मामले सामने आए हैं। राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्ती होना चाहिए, लेकिन उसकी भी एक संवैधानिक मर्यादा है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस को भी समझनी होगी।

# ध्वनि प्रदूषण का बढ़ता खतरा : शोर में दबती जिंदगी



**संजय कुमार**

घटना उत्तर प्रदेश के भगौतीगंज स्थित के एक स्कूल की है जहाँ पढ़ने वाली कक्षा दो की एक छात्रा 22 सितंबर को उस समय कक्षा में गिर गई, जब स्कूल के पास से गुजर रहे जुलूस में तेज आवाज में लाउडस्पीकर/डीजे बजाया जा रहा था। छात्रा को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने घटना का स्वतः संज्ञान लिया। न्यायालय ने ध्वनि प्रदूषण की बढ़ती समस्या और उससे जुड़े कानूनी प्रावधानों के पालन की स्थिति की जांच के लिए अलग से जनहित याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने चिंता जताई कि ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के स्पष्ट कानून होने के बावजूद यह समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है और नियमों के उल्लंघन की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में यह देखना जरूरी है कि इस समस्या पर रोक लगाने की जिम्मेदारी किसकी है और इसके लिए क्या प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

दिल को दहलाने वाले डीजे या लाउडस्पीकर से बच्ची की मौत ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के वाले कानून पर तमाचा है। देखें तो शहरों और गांवों में उत्सव, शादी-विवाह, धार्मिक आयोजनों और दूसरे आयोजनों में अक्सर तेज संगीत के साथ डीजे बजते हैं। खुशी के इन अवसरों पर बढ़ता शोर यानि ध्वनि प्रदूषण अब केवल असुविधा का कारण नहीं रह गया है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। हाल ही में डीजे के तेज शोर के बीच एक बच्ची की मौत की खबर ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर मनोरंजन और उत्सव के नाम पर हम कब तक ध्वनि प्रदूषण को स्वीकार करते रहेंगे?

यह सच है कि ध्वनि-संगीत मानव जीवन का हिस्सा है, लेकिन जब ध्वनि अपनी निर्धारित और सहनीय सीमा से अधिक हो जाए तो वह खतरनाक होते हुए प्रदूषण का रूप ले लेती है। इसका असर केवल कानों पर ही नहीं पड़ता, बल्कि शरीर और मन के कई हिस्से इससे प्रभावित होते हैं। डीजे अपनी सीमा को तोड़ते हुए तेज शोर से आसपास भयानक कंपन उत्पन्न करता है। जो खतरनाक है और जान लेवा है, साथ ही तेज आवाज के लगातार संपर्क में रहने से सुनने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अत्यधिक शोर को स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण पर्यावरणीय जोखिमों में शामिल किया है। ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव इससे कहीं व्यापक है। लगातार तेज आवाज तनाव, चिड़चिड़ापन, बेचैनी और नींद की समस्या बढ़ा सकती है। रात के समय तेज आवाज नींद के प्राकृतिक चक्र को प्रभावित करती है। नींद पूरी नहीं होने का असर अगले दिन की कार्यक्षमता, एकाग्रता और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। तेज आवाज का प्रभाव हर व्यक्ति पर समान नहीं होता। छोटे बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोग तेज शोर के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। अस्पतालों, स्कूलों और आवासीय क्षेत्रों के आसपास अत्यधिक तेज ध्वनि विशेष रूप से परेशानी पैदा करती है। किसी बीमार व्यक्ति के लिए अचानक पैदा होने वाला तेज शोर तनाव और बेचैनी बढ़ाता है। इसलिए सार्वजनिक आयोजनों में यह समझना जरूरी है कि हमारे मनोरंजन का तरीका किसी दूसरे व्यक्ति के लिए शारीरिक परेशानी या मानसिक तनाव का कारण न बन जाए। कभी ड्ककभी तो शोर कई दिनों तक लगातार चलता है। शादी-विवाह, जुलूस, धार्मिक कार्यक्रम और दूसरे सामाजिक आयोजनों में डीजे की आवाज कई बार इतनी तेज कर दी जाती है कि आसपास के घरों की खिड़कियां और दरवाजे तक कंपन करने लगते हैं। रोक के बावजूद कई स्थानों पर देर रात तक तेज संगीत बजाया जाता है। समस्या केवल आवाज की तीव्रता की ही नहीं है। बल्कि तेज आवाज के साथ लंबे समय तक रहने और अचानक बहुत ऊंची ध्वनि पैदा होने से खतरा बढ़ जाता है।

भारत में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 लागू हैं। इन नियमों में औद्योगिक, वाणिज्यिक, आवासीय और शांत क्षेत्र के लिए अलग-अलग ध्वनि सीमाएं निर्धारित की गई हैं। रात के समय ध्वनि नियंत्रण के लिए भी विशेष प्रावधान हैं। कहीं-कहीं पर रात्रि 11 बजे के बाद डीजे आदि तेज आवाज पर प्रतिबन्ध है,फिर भी बजाये जाते हैं। शांत क्षेत्रों में अस्पताल, शैक्षणिक संस्थानों और न्यायालयों के आसपास विशेष सावधानी बरतनी चाहिए है। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन देखने को मिलता है। सवाल यह है कि जब नियम मौजूद हैं तो उनका प्रभावी पालन क्यों नहीं हो रहा?

खुशी मनाना और सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजन हमारी जिंदगी का हिस्सा हैं। संगीत भी जीवन में आनंद और ऊर्जा भरता है। समस्या संगीत या उत्सव से नहीं, बल्कि उसकी सीमा पार कर देने से है। हमें यह समझना होगा कि सार्वजनिक स्थान पर बजने वाला डीजे केवल उसे बजाने वाले व्यक्ति की आवाज नहीं है। उसकी आवाज आसपास रहने वाले हर व्यक्ति तक पहुंचती है। इसलिए सार्वजनिक आयोजन में ध्वनि की तीव्रता और समय दोनों का ध्यान रखना सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

वहीं, ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण केवल प्रशासन या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। आयोजकों, डीजे संचालकों और आम नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। प्रशासन को निर्धारित ध्वनि सीमा और समय संबंधी नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना चाहिए। शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए और बार-बार नियम तोड़ने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं समाज को भी यह तय करना होगा कि खुशी का अर्थ तेज आवाज नहीं है।

हम अक्सर पर्यावरण संरक्षण की चर्चा करते समय वायु, जल, जंगल और वन्यजीवों की बात करते हैं, लेकिन ध्वनि भी हमारे पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण का अर्थ केवल साफ हवा और साफ पानी नहीं, बल्कि ऐसा परिवेश भी है जहां इंसान कुछ समय शांति से सांस ले सके और सो सके। डीजे की तेज आवाज से बच्ची की मौत की घटनाएं समाज को यह सोचने का अवसर जरूर देती हैं कि क्या कुछ घंटों का तेज मनोरंजन हमारे लिए इतना जरूरी है? ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार समाज की पहचान भी है।

# भारत-म्यांमार सीमा पर उपजी चिंताएं

भारत और म्यांमार के बीच सीमा का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। सीमा पर बाड़बंदी की धीमी रफ्तार, कुछ हिस्सों का अब तक पूरी तरह निर्धारित नहीं होना और मणिपुर के एक क्षेत्र में जमीन की संभावित अदला-बदली की खबरों ने इस विषय को राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण बना दिया है। इस पूरे मामले में एक तरफ भारत की सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं, तो दूसरी तरफ सीमा के दोनों ओर रहने वाले समुदायों के पारंपरिक संबंध, जमीन पर उनके अधिकार और उनकी आजीविका से जुड़े सवाल हैं। 2 सितंबर 2026 को मणिपुर के गृह मंत्री ने बताया कि राज्य की म्यांमार से लगी 398 किलोमीटर लंबी सीमा में से लगभग 55 किलोमीटर हिस्से पर ही बाड़ लगाई जा सकी है।

सरकार का लक्ष्य वर्ष 2028 तक इस काम को पूरा करना है। इसी बीच, एक कथित सरकारी दस्तावेज के आधार पर भारत और म्यांमार के बीच कुछ जमीन की अदला-बदली की संभावना को लेकर भी चर्चा शुरू हुई है। हालांकि, इस संबंध में किसी अंतिम समझौते की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत-म्यांमार सीमा केवल दो देशों को अलग करने वाली एक अंतरराष्ट्रीय रेखा नहीं है। इसका संबंध पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा, म्यांमार में जारी संघर्ष, सीमा पार होने वाली अवैध गतिविधियों और उन समुदायों के जीवन से है, जिनके परिवार और सामाजिक संबंध लंबे समय से सीमा के दोनों ओर फैले हुए हैं। ऐसे में सीमा को सुरक्षित बनाने के प्रयासों के साथ यह समझना भी जरूरी है कि प्रस्तावित बदलावों का स्थानीय लोगों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। भारत और म्यांमार के बीच लगभग 1,643 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है। इस सीमा का इतिहास ब्रिटिश शासन के दौर से जुड़ा हुआ है। उस समय भारतीय उपमहाद्वीप और बर्मा, जिसे आज म्यांमार कहा जाता है, के बीच प्रशासनिक सीमाओं को निर्धारित करने के लिए कई कदम उठाए गए थे। वर्ष 1826 में प्रथम आंग्ल-बर्मी युद्ध के बाद यांडाबू की संधि हुई। इसके बाद अंग्रेजों ने इस क्षेत्र में अपने प्रशासनिक प्रभाव और सीमाओं को व्यवस्थित करने की प्रक्रिया शुरू की। वर्ष 1834 में कबाव घाटी को बर्मा के शासन को वापस कर दिया गया। इसके बाद मणिपुर और बर्मा के बीच सीमा निर्धारित करने की जिम्मेदारी मेजर एफ. जे. ग्रांट और कैप्टन रॉबर्ट बोइल्यू पेम्बर्टन को दी गई। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया से जुड़ी सीमा रेखा को बाद में पेम्बर्टन लाइन कहा गया।

हालांकि उस समय सीमा निर्धारित करने का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक क्षेत्रों को स्पष्ट करना था। लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि पहाड़ी इलाकों में रहने वाले स्थानीय समुदायों के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को हमेशा पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। परिणामस्वरूप, कई समुदायों के लोग अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर रहने लगे। नागा, कूकी और मिजो जैसे समुदायों के पारंपरिक संबंध आज भी इस क्षेत्र की सामाजिक वास्तविकता का हिस्सा हैं। परिवारों के बीच विवाह, रिश्तेदारी, खेती, व्यापार और धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से संपर्क बना रहा है। कई मामलों में एक ही समुदाय के लोग सीमा के दोनों ओर रहते हैं और उनके पारिवारिक संबंध किसी आधुनिक अंतरराष्ट्रीय सीमा से कहीं पुराने हैं।

अध्यात्म

## जहां समझाने की सीमा समाप्त हो जाए, वहां दूरी बनाएं

कई बार हमारा सामना ऐसे लोगों से होता है, जो अपनी थोड़ी सी योग्यता, पद या अनुभव के अहंकार में दूसरों का अपमान करने लगते हैं। ऐसे समय में सबसे कठिन काम होता है अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना। सामने वाला उकसाता है, कटु शब्द बोलता है और हमें लगता है कि उसे उसी की भाषा में जवाब दे देना चाहिए, लेकिन ऐसा करने से विवाद हो सकता है। हर विवाद का जवाब विवाद नहीं होता। कई बार शांत रहना ही सबसे बड़ी बुद्धिमानी होती है।

यह बात भगवान शिव और रावण की एक पौराणिक कथा से समझ सकते हैं। मान्यता है कि रावण भगवान शिव का भक्त था। एक बार उसके मन में विचार आया कि शिव जी को कैलाश से लंका ले आऊं। वह कैलाश पहुंचा और वहां नंदी से उसका सामना हुआ। नंदी ने रावण से कहा कि इस समय भगवान शिव ध्यान में हैं। रावण ने अपने बल और सामर्थ्य के अहंकार में नंदी की बात पर ध्यान नहीं दिया। उसने यहां तक कह दिया कि अगर शिव स्वयं नहीं चलेंगे तो वह कैलाश पर्वत को ही उठाकर लंका ले जाएगा।

रावण ने कैलाश को उठाने का प्रयास किया। पर्वत हिलने लगा तो शिव के गण चिंतित हो गए, लेकिन भगवान शिव शांत बैठे रहे। जब रावण ने अपना हाथ पर्वत के नीचे लगा दिया, तब शिव ने केवल अपने पैर के अंगूठे से कैलाश को दबा दिया। रावण का हाथ पर्वत के नीचे दब गया। शिव ने क्रोध में रावण को कोई बड़ा दंड नहीं दिया और न ही रावण से लंबा विवाद किया। वे शांत रहे। कथा के अनुसार, रावण ने अपनी भूल समझी और शिव की स्तुति करने लगा। उसने शिव तांडव स्तोत्र की रचना की और भगवान शिव प्रसन्न हुए। इस प्रसंग का संदेश यह है कि हर अहंकार का उत्तर गुस्से से देना जरूरी नहीं। कभी-कभी शांत व्यक्ति अपनी शक्ति का परिचय बिना एक शब्द बोले दे देता है। जीवन में हमें यही सीख अपनानी चाहिए। जो व्यक्ति केवल आपको उकसाकर अपनी श्रेष्ठता साबित करना चाहता है, उसे क्रोध देकर अपनी ऊर्जा क्यों दें? शांत रहिए, आवश्यक हो, तो स्पष्ट शब्दों में अपनी सीमा बताइए और आगे बढ़ जाइए। आपकी वास्तविक योग्यता इस बात से नहीं पहचानी जाएगी कि आपने कितने विवाद जीते, बल्कि इससे कि आपने कितनी परिस्थितियों में अपना विवेक बचाए रखा।

**प्रसंग की सीख**

किसी के अपमानजनक शब्द सुनते ही जवाब देने की आदत छोड़ें। कुछ सेकंड रुकना भी क्रोध की तीव्रता कम कर सकता है। प्रतिक्रिया देने से पहले सोचें कि आपके उत्तर का परिणाम क्या होगा। व्यक्ति और परिस्थिति को समझें हर कटु बात व्यक्तिगत हमला नहीं होती। सामने वाला स्वयं असुरक्षित, परेशान या अहंकारी हो सकता है।

# चमत्कारों के बाजार में वैज्ञानिक चेतना की तलाश

**वैज्ञानिक चेतना विकसित करने के लिए परिवार, विद्यालय, मीडिया और सामाजिक संस्थाओं–सभी को अपनी भूमिका समझनी होगी। मीडिया को चमत्कार के दावों को सनसनी के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय उनके तथ्यात्मक पक्ष की जाँच करनी चाहिए। विद्यालयों में प्रयोग आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। परिवारों में बच्चों के प्रश्नों को दबाने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी वीडियो को देखकर तुरंत विश्वास करने के बजाय उसके स्रोत और प्रमाण की पड़ताल करने की आदत विकसित करनी होगी। यह भी समझना होगा कि अंधविश्वास केवल धार्मिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। अफवाहों पर विश्वास, बिना प्रमाण किसी व्यक्ति को विशेषज्ञ मान लेना, सोशल मीडिया की हर जानकारी को सत्य समझ लेना और बिना वैज्ञानिक आधार के स्वास्थ्य संबंधी दावों पर भरोसा करना भी उसी समस्या के अलग-अलग रूप हैं।**

भारत की शक्ति उसकी आस्था में ही नहीं, उसकी ज्ञान-परंपरा में भी रही है। समस्या पूजा, प्रार्थना या धार्मिक विश्वास में नहीं, बल्कि तब पैदा होती है जब चमत्कार को प्रमाण और अंधविश्वास को विवेक का विकल्प बना दिया जाता है। ज्योतिष, हस्तरेखा, भविष्यवाणी, तंत्र-मंत्र अथवा चमत्कारों के दावों के पीछे समाज की असुरक्षा और अनिश्चितता भी काम करती है। ऐसे समय में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अर्थ धर्म-विरोध नहीं, बल्कि प्रश्न पूछने और प्रमाण खोजने की आदत विकसित करना है। बच्चों को केवल उत्तर याद कराने के बजाय सवाल करना सिखाना होगा। मंदिरों के साथ प्रयोगशालाएँ, आस्था के साथ विवेक और परंपरा के साथ वैज्ञानिक चेतना ही आधुनिक भारत की वास्तविक आवश्यकता है। आज के भारत में एक दिलचस्प विरोधाभास दिखाई देता है। एक ओर देश अंतरिक्ष अनुसंधान, डिजिटल तकनीक, चिकित्सा, जैव-प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है, दूसरी ओर समाज के अनेक हिस्सों में चमत्कार, भविष्यवाणी, ज्योतिष, हस्तरेखा, तंत्र-मंत्र और तथाकथित दैवीय शक्तियों के दावों का आकर्षण बना हुआ है। समय-समय पर नए धार्मिक स्थल, आध्यात्मिक केंद्र और लोकप्रिय संत चर्चा में आते हैं। कोई धाम श्रद्धा का केंद्र बनता है तो किसी कथावाचक या संत के अनुयायियों की संख्या तेजी से बढ़ती है। यह केवल धर्म का विषय नहीं, बल्कि समाज की



मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक प्रवृत्तियों को समझने का विषय भी है। व्यंग्य में कहा जा सकता है कि हमारे यहाँ समय-समय पर नए-नए 'भगवान' लोकप्रिय हो जाते हैं। लेकिन इस व्यंग्य के पीछे एक गंभीर सवाल छिपा है–आखिर लोगों को चमत्कारों और अलौकिक दावों में इतना आकर्षण क्यों दिखाई देता है? मनुष्य स्वभाव से जिज्ञासु होने के साथ-साथ अनिश्चितताओं से भयभीत भी होता है। बीमारी, बेरोजगारी, विवाह, संतान, परीक्षा, नौकरी, आर्थिक संकट और भविष्य की चिंता उसे ऐसे उत्तरों की तलाश में ले जाती है जो तत्काल आश्वासन दे सकें। विज्ञान कई बार किसी समस्या का उत्तर खोजने में समय लेता है। इसके विपरीत कोई व्यक्ति यदि कुछ मिनटों में भविष्य बताने, बीमारी का कारण समझाने या समस्या के समाधान का दावा कर दे, तो संकट में घिरा व्यक्ति उसकी ओर आकर्षित हो सकता है। यही वह मनोवैज्ञानिक जमीन है, जहाँ अंधविश्वास का बाजार तैयार होता है। भारत में हाथ की रेखा देखकर भविष्य बताने वाले, विवाह और करियर की भविष्यवाणी करने वाले, ग्रह-दशा के आधार पर जीवन की दिशा तय करने वाले और चमत्कारों के दावे करने वाले अनेक लोग लोकप्रिय होते रहे हैं। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और व्यापक बना दिया है। पहले किसी दावे को सीमित क्षेत्र के लोग सुनते थे; अब एक वीडियो कुछ ही घंटों में लाखों लोगों तक पहुँच सकता है। दृश्य प्रभाव, भावनात्मक भाषा और व्यक्तिगत अनुभवों की कहानियाँ किसी दावे को प्रमाण जैसा बना सकती हैं, जबकि व्यक्तिगत अनुभव वैज्ञानिक प्रमाण के समान नहीं होता।

यहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की जरूरत सामने आती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अर्थ यह नहीं कि व्यक्ति पूजा न करे, मंदिर न जाए या अपनी धार्मिक मान्यताओं को छोड़ दे। आस्था निजी जीवन का विषय है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने विश्वास का अधिकार है। लेकिन किसी प्राकृतिक घटना, बीमारी, उपचार या चमत्कार संबंधी दावे को केवल श्रद्धा के आधार पर सत्य मान लेना वैज्ञानिक दृष्टिकोण नहीं है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण कहता है–प्रश्न पूछिए, प्रमाण देखिए, परीक्षण कीजिए और यदि प्रमाण बदलें तो अपनी धारणा बदलने के लिए भी तैयार रहिए। भारतीय ज्ञान-परंपरा स्वयं प्रश्न और जिज्ञासा से भरी रही है। आर्यभट से लेकर आधुनिक भारतीय वैज्ञानिकों तक हमारी परंपरा ने गणित, खगोल विज्ञान, भौतिकी, चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज भी भारतीय वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ विश्वभर में अपनी क्षमता का परिचय दे रहे हैं। इसलिए यह कहना उचित नहीं होगा कि भारत वैज्ञानिक सोच से अपरिचित देश है। असली चुनौती यह है कि वैज्ञानिक चेतना समाज के अंतिम व्यक्ति तक कितनी गहराई से पहुँच रही है। दुनिया के तकनीकी विकास को देखें तो जीपीएस, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, यूट्यूब, फेसबुक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी तकनीकों के पीछे वर्षों का शोध, प्रयोग, निवेश और असफलताओं से सीखने की प्रक्रिया रही है। इनका निर्माण किसी चमत्कार के दावे से नहीं, बल्कि समस्या को पहचानने, सवाल पूछने, प्रयोग करने और समाधान विकसित करने से हुआ। भारत में भी ऐसी प्रतिभा मौजूद है। प्रश्न यह है कि हम उस प्रतिभा को किस दिशा में प्रेरित कर रहे हैं? हमारे विद्यालयों की भूमिका यहाँ सबसे महत्वपूर्ण है। यदि बच्चे को हर प्रश्न का उत्तर केवल परंपरा के हवाले से दिया जाएगा, तो उसकी जिज्ञासा सीमित हो सकती है।

यदि उसे कहा जाएगा कि प्रश्न पूछो, प्रमाण खोजो और स्वयं जाँचो, तो वही बच्चा भविष्य में शोधकर्ता, वैज्ञानिक, चिकित्सक, इंजीनियर या नवाचारी उद्यमी बन सकता है। वैज्ञानिक चेतना विकसित करने के लिए परिवार, विद्यालय, मीडिया और सामाजिक संस्थाओं–सभी को अपनी भूमिका समझनी होगी। मीडिया को चमत्कार के दावों को सनसनी के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय उनके तथ्यात्मक पक्ष की जाँच करनी चाहिए। विद्यालयों में प्रयोग आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। परिवारों में बच्चों के प्रश्नों को दबाने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी वीडियो को देखकर तुरंत विश्वास करने के बजाय उसके स्रोत और प्रमाण की पड़ताल करने की आदत विकसित करनी होगी। यह भी समझना होगा कि अंधविश्वास केवल धार्मिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। अफवाहों पर विश्वास, बिना प्रमाण किसी व्यक्ति को विशेषज्ञ मान लेना, सोशल मीडिया की हर जानकारी को सत्य समझ लेना और बिना वैज्ञानिक आधार के स्वास्थ्य संबंधी दावों पर भरोसा करना भी उसी समस्या के अलग-अलग रूप हैं।

भारत को किसी की आस्था छीनने की आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता है विवेक को मजबूत करने की। हमें ऐसा समाज चाहिए जहाँ मंदिर हों तो प्रयोगशालाएँ भी हों, प्रार्थना हो तो शोध भी हो, परंपरा हो तो प्रश्न भी हों और विश्वास हो तो प्रमाण का सम्मान भी हो। आने वाली पीढ़ी के सामने हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य किसी नए चमत्कार की खोज नहीं, बल्कि नए प्रश्नों की खोज होना चाहिए। ऐसा भारत, जहाँ बच्चे यह न पूछें कि 'चमत्कार कैसे हो गया?', बल्कि यह पूछने का साहस रखें– 'इस दावे का प्रमाण क्या है?'

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज कमाई और खर्च के बीच संतुलन रहेगा। दिन के पहले भाग में जरूरी कार्य निपटा लेना चाहिए नहीं तो आपका काम अटक सकता है।

**वृषभ**
आज प्रेमी के साथ यादगार समय बिता पाएंगे। दिन लाभदायक रहेगा। आपको परिवार के साथ सुखद समय बिताने का मौका मिलेगा।

**मिथुन**
आज दिन का पहला भाग व्यस्तता भरा रहेगा क्योंकि आपको कुछ पारिवारिक जिम्मेदारियों की वजह से अपनी योजनाओं में बदलाव करना पड़ सकता है।

**कर्क**
आज दिन का दूसरा भाग खर्चीला रह सकता है। ऐसे में आपको अपने जरूरी काम दिन के पहले भाग में ही कर लेना चाहिए।

**सिंह**
आज,वाद विवाद में उलझने से बचना होगा ।वाद विवाद में उलझने से बचना होगासिंह राशि के जातकों राजनीतिक और सामाजिक काम में आपको भाग लेने का मौका मिल सकता है।

**कन्या**
आज,घरेलू जरूरतों पर खर्च होगा । दिन ज्ञान और अनुभव का नया दरवाजा खोलने वाला रहेगा। आपकी राशि में सूर्य की स्थिति से आपको पिता और पैतृक पक्ष से लाभ मिलेगा।

**तुला**
आज,आपका आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ेगा दिन रोमांटिक और उत्साहवर्धक रहेगा। आपका आत्मविश्वास और मनोबल बढेगा।

**वृश्चिक**
आज,वाणी पर संयम रखना चाहिए । दिन मिलाजुला रहने वाला है। दिन का पहला भाग आपके लिए अधिक अनुकूल है।

**धनु**
आज,उपहार और सम्मान मिलने की खुशी होगी ।दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा। दिन के दूसरे भाग में आपकी किसी परेशानी चिंता का समाधान मिल सकता है।

**मकर**
आज,धन और समय दोनों ही खर्च करना होगा ।दिन आरंभ में अनुकूल लेकिन बाद में व्यस्तता भरा रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समस्या को सुलझाने के लिए धन और समय दोनों ही खर्च करना होगा।

**कुंभ**
आज,दिन सुखद और रोमांटिक रहेगा दिन सुखद और रोमांटिक रहेगा। दिन का आरंभ सुकून के साथ होगा।

**मीन**
आज, सामाजिक दायरे का विस्तार होगा। दिन आर्थिक मामलों में सामान्य लेकिन सुख साधनों के मामले में अच्छा रहेगा। दिन का पहला भाग सुस्त रहेगा लेकिन दिन के दूसरे भाग में आपके काम में तेजी नजर आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवानिवृत्त रेलकर्मी की संदेहास्पद मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया एनएच-22 पर पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी पुल के पास रविवार को एक बाइक सवार व्यक्ति की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान महानंद राम, पिता स्व. केदार चरमकार, साकिन- देसीन बीघा, बुनियादगंज, गया के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी थे।स्थानीय लोगों के



अनुसार महानंद राम कुरथौल से किसी काम से अपने घर गया लौट रहे थे। इसी दौरान डुमरी पुल के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में वह अचेत होकर सड़क पर गिर पड़े।सूचना पर पहुंची पुनपुन पुलिस ने उन्हें तत्काल पुनपुन पीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।थानाध्यक्ष बमबम कुमार ने बताया कि बाइक सवार की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, यह अभी स्पष्ट नहीं है। क्योंकि शरीर पर कहीं भी चोट का निशान नहीं है और ना ही ब्लीडिंग हुई है,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### तारेगना स्टेशन पर 18 बोतल विदेशी शराब जप्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब तस्कर बाज नहीं आ रहे हैं। अब ट्रेनों को सॉफ्ट टारगेट बनाकर झारखंड से शराब की तस्करी की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार की देर रात को जीआरपी तारेगना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जनशताब्दी एक्सप्रेस से 18 बोतल विदेशी शराब जप्त की गई है। शराब एक ब्लैक और एक बैग में छुपाकर ट्रेन के डिब्बे में सीट के ऊपर लावारिस हालत में रखी गई थी। जानकारी के अनुसार झारखंड से पटना जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस में शराब होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद रेल थानाध्यक्ष सोनू कुमार के नेतृत्व में तारेगना स्टेशन पर ट्रेन में छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान शराब बरामद हुई, हालांकि तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि झारखंड से आने वाली सभी ट्रेनों पर नजर रखी जा रही है और नियमित सर्च अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड से लाकर मसौढ़ी और तारेगना में शराब की डिलीवरी की जा रही है, जिसको लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है और अब तक बड़ी मात्रा में शराब जप्त की जा चुकी है।

### छात्रा लापता, प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के पोठही गांव निवासी विक्की कुमार पिता संतोष ठाकुर ने अपनी 22 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी के गुमशुदा होने को लेकर पुनपुन थाना अध्यक्ष को आवेदन दिया है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आवेदक के अनुसार करीब 11:30 बजे उसकी पुत्री खुशी कुमारी घर से सुबीरा मेमोरियल कॉलेज सर्टिफिकेट जमा करने के लिए निकली थी। देर शाम तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई अता-पता नहीं चला। परिजनों ने बताया कि छात्रा अपने साथ मोबाइल रखे हुए थी, है। रिश्तेदारों और सहेलियों से संपर्क करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली।इस संबंध में पुनपुन थाना में मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित पिता ने पुलिस से अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी और उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मती तेज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी अनुमंडल में बाढ़ और अत्यधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मती मिशन मोड में जारी है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में ग्रामीण कार्य विभाग के मसौढ़ी प्रमंडल में भी काम में तेजी आई है। विभागीय रिपोर्ट के



अनुसार मसौढ़ी में बाढ़ से क्षतिग्रस्त 11 स्थानों को चिह्नित किया गया था, जिनमें से 6 स्थानों पर मरम्मती कार्य पूरा हो चुका है। शेष 5 स्थानों पर कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जिसमें धनरूआ के इमलिया रोड, वीर के अवधारा रोड, निजामत रोड,ननौरी के अलावा पर सड़क मरमती कार्य किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द आवागमन योग्य बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

### नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेड़ा पंचायत के सिरिया गांव में जितिया पर्व की खुशी मातम में बदल गई। जिस बेटे की लंबी उम्र के लिए मां ने निर्जला व्रत रखा था, वही बेटा नदी में डूबने से उसकी मौत हो गई, मृतक की पहचान सुमन कुमार, उम्र 9 वर्ष, पिता अमर पासवान, गांव सिरिया, थाना धनरुआ के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार शुक्रवार की शाम सुमन अपने दोस्तों के साथ गांव के पास नदी



में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। दोस्तों ने शोर मचाया लेकिन तब तक वह पानी में समा चुका था। काफी खोजबीन के बाद शनिवार सुबह उसका शव बरामद हुआ। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। जिस घर में जितिया पर्व को लेकर उत्साह था, वहां अब मातम छाया हुआ है। मासूम के मौत के बाद गांव में हर किसी की आंखें नम हो गई।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्या एजुकेशन ग्रुप, हसाडीह, मसौढ़ी में भाषण एवं पोस्टर/चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई



स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रिया कुमारी, शिवम कुमार, अंकुश कुमार, विवेक कुमार, संध्या कुमारी, आलोक कुमार, माही कुमारी सहित अन्य विद्यार्थियों ने 'स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत' और 'स्वच्छ भारत-विकसित भारत' विषय पर विचार रखे। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में सुदामा कुमार, अनुष्का कुमारी, पलक कुमारी, सुजाता कुमारी, वर्षा कुमारी, नंदिनी कुमारी, शीतल कुमारी, अरीबा निशात व सुजीत कुमार ने 'ग्रीन इंडिया-क्लीन इंडिया' व विकसित भारत विषय पर रचनात्मक पोस्टर बनाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मसौढ़ी विधानसभा संयोजक संजय केशरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद, जहानाबाद डॉ. अरुण कुमार उपस्थित रहे। मंच संचालन विंटर कुमार ने किया। मौके पर भाजपा पटना ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार, जिला मंत्री जितेंद्र कुमार यादव व राकेश कुमार, पालीगंज विधानसभा संयोजक नारायण जी, सोशल मीडिया संयोजक मनीष कुमार, वार्ड पार्षद शेखर आनंद, महामंत्री आलोक कुमार व संजीव कुमार, पिंटू रज्जक, शंकर चंद्रवंशी, नीरज शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

### पुनपुन नदी में बहता मिला 76 वर्षीय महिला का शव

*किंजर के पास नदी में डूबने के बाद बहकर नूरचक पहुंचा शव*

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के नूरचक गांव के दक्षिण पुनपुन नदी से रविवार को पुलिस ने एक 76 वर्षीय महिला का शव बरामद किया। मृतका की पहचान अरवल जिले के किंजर थाना क्षेत्र के किंजर गांव निवासी सुदामा राम की पत्नी मीना देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मीना देवी शनिवार को किंजर के पास पुनपुन नदी में डूब गई थीं। आशंका है कि नदी की तेज धारा में बहकर उनका शव पालीगंज के नूरचक गांव के पास पहुंच गया। रविवार को नदी में शव बहता देख स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिंगोड़ी थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतका के परिजनों में शोक का माहौल है।

# पुलिस पर जानलेवा हमले के बाद एक्शन में आई पुलिस

**शराब के गढ़ में सर्जिकल स्ट्राइक ● शराब तस्कर के घर से एक देसी कट्टा, जिंदा गोली जप्त ● 1000 लीटर महुआ निर्मित शराब 500 ड्रम नष्ट ●दो दर्जन से अधिक गिरफ्तार**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा पुलिस पर शराब माफियाओं द्वारा जानलेवा हमला करने के बाद पुलिस ने रविवार को बड़ा एक्शन लिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पांच थानों की पुलिस और करीब 80 पुलिस बल के साथ शराब तस्करों के गढ़ बेहरावां चकिया मुसहरी में सघन छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान नदी किनारे चल रहे देसी शराब के बड़े अड्डे का भंडाफोड़ हुआ। पुलिस ने मौके से 1000 लीटर से अधिक देसी शराब को नष्ट किया और जमीन के अंदर गड़े हुए 500 से अधिक ड्रम बरामद किए। साथ ही शराब बनाने के उपकरणों को भी ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान कुख्यात शराब तस्कर रवि मांझी के घर से एक अवैध देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया, हालांकि वह भागने में सफल रहा। छापेमारी होते देख कई तस्कर नदी में कूदकर फरार हो गए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल ने बताया कि दो दिन पूर्व पिपरा पुलिस जब गश्ती और शराब छापेमारी पर गई थी, तब सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला कर गिरफ्तार 5 शराब तस्करों को छुड़ा लिया था। इस मामले में पिपरा थाना में 51 नामजद और 80 से 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी के आलोक में पिपरा, लसुहना, केवड़ा और पुनपुन थाने की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। अभी तक फिलहाल 15 से 20 शराब तस्कर को पकड़ा गया है कई वाहन को भी जप्त किए गए हैं। डीएसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान फायरिंग जैसी आवाज भी आई है, जिसकी जांच की जा रही है। फिलहाल इलाके में ताबड़तोड़ छापेमारी जारी है। इस कार्रवाई से शराब माफिया के बीच जबरदस्त हड़कंप मची हुई हैं।

## गंगा दियारा में अवैध शराब की भट्ठियां ध्वस्त, 1000 लीटर अर्धनिर्मित शराब नष्ट, दो गिरफ्तार



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के मेकरा ओपी अंतर्गत गंगा दियारा इलाके में पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दियारा क्षेत्र में संचालित कई अवैध शराब की भट्ठियों को ध्वस्त किया। इस दौरान करीब 1000 लीटर अर्धनिर्मित शराब को नष्ट किया गया।मेकरा ओपी प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में एएसआई नवनीत कुमार की टीम ने मोर पेट्रोल पंप के उत्तर गंगा नदी के दियारा क्षेत्र में बनी झोपड़ी में छापेमारी की। पुलिस ने मौके से अवैध देशी शराब का निर्माण करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुल्तानपुर वार्ड नंबर-1 निवासी अरविंद बिंद (57) और मोर पूर्वी वार्ड नंबर-5 निवासी अजय सिंह (58) के रूप में हुई है।पुलिस ने मौके से करीब 85 लीटर देसी महुआ शराब, गैस सिलेंडर और चूल्हा समेत शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संदीप के निधन पर शोक बंद रही तमाम दुकानें





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना के बड़की धमौल निवासी मुन्ना कुमार के इकलौते पुत्र संदीप कुमार के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। युवा संदीप की मौत से आहत पभेड़ी मोड़ के सभी व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें पूर्णतः बंद रखीं और शोक श्रद्धांजलि दी देवदहा पंचायत के मुखिया मिथलेश कुमार ने बताया कि सुबह से ही पभेड़ी मोड़ बाजार के सभी प्रतिष्ठानों के शटर गिरे रहे और पूरे बाजार में सन्नाटा पसरा रहा श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से दुकानदार विमल कुमार, विजन कुमार, साधु प्रसाद, सोनू कुमार यादव, मुखिया मिथिलेश कुमार, संजीव कुमार, कलिंदर कुमार सहित सभी दुकानदार शामिल रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक के दादाजी डॉ नागेश्वर पभेड़ी मोड़ के पास ही क्लिनिक चलाते हैं। मृतक के पिता लुधियाना में काम करते हैं और मृतक का घर भी पभेड़ी मोड़ के पास ही स्थित है। पारिवारिक जुड़ाव और गहरे संबंधों के कारण पभेड़ी मोड़ के आसपास रहने वाले सभी दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद कर शोक संवेदना व्यक्त की। इधर घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि दशहरा पर्व पर बड़की धमौल स्थित मंदिर में विदेशिया नाच का कार्यक्रम इस बार होना था, इसी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर टेंपो पर सवार होकर पांच युवा बडकी धमौल जा रहे थे कि पाकड तर के पास टेंपो अनियंत्रित होकर पानी भरे गड्ढे में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई।

## दुगार्पूजा और रावण वध को लेकर मोकामा थाना में शांति समिति की बैठक



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुगार्पूजा, दशहरा और रावण वध कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मोकामा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने की, जबकि संचालन ब्रांड एम्बेसडर छितेंद्र कुमार सिंह ने किया।बैठक में शांति समिति के सदस्यों के साथ नगर एवं प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न दुगार्पूजा समितियों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान आगामी दुगार्पूजा, दशहरा एवं रावण वध कार्यक्रम के दौरान शांति, आपसी भाईचारा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने पूजा समितियों और शांति समिति के सदस्यों से पर्व के दौरान आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी या अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस-प्रशासन को सूचना दें और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करें, ताकि समय रहते स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।उन्होंने पूजा समितियों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा पर्व के दौरान जिम्मेदारी के साथ सहयोग करने की अपील की। पुलिस प्रशासन की ओर से कहा गया कि दुगार्पूजा और दशहरा जैसे महत्वपूर्ण पर्व प्रेम, सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाएं।बैठक में उपस्थित लोगों ने भी पर्व के दौरान प्रशासन के साथ सहयोग करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने का भरोसा दिलाया। बैठक के माध्यम से सभी पूजा समितियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों से मिल-जुलकर पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की अपील की गई। बैठक में अधिवक्ता प्रेम प्रकाश मनोज, कांग्रेस पटना-2 के जिलाध्यक्ष गुरजीत सिंह, किसान नेता जयकांत सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल रंजन, प्रदेश सचिव यशराज सूरज, मोर महारानी स्थान के दिनकर कुमार, मनोज कुमार शर्मा, पार्षद शोएब खान, पार्षद अखिलेश्वर कुमार गोपी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दुर्गा पूजा को लेकर भगवानगंज थाना में शांति समिति की बैठक



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर भगवानगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि, पूजा पंडाल समिति के सदस्य, स्थानीय गणमान्य लोग और बुद्धिजीवी वर्ग के लोग मौजूद रहे। थाना अध्यक्ष ने पूजा को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक और जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र, प्रवेश और निकास द्वार की समुचित व्यवस्था रखना अनिवार्य होगा। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करना होगा। भीड़ नियंत्रण के लिए वालंटियर की तैनाती और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अफवाह फैलाने वालों और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पूजा के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।मौके पर लोगों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे। सभी ने प्रशासन को सहयोग कर पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का भरोसा दिलाया।

## जब विसर्जन को नहीं मिलते थे लोग, तो मसौढ़ी में शुरू हुआ रावण दहन

*शशि तुलस्यान*

**1987 से मसौढी गांधी मैदान में हो रहा आयोजन**



मसौढ़ी में रावण बद्ध शुरूआत की कहानी,क्यों और कैसे हुई शुरूआत

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढी गांधी मैदान में होने वाला रावण वध समारोह सिर्फ एक मेला नहीं, बल्कि एक सोच की देन है। इसकी शुरूआत 1987 में हुई थी, और इसके पीछे कहानी बड़ी दिलचस्प है। उस समय दुर्गा पूजा तो होती थी, लेकिन दशमी के दिन प्रतिमा विसर्जन के लिए लोग नहीं मिलते थे। ज्यादातर लोग पटना चले जाते थे। मैदान खाली रह जाता था। तभी मसौढ़ी के समाजसेवी सुरेश प्रसाद गुप्ता और डॉ. शिवनाथ साह ने सोचा - क्यों न ऐसा कुछ किया जाए, जिससे मसौढ़ी में ही भीड़ जुटे, मजमा लगे। इसी सोच से रावण वध समारोह की योजना बनी। रावण वध की पहली टीम 6 लोगों की थी। दिवगत अध्यक्ष शिवनाथ शाह, कोषाध्यक्ष दातनारायण गुप्ता, साथ में सुनील साह, अशोक साह, सुनील कुमार और रामप्रवेश गुप्ता। इस टीम में कामेश्वर सिंह और नरेश सिंह भी जुड़े। संयोजक सुरेश प्रसाद गुप्ता खुद अपने हाथों से 20 फीट का रावण का पुतला बनाते थे। उस दौर के कलाकार में राम के रूप में संजय केसरी (पिता मुंशीलाल केसरी), सीता के रूप में अनिल कुमार, लक्ष्मण के रूप में सुनील शर्मा और हनुमान के रूप में सुनील शाह और अशोक कुमार एवं रामप्रवेश गुप्ता ओपनर की भूमिका में रहते थे। पहले कार्यक्रम में तत्कालीन एसडीओ भी मौजूद रहे थे। शुरूआत में प्रचार के साधन नहीं थे। टीम के लोग ट्रेनों में पर्चे (पम्पलेट) बांटते थे, रिक्शा-ठेले पर लाउडस्पीकर से पूरे शहर में अनाउंसमेंट करवाते थे कि अष्टमी-नवमी के बाद दशमी को रावण वध होगा। पहले साल करीब 1500 लोग जुटे। फिर भीड़ 2000, 3000 हुई और आज मसौढी गांधी मैदान में हजारों की भीड़ उमड़ती है। पुलिस-प्रशासन को विधि-व्यवस्था के लिए विशेष तैयारी करनी पड़ती है। सुरेश प्रसाद गुप्ता बताते हैं, "हमारा मकसद सिर्फ रावण जलाना नहीं था, बल्कि मसौढ़ी में लोगों को रोकना, एक साथ जोड़ना था। आज 40 साल बाद भी यह परंपरा जारी है, यह हमारे लिए गर्व की बात है।"1987 में जो छोटा सा प्रयास शुरू हुआ था, वह आज मसौढ़ी की पहचान बन गया है।

## पुनपुन में पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला,

**ईंट-पत्थर से मारकर फिर गाड़ी से रौंदने की कोशिश, पीएमसीएच रेफर**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के पोठही गांव में पुरानी रंजिश को लेकर पिता-पुत्र पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित निखिल कुमार (23 वर्ष), पिता राजेश कुमार ने पुनपुन थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन के अनुसार रात करीब 9:30 बजे अरूण कुमार यादव पिता उमानाथ सिंह उर्फ बेंगा यादव, चिटू कुमार पिता राजकुमार यादव, प्रिंस कुमार पिता राज कुमार यादव व 2-3 अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने मिलकर निखिल और उसके पिता राजेश कुमार की ईंट से मारकर सिर फोड़ दिया। पीड़ित का आरोप है कि वहां से किसी तरह जान बचाकर जब वे केवड़ा ओपी पर फॉर्म भरने गए, तो आरोपी पक्ष वहां भी पहुंच गया और पुलिस के सामने ही जान से मारने की धमकी दी। कहा कि पिस्टल होती तो वहीं मार देते। इसके बाद केवड़ा ओपी पुलिस ने उन्हें पुनपुन सदर अस्पताल भेजा। पीड़ित पिता-पुत्र बाइक से अस्पताल जा रहे थे, तभी फोरलेन स्थित वासुहार रेल गुमटी के पास पहले से घात लगाए बैठे अरुण यादव, चिटू कुमार और प्रिंस कुमार ने अपनी ग्रे रंग की ब्रेजा विटारा कार से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों उछलकर गिर पड़े।

## राजेंद्र सेतु के समानांतर नए डबल ट्रैक रेलवे पुल का सफल निरीक्षण



**70 से 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन, जल्द शुरू हो सकता है नियमित परिचालन**

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह स्थित राजेंद्र सेतु के समानांतर गंगा नदी पर नवनिर्मित डबल ट्रैक रेलवे पुल का रविवार को सफलतापूर्वक निरीक्षण किया गया। रेलवे के आला अधिकारियों की मौजूदगी में नए पुल और रेलवे ट्रैक की तकनीकी जांच के साथ स्पीड ट्रायल भी किया गया। ट्रायल के दौरान ट्रेन करीब 70 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से नए पुल से होकर गुजरी।जानकारी के अनुसार, नए रेल ट्रैक को परिचालन के लिए तैयार करने को लेकर पिछले कई दिनों से इंटरलॉकिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग का तकनीकी कार्य चल रहा था। यह कार्य 21 सितंबर से शुरू हुआ था और 4 अक्टूबर तक पूरा किया जाना था। कार्य पूरा होने के बाद रविवार को रेलवे अधिकारियों की टीम ने नए पुल और ट्रैक का विस्तृत निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे के कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने टाल जंक्शन से राजेंद्र सेतु जंक्शन तक नए ट्रैक और पुल का जायजा लिया। इस दौरान ट्रैक की मजबूती, अलाइनमेंट सहित विभिन्न सुरक्षा मानकों की जांच की गई।निरीक्षण का मुख्य आकर्षण नए ट्रैक पर किया गया स्पीड ट्रायल रहा। अधिकारियों की निगरानी में ट्रेन को अलग-अलग गति पर चलाकर ट्रैक और पुल की क्षमता तथा सुरक्षा व्यवस्था को परखा गया। करीब 70 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन का सफल परिचालन किया गया।नए डबल ट्रैक पुल के चालू होने से इस महत्वपूर्ण रेल मार्ग पर ट्रेनों के परिचालन की क्षमता बढ़ने की उम्मीद है। इससे उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच रेल संपर्क को भी मजबूती मिलेगी। रेलवे की ओर से अंतिम तकनीकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस नए पुल पर नियमित रेल परिचालन शुरू किए जाने की संभावना है।

## राष्ट्रीय रक्षा कोष के तहत उच्चतर शिक्षा के लिए प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति, मरांची के अमरनाथ पराशर का चयन



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड के मरांची गांव निवासी प्रतिभाशाली युवा अमरनाथ पराशर का चयन राष्ट्रीय रक्षा कोष के अंतर्गत उच्चतर शिक्षा हेतु प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना के लिए हुआ है। अमरनाथ वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ मरांची गांव में भी खुशी और गर्व का माहौल है।20 वर्षीय अमरनाथ पराशर श्रीमती सुमन कुमारी और रंजीत कुमार के पुत्र तथा बरियार टोला निवासी राम बालक सिंह के पौत्र हैं। वह आईआईटी कानपुर के हॉस्टल में रहकर अपनी पढ़ाई जारी रख रहे हैं।प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से 22 जुलाई 2026 को जारी पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमरनाथ को राष्ट्रीय रक्षा कोष के अंतर्गत उच्चतर शिक्षा हेतु प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना के लिए चयनित होने पर बधाई दी है। पत्र में प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई है कि यह छात्रवृत्ति अमरनाथ के सपनों को साकार करने तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी में सहायक होगी।

## मसौढ़ी मेन रोड में आरओबी निर्माण का मलबा बना आफत

**राहगीरों और दुकानदारों का जीना मुहाल**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी मेन रोड में आरओबी (रेल ओवर ब्रिज) निर्माण के बाद बीच सड़क पर छोड़ा गया मलबा अब राहगीरों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। सेंट्रल बैंक के पास मुख्य सड़क पर महीनों से पड़ा मलबा न सिर्फ जाम का कारण बन रहा है, बल्कि आसपास के दुकानदारों और मोहल्लेवासियों के लिए सिरदर्द बन चुका है। स्थानीय लोगों के अनुसार मसौढ़ी में आरओबी का निर्माण कछुआ गति से चल रहा है। पूर्वी छोर पर अभी भी निर्माण कार्य चल रहा है, वहीं मेन रोड में निर्माण कार्य लगभग बंद पड़ा है। लेकिन निर्माण के दौरान सड़क के बीचों-बीच फेंका गया मलबा अब तक नहीं हटाया गया है। इस मलबे के कारण पैदल चलने वाले राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क संकरी हो जाने से आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही मलबे से उठ रही दुर्गंध से आसपास रहना मुश्किल हो गया है, लोगों का जीना मुहाल हो गया है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि फिलहाल मेन रोड में आरओबी का कोई निर्माण कार्य नहीं चल रहा है, फिर भी बीच सड़क पर मलबा पड़ा हुआ है। मलबा हटाने को लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन और आरओबी के इंजीनियरों से गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे दुकानदारों में भारी रोष है।मलबा हटाने की मांग करने वालों में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय कुमार, विकाश कुमार, इंद्रजीत केसरी, गौरी शंकर केसरी, विशाल केसरी, राजेश कुमार, मूलचंद कुमार आदि दुकानदार शामिल हैं। सभी ने प्रशासन से जल्द से जल्द बीच सड़क से मलबा हटाने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गा पूजा पंडाल का अग्निशमन विभाग ने किया निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चम्पारण के अनुमंडल अग्निशमालय अंतर्गत पिपराकोठी में बन रहे भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का आज शनिवार को जिला अग्निशमन पदाधिकारी, मोतिहारी मो. आरिफुज्जमा के द्वारा सघन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंडाल में अग्नि सुरक्षा के उपायों, विद्युत व्यवस्था, पंडाल की मजबूती एवं आपातकालीन निकास द्वार की गहनता से जाँच की। उन्होंने पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि पंडाल में दो अलग-अलग चौड़े निकास द्वार रखे जाएं, पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्र एवं बालू भरी बाल्टियां रखी जाएं, बिजली के तारों में ओवरलोडिंग न हो और पंडाल के अंदर धूम्रपान पूरी तरह वर्जित रखा जाए। साथ ही बड़े पंडालों के लिए फायर एनओसी लेना अनिवार्य बताया गया। इस अवसर पर सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सहित अग्निशमन विभाग के अन्य कर्मी एवं पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहे। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने कहा कि त्योहार को सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सभी पूजा समितियों को अग्नि सुरक्षा मानकों का शत - प्रतिशत पालन करना होगा।



### 'सेवा मेरा योगदान' के तहत महादलित बस्ती में सामूहिक भोज का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सेवाकाल के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत आज मुफ्फसिल मंडल के भरौलिया चौक स्थित महादलित बस्ती में सभी समुदायों की सहभागिता के साथ सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 वर्षों तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में तथा 13 वर्षों से लगातार



देश के प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी निरंतर बिना थके और बिना अवकाश लिए देश के 140 करोड़ नागरिकों की सेवा में समर्पित हैं। उनके सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा का लाभ पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि छुआछूत और भेदभाव से ऊपर उठकर सेवा, समरसता और सामाजिक एकता के संकल्प के साथ जनसेवा का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।सामूहिक भोज जैसे कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे, समानता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ्फसिल मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने की, जबकि मंच का संचालन ओ बी सी मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर ने किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिंह, केदार शुक्ला, उत्तम मिश्रा, मैनेजर सिंह, मणिकुंडल कुमार, तेजा सहनी, महावीर मांझी, जयशंकर राम, राधेश्याम पाण्डेय, मसदी मांझी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सेवा ज्योति यात्रा की तैयारी को लेकर लखौरा मंडल में बैठक आयोजित

**मोतिहारी/लखौरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होने वाली 'सेवा ज्योति यात्रा' की तैयारियों को लेकर आज लखौरा मंडल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक के दौरान सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकताओं को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए यात्रा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं, जनसंपर्क एवं सहभागिता को लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए।



बैठक को संबोधित करते हुए मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि 'सेवा ज्योति यात्रा' सेवा, समर्पण और जनसहभागिता की भावना को आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण अभियान है। सेवा संकल्प के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान तक सेवा और सहयोग की भावना को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस यात्रा को सफल बनाने में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और उत्साह के साथ जुटें तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें। विधायक ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा और सामाजिक सरोकारों के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का माध्यम है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे यात्रा की तैयारियों को लेकर पूरी सक्रियता के साथ कार्य करें और कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाने में अपना योगदान दें। बैठक में उपस्थित मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सेवा ज्योति यात्रा को सफल बनाने के लिए पूरी तत्परता एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

# स्कूल बस की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

**खेत से घर लौटते समय हुआ हादसा, पटना एम्स में इलाज के दौरान तोड़ा दम; पुलिस ने बस जब्त की**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खीरी मोड़ थाना क्षेत्र के कोडिहरा गांव में रविवार को स्कूल बस की चपेट में आने से 76 वर्षीय वृद्धा पनवा देवी की मौत हो गई। वह खेत से काम कर घर लौट रही थीं। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें पालीगंज पीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स रेफर कर दिया गया। एम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका गांव के ही रामानुज पंडित की पत्नी थीं।

**सड़क पार करने के दौरान हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार, पनवा देवी खेत से लौटते समय सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान एक निजी स्कूल बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना एम्स रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

**बस जब्त, चालक की तलाश में जुटी पुलिस**

घटना के बाद खीरी मोड़ थाने की पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कूल बस को जब्त कर लिया है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है। वृद्धा की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## सोनियावां गांव में 31 वर्षीया महिला का शव बरामद

**शरीर पर मिले चोट के निशान, मौत के कारणों की जांच में जुटी पुलिस**

**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के सोनियावां गांव में सोमवार को पुलिस ने 31 वर्षीय महिला का शव बरामद किया। मृतका की पहचान सोनियावां गांव निवासी रंजीत मांझी की पत्नी रंजू देवी के रूप में हुई है। महिला के शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस मौत के कारणों की जांच में जुटी है। घटना की सूचना मिलने पर दुल्हिनबाजार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना के बाद मृतका के परिजनों में शोक का माहौल है।

## पति ने पत्नी को डंडे से पीट-पीट कर मार डाला, हत्या के बाद पूरा परिवार फरार

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिदुपुर थाना क्षेत्र के मथुरापुर वार्ड-6 में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां पति ने अपनी घर में सो रही पत्नी की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। ।इधर घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में लोग जुड़ गए। घर में मृतका की 5 साल की बेटी अकेली मिली। लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही बिदुपुर थाने की पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की जाँच पड़ताल में जुट गई।मृतका की पहचान आशा देवी (22 वर्ष), पिता गणेश पासवान के रूप में हुई है। इधर मृतका के घर में घटना की सूचना मिलते ही घर पर कोहराम मच गया। मृतका का मायका राघोपुर के जुरावनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर वार्ड-12 में है। उसकी शादी ढाई साल पहले मथुरापुर निवासी सुजीत पासवान, पिता विलास पासवान से हुई थी।

**दोनों की दूसरी शादी थी**

मृतका के परिजनों के अनुसार दोनों की यह दूसरी शादी थी। सुजीत की पहली पत्नी की बीमारी से मौत हो गई थी, जिससे उसके दो बच्चे हैं। आशा देवी के भी पहले पति की बीमारी से मौत हो गई थी, जिससे उसकी एक बेटी अंशिका कुमारी (5) है।

**पिता ने कहा- बच्चों को लेकर करता था विवाद**

मृतका के पिता गणेश पासवान ने बताया कि शादी के समय ही दोनों पक्षों को पहले विवाह और बच्चों के बारे में बता दिया गया था। बच्चों को लेकर ही अक्सर विवाद होता था। आरोप है कि इसी विवाद में रात में हत्या कर



दी गई। मृतका की मां ने बताया कि शादी के 6 महीने तक सब ठीक था, उसके बाद पति का व्यवहार बदल गया। वह पुराने ससुराल से संबंध रखने लगा और आशा के साथ मारपीट करने लगा। 5 दिनों से उसे खाना तक नहीं दिया जा रहा था। बीती रात 9 बजे आशा ने फोन कर कहा था कि "हमें ले चलो, नहीं तो ये लोग जिंदा नहीं छोड़ेंगे", लेकिन परिजनों ने सुबह लेने की बात कही। सुबह एक ग्रामीण ने फोन कर मौत की सूचना दी।

**मासूम अंशिका ने बताया कैसे की पिता ने हत्या**

मृतका की बेटी आशिक ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद मां सो रही थी। पापा ने डंडे से मां को मारा। उस वक्त दादी मठ पर गई थी और दादा घर पर नहीं थे। मां की हत्या करने के बाद पिता अपने परिवार के साथ फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही बिदुपुर थाने की पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई छानबीन के दौरान एफएसएल टीम भी घटनास्थल में पहुंच कर जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के दौरान घटनास्थल से कुछ सैंपल भी एकत्रित किया। जिसे अपने साथ ले गई। मामले की छानबीन के बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

# स्वच्छता पखवाड़-2026 के तहत सोनपुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर विशेष डीप क्लीनिंग अभियान

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत 03 अक्टूबर 2026 को सोनपुर मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशेष डीप क्लीनिंग ड्राइव चलाया गया। अभियान का उद्देश्य रेलवे परिसरों में स्वच्छता के





स्तर को और बेहतर बनाना तथा यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर यात्रा वातावरण उपलब्ध कराना है।अभियान के दौरान प्रमुख स्टेशनों के प्लेटफॉर्म, फुट-ओवर ब्रिज, कॉनकोर्स, सीढ़ियों, प्रवेश एवं निकास द्वार, सकुर्लेटिंग एरिया तथा पार्किंग स्थलों की गहन सफाई एवं प्रेशर वॉशिंग की गई।इसके साथ ही सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की डीप सैनिटाइजेशन करते हुए टाइल्स, फिटिंग, वॉश-बेसिन एवं फ्लश सिस्टम की सफाई की गई। आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य तथा दुर्गंध नियंत्रण पर भी विशेष ध्यान दिया गया। प्रतीक्षालय एवं कॉनकोर्स में ओवरहेड स्ट्रक्चर, सीलिंग फैन, लाइट फिटिंग एवं साइनेज बोर्ड की सफाई की गई। वहीं डस्टबिन की धुलाई तथा क्षतिग्रस्त डस्टबिन/लाइनर को बदलने का कार्य भी किया गया। प्लेटफॉर्म के समीप स्थित नालियों एवं जल निकासी स्थलों से गाद एवं कचरे की सफाई कर जल निकासी व्यवस्था को सुचारु रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। अभियान के दौरान यात्रियों एवं रेलकर्मियों से संवाद स्थापित कर उन्हें स्वच्छता बनाए रखने, स्वच्छ व्यवहार अपनाने तथा कचरे का उचित निस्तारण करने के प्रति जागरूक किया गया। यात्रियों से अपील की गई कि वे रेलवे परिसर को स्वच्छ रखने में रेल प्रशासन का सहयोग करें तथा कूड़ा निर्धारित डस्टबिन में ही डालें। सोनपुर मंडल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के दौरान रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों एवं रेलवे परिसरों में स्वच्छता गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। 'स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ रेलगाड़ी' के संदेश के साथ यात्रियों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

## जल जीवन हरियाली की भी समीक्षा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में जिले के सभी प्रखण्ड के साथ, जी राम जी, कायाकल्प योजना एवं जल-जीवन-हरियाली योजना की समीक्षा की गयी। बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,कार्यपालक एवं सहायक अभियंता,सभी कार्यक्रम पदाधिकारी (पीओ), सभी JEs और PTA मौजूद थे। 22अक्टूबर 2026 से VB-G RAM G योजना में एक महीना का 'लिल पीरियड को देखते हुए अधिकतम मानव दिवस सृजन एवं 15 अक्टूबर तक प्लांटेशन योजना को 100% कवरिंग करने का निदेश दिया गया।

## युवाओं के लिए रोजगार का अवसर, कल जिला नियोजनालय में जॉब कैंप

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, हाजीपुर, वैशाली ने जिला नियोजनालय, वैशाली परिसर में जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जॉब कैंप में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी जेपीटो द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।जिला पदाधिकारी ने जिले के युवाओं से अपील की है कि वे रोजगार के इस अवसर का अधिकाधिक लाभ उठाएं तथा निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जॉब कैंप में उपस्थित होकर भर्ती प्रक्रिया में भाग लें। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा नियोजन एवं कौशल विकास से संबंधित गतिविधियों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला नियोजन पदाधिकारी, वैशाली के अनुसार, 100 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण तथा आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को ₹16,200 से ₹25,000 तक वेतन तथा सीएम प्रतिज्ञा योजना के अंतर्गत ₹9,000 से ₹11,000 तक स्टाइपेंड का प्रावधान बताया गया है। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यस्थल दिल्ली एनसीआर, बेंगलुरु, चेन्नई एवं पुणे में होगा। कार्य की प्रकृति मुख्य रूप से वेयरहाउस में पिकिंग, पैकिंग एवं इन्वेंट्री मैनेजमेंट से संबंधित होगी। जॉब कैंप में भाग लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों का पोर्टल पर निबंधन आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी कल 05 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न 10:30 बजे तक जिला नियोजनालय, हाजीपुर, वैशाली परिसर में अपने बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

# गांधी जयंती पर महात्मा गांधी केंद्रीय विवि में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

**बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, भजनों से गूंजा बुद्ध परिसर, श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157 वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी भवन में कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर सभी ने बापू के बताए सत्य, अहिंसा और सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके उपरांत गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग तथा सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बुद्ध परिसर में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण देते हुए मुख्य कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि जैसे आकाश अनंत ऊँचा है और प्रशांत महासागर अथाह गहरा, वैसे ही भारत में एक ऐसा महामानव हुआ जिस पर पूरी दुनिया गर्व करती है। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम अपने राष्ट्रपिता की जयंती मना रहे हैं और गांधी जी के प्रति चंपारण की श्रद्धा अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा गांधी जी के दर्शन का आधार थे, जिनका पालन सत्याग्रही मन, वचन और कर्म से करते थे। 'अहिंसा वीर का आभूषण है।' कुलपति ने कहा कि गांधी जी की सबसे बड़ी सफलता यह थी कि वे विशाल जन-आंदोलन चला सके और उन्हें नियंत्रित भी रख सके। सत्य और अहिंसा में उनकी गहरी आस्था ने ही देश को आजादी दिलाई। उन्होंने कहा कि गांधी जी के आधारभूत विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। प्रार्थना सभा में 'सत्यम शिवम सुंदरम' और 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रो. श्याम कुमार झा ने कबीर का भजन 'झीनी झीनी बीनी चदरिया' प्रस्तुत किया। हिंदी विभाग के छात्र मनोज कुमार ने चंपारण सत्याग्रह से प्रेरित भजन गाया, ऋत्विज भारद्वाज ने 'मोरे चरखे का टूटे न तार' तथा श्री प्रशांत ने 'साबरमती के संत' और 'रघुपति राघव राजा राम' की मनमोहक प्रस्तुति दी।

## आरबीएसके अभियान में पांच बच्चों को मुफ्त सर्जरी के लिए पटना भेजा

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन्मजात क्लेफ्ट लिप, क्लेफ्ट पैलेट और टंग टाई से प्रभावित पांच बच्चों के लिए इलाज की राह आसान हुई है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के विशेष अभियान के तहत इन बच्चों को निःशुल्क सर्जरी के लिए गुरुवार को पटना भेजा गया। इनमें तीन बच्चों की क्लेफ्ट लिप और क्लेफ्ट पैलेट की सर्जरी मेडिवर्सल मैत्री हॉस्पिटल, पटना में स्माइल ट्रेन इंडिया के माध्यम से निःशुल्क कराई जाएगी। वहीं, टंग टाई से प्रभावित दो बच्चों को आवश्यक जांच और सर्जरी के लिए एनएमसीएच, पटना भेजा गया है। अभियान के तहत वैशाली से 12 बच्चों को मेडिवर्सल मैत्री हॉस्पिटल, पटना में आयोजित विशेष शिविर में जांच और उपचार के लिए भेजा गया था। जांच के बाद तीन बच्चों को सर्जरी के लिए फिट पाया गया। कुछ बच्चों में सर्दी-खांसी की समस्या मिली, जबकि कुछ बच्चे कम वजन के पाए गए। उन्हें आवश्यक पोषण संबंधी अनुपूरक उपलब्ध कराते हुए आगे की जांच के लिए बुलाया गया है। सर्जरी के लिए फिट पाए गए तीन बच्चों को गुरुवार को एम्बुलेंस से उनके माता-पिता के साथ पटना भेजा गया।

# राजयोग शिविर में गिरीश ने बताया आध्यात्मिकता का वास्तविक अर्थ, कहा- मन की शांति और कर्म की सच्चाई ही पहचान

**छपरा में तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ, पूजा- पाठ से आगे है आध्यात्मिक जीवन**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में आयोजित तीन दिवसीय राजयोग शिविर का रविवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रख्यात अंतर्राष्ट्रीय काउंसलर ईवी गिरीश (मुंबई), सीपीएस ग्रुप के निदेशक डॉ. हरेंद्र सिंह, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय छपरा की मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी अनामिका दीदी, छपरा जंक्शन के स्टेशन डायरेक्टर राजेश प्रसाद, बीके रानी बहन और बीके उर्मिला बहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के पहले दिन बड़ी संख्या में लोगों ने राजयोग और आध्यात्मिक जीवन से जुड़े विचारों को सुना। अंतर्राष्ट्रीय काउंसलर ईवी गिरीश ने ह्यआध्यात्मिकता की सत्य पहचानह्ल विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आध्यात्मिकता केवल पूजा- पाठ अथवा धार्मिक कर्मकांड तक सीमित नहीं है। इसकी वास्तविक पहचान व्यक्ति के विचार, व्यवहार और जीवन जीने के तरीके से होती है। उन्होंने कहा कि



आध्यात्मिकता की पहली पहचान मन की शांति है। परिस्थितियां कैसी भी हों, व्यक्ति अपने भीतर शांति और संतुलन बनाए रखे। बाहरी परिस्थितियों पर नियंत्रण हमेशा संभव नहीं होता, लेकिन अपने मन और प्रतिक्रिया पर नियंत्रण रखा जा सकता है। उन्होंने दूसरी पहचान व्यवहार में करुणा को बताया। उनके अनुसार अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष से ऊपर उठकर दूसरों के प्रति प्रेम, क्षमा और संवेदना का भाव रखना ही आध्यात्मिकता का वास्तविक स्वरूप है। व्यक्ति की आध्यात्मिक प्रगति उसके व्यवहार में दिखाई देनी चाहिए। ईवी गिरीश ने तीसरी पहचान कर्म में सच्चाई बताते हुए कहा कि आध्यात्मिक व्यक्ति दिखावे से दूर रहता है और ईमानदारी, संयम तथा निस्वार्थ भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है। उन्होंने कहा कि केवल ज्ञान प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस ज्ञान को जीवन में उतारना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सच्ची आध्यात्मिकता वही है, जो इंसान को भीतर से बेहतर, मन से शांत और व्यवहार से सरल बनाए। राजयोग के माध्यम से व्यक्ति अपने विचारों को सकारात्मक दिशा देकर जीवन में संतुलन और आत्मिक शांति प्राप्त कर सकता है।

# मौर्य शिक्षक मंच की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**जिला कमेटी का विस्तार, कई पदों पर नियुक्तियां; मौर्य मेधा खोज प्रतियोगिता कराने का निर्णय**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय मौर्य शिक्षक सह शिक्षा मंच, पटना जिला इकाई की बैठक रविवार को दुल्हिन बाजार प्रखंड के अछुआ गांव स्थित पीएनके कॉलेज परिसर में हुई।




अध्यक्षता मंच के जिला अध्यक्ष शशिभूषण कुमार वर्मा ने की, जबकि संचालन महासचिव डॉ. सत्येंद्र प्रसाद ने किया। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षाविद शामिल हुए। बैठक में संगठन के विस्तार और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण पर विशेष चर्चा हुई। इसके तहत पटना पश्चिमी क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में संगठन के अध्यक्षों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। साथ ही कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की गईं। डॉ. अयोध्या कुमार को जिला संरक्षक, विमल कुमार को पालीगंज अनुमंडल संरक्षक तथा प्रो. गोपाल प्रसाद को मसौढ़ी अनुमंडल संरक्षक बनाया गया। प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए होगी मेधा खोज परीक्षा बैठक में सामाजिक और शैक्षणिक हित से जुड़ा महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिला स्तर पर 'मौर्य मेधा खोज प्रतियोगिता परीक्षा' आयोजित करने की घोषणा की गई। मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि परीक्षा में सफल प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को राजधानी पटना में भव्य समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। समारोह कृष्णा मेमोरियल हॉल या बापू सभागार में कराने की योजना है। प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बैठक में दानापुर के प्रखंड अध्यक्ष विश्वजीत वर्मा, फुलवारीशरीफ के बसंत कुमार, बिहटा के प्रो. अनिल कुमार वर्मा और नौबतपुर के सुशील कुमार वर्मा समेत विभिन्न प्रखंडों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि पीएनके कॉलेज के सचिव डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने मंच के कार्यों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# चंपारण परिवर्तन महोत्सव में सांसद राधा मोहन सिंह ने दिया विकसित चंपारण के निर्माण का संदेश

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चंपारण परिवर्तन महोत्सव में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने सहभागिता कर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चंपारण परिवर्तन महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि नई सोच, नए संकल्प और विकसित चंपारण के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयास का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि चंपारण की पहचान केवल उसके गौरवशाली इतिहास तक सीमित नहीं है। यह वह ऐतिहासिक धरती है, जहाँ से पूज्य महात्मा गांधी ने सत्याग्रह के माध्यम से देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। चंपारण ने हमेशा देश और समाज को मार्ग दिखाने का कार्य किया है। आज आवश्यकता है कि हम अपने



गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर आधुनिक, आत्मनिर्भर और विकसित चंपारण के निर्माण का संकल्प लें। श्री सिंह ने कहा कि परिवर्तन का अर्थ केवल व्यवस्था में बदलाव नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, बुनियादी सुविधाओं, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में निरंतर विकास के माध्यम से चंपारण को नई ऊंचाइयों तक ले जाना हमारा सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में बिहार और चंपारण की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। चंपारण की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए उसे विकास और पर्यटन के नए अवसरों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। सांसद ने कहा कि चंपारण का विकास तभी सार्थक होगा, जब विकास की धारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल एवं रोजगार के नए अवसर तैयार हों। स्थानीय प्रतिभा, स्थानीय उत्पाद और स्थानीय संसाधनों को प्रोत्साहन देकर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि चंपारण के विकास को केवल सरकार या किसी एक संस्था का दायित्व न मानकर इसे जनभागीदारी का अभियान बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जब समाज की शक्ति, युवा ऊर्जा और जनप्रतिनिधियों के प्रयास एक दिशा में आगे बढ़ेंगे, तभी परिवर्तन स्थायी और व्यापक बनेगा। श्री सिंह ने कहा कि जिस चंपारण ने देश को सत्याग्रह का संदेश दिया, वही चंपारण अब विकास, आत्मनिर्भरता और नवाचार का संदेश देश-दुनिया को दे - यह हमारा संकल्प होना चाहिए। चंपारण परिवर्तन महोत्सव इसी सामूहिक संकल्प और नई ऊर्जा का प्रतीक बने, यही मेरी कामना है।

# शिक्षकों को समस्या समाधान का मंत्री ने दिलाया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी का रविवार को दाउदनगर के अंछा चौरम पुल के पास सामाजिक, राजनीतिक एवं शिक्षाविदों ने स्वागत किया। शिक्षा मंत्री पटना से दाउदनगर होते हुए जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पटना लौटने के क्रम में वे अंछा चौरम पुल के पास पहुंचे, जहां भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। विवेकानंद मिशन स्कूल के मैनेजर सुनील कुमार सिंह व डिप्टी डायरेक्टर अद्यन्त वत्स समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री को अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। शिक्षकों ने समस्याओं के समाधान और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने उपस्थित शिक्षकों से बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार शिक्षकों की सुख-सुविधाओं को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को बेहतर एवं संस्कारयुक्त शिक्षा देने पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान और उनकी सुविधाओं के लिए सरकार कृतसंकल्पित है।इस मौके पर शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, डॉ. दिनेश वर्मा, सुनील दुबे, राकेश पांडेय, नीरज पांडेय, मुकेश मिश्रा, रोशन श्रीवास्तव, पंकज प्रसाद, राजन मिश्रा, त्रिपुरारी तिवारी, संजीत यादव, विकास तिवारी, सतीश राय, सुभाष प्रसाद, उदय पांडेय, विमल मिश्रा, अभिषेक कुमार, दीपक कुमार, प्रमोद प्रसाद, संतोष कुमार, चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी उपस्थित रहे।



## शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार, बाइक जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज कासमा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बीते शाम बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई कासमा थाना कांड संख्या 76/26 के मामले में की। थानाध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने दुग्गुल मोड़ के पास छापेमारी कर अकौनी, थाना गोह निवासी ओमप्रकाश कुमार, पिता अरविंद यादव को गिरफ्तार किया। उसके पास से 42 लीटर देशी शराब बरामद की गई। मौके से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा शराब तस्करी एवं अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# दाउदनगर में नवंबर में होगा जरासंध महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । चंद्रवंशी विकास मंच अनुमंडल कमिटी दाउदनगर की बैठक रविवार को की गई। अध्यक्षता मंच के संयोजक प्रियतम सिंह चंद्रवंशी ने किया। सर्वसम्मति से तय किया गया कि आगामी 22 नवंबर दिन रविवार को सियाराम पैलेस, (अरविंद हॉस्पिटल के बगल में) औरंगाबाद रोड, दाउदनगर में भव्य रूप से मगध सम्राट जरासंध महोत्सव मनाया जाएगा। मंच के अनुमंडल अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार सिंह चंद्रवंशी ने बताया कि इस महोत्सव में बिहार के सभी चंद्रवंशी नेताओं, शिक्षाविद, पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता को आमंत्रित किया जाएगा। इस महोत्सव में अनुमंडल के प्रथम श्रेणी से मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट उत्तीर्ण चंद्रवंशी विद्यार्थियों एवं ब्लड डोनर को सम्मानित किया जाएगा। इस बैठक में मंच के अनुमंडल सचिव राम प्रसाद, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास कुमार, प्रखण्ड अध्यक्ष मार्कण्डेय चंद्रवंशी, ओबरा प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया सुदर्शन चंद्रवंशी, गोह प्रखण्ड अध्यक्ष सोनू चंद्रवंशी, हसपुरा प्रखंड अध्यक्ष प्रतिनिधि गौतम चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, कृष्ण प्रसाद, मनोज चंद्रवंशी, उदय कुमार, सुर्यनाथ चंद्रवंशी, गोरेलाल चंद्रवंशी, राहुल चंद्रवंशी, विक्की चंद्रवंशी, अंकज चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी, योगेश्वर चंद्रवंशी, मुंगेश्ववर चंद्रवंशी, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



# क्षत्रिय सेवा संस्थान की बैठक में समाज की समस्याओं पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रफीगंज शहर के बाबूगंज में रविवार को क्षत्रिय सेवा संस्थान की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अर्जुन सिंह ने की, जबकि संचालन चंदन सिंह ने किया। बैठक में क्षत्रिय समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों और सरकार की नीतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि क्षत्रिय समाज के पूर्वजों ने अपने खून-पसीने से देश के निर्माण और सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में समाज के लोगों को विभिन्न कानूनों के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज अब किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगा और अपने अधिकारों एवं सम्मान के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएगा।



बैठक के दौरान समाज में एकजुटता, संगठन को मजबूत करने और सामाजिक हितों से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने समाज के लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और संगठित होकर सामाजिक मुद्दों पर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील की। बैठक का समापन हरेंद्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस अवसर पर प्रो. अनिल सिंह, गुड्डू सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, अमरेंद्र सिंह,सुनील सिंह, मनोज सिंह, रविभूषण सिंह, अशोक सिंह, रविंद्र सिंह, साधुशरण सिंह, अमरेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, गोपाल सिंह, कृष्णा सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# भीड़ के आगे छोटा पड़ गया नप परिसर

## नहाए खाए और व्रत के दिन नकल देखने वालों का जुटा हुजूम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । नगर परिषद परिसर में आयोजित चार दिवसीय जिउतिया लोक उत्सव में इतनी भीड़ नकल देखने वालों की जुटी कि पूरा परिसर छोटा पड़ गया। नहाए खाए और व्रत के दिन इतनी भीड़ नहीं जुटती थी। यहां कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य पार्षद अंजली कुमारी व कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी एवं अन्य ने किया। वर्ष 2016 में मुख्य पार्षद नगर पंचायत परमानंद प्रसाद द्वारा इस परिसर में आयोजन का आरंभ किया गया था तब से लेकर अब तक की सर्वाधिक भीड़ इस वर्ष जुटी। दरअसल महिलाएं सुरक्षा को लेकर आश्वस्त रहती हैं कि यह प्रशासनिक इकाई का परिसर है। खुद को सुरक्षित भी महसूस करती हैं, नतीजा बड़ी संख्या में यहां हर उम्र की महिलाएं पहुंचती हैं। व्रत के दिन जितनी भीड़ जुटी उससे एक बात तो स्पष्ट हो गई कि नगर परिषद को अगले वर्ष जितिया लोक उत्सव के आयोजन के समय कुछ बातों पर ध्यान देना होगा। पंडाल और अधिक बड़ा करना होगा, मंच को कम से कम दोगुना ऊंचा करना होगा, कार्यालय से सटे बने मंच को और मजबूत करना होगा और बड़े डिस्प्ले पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था करनी होगी। व्रत के दिन मंच के सामने बाएं तरफ बने अलग मंच के टूटने का कई बार डर लगा। इसलिए इस मंच को और मजबूत बनाने की जरूरत होगी। लोक कलाकारों को प्रस्तुति देने के लिए मंच तक आने और जाने का मजबूत बैरिकेडिंग किया हुआ सुरक्षित मार्ग बनाने की भी आवश्यकता महसूस हुई। मुख्य पार्षद अंजली कुमारी और कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी को भी उम्मीद नहीं थी कि इतनी भीड़ जुटेगी।



**बिना पुलिस बल आयोजन व्यवस्थित**

नप के अलावा भी शहर में काफी भीड़ रही। पटवा टोली इमलितल, कसेराटोली, दाउदनगर-बारुन रोड में छत्तर दरवाजा से लेकर नप तक, मुख्य पथ पर, लखन मोड़ से इमलितल तक, यहां से नप तक काफी भीड़ सड़क पर रही। महिला से लेकर पुरुष तक की भीड़ रही। कुछ युवा भोंपू बजाकर तंग करते नजर आए। ऐसे लोग माहौल खराब करने का काम करते हैं। इसके बावजूद इस बात की भी दाद देनी होगी कि बिना पुलिस बल की तैनाती के शहर में इतना बड़ा आयोजन होता है, और कोई घटना दुर्घटना नहीं होती। इतनी भीड़ दूसरे किसी भी पर्व त्यौहार या आयोजन में नहीं होती, जितनी जितिया में होती है। गया जी में लगने वाले पितृ पक्ष मेला के कारण कभी भी पुलिस बल की उपलब्धता पर्याप्त या आवश्यकता के अनुसार भी नहीं रहती। इसके बावजूद यहां के लोक का अनुशासन ही है कि चार दिवसीय लोकोत्सव शांतिपूर्ण सफल हो पाता है।

# रफीगंज महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

## आयोजन समिति का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज में महोत्सव के आयोजन को लेकर रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजकिशोर पाठक ने की, जबकि संचालन विकास कुमार ने किया। इस दौरान अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से 'रफीगंज महोत्सव' नामकरण को मंजूरी दी गई। महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने महोत्सव के आयोजन पर जोर देते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।



समिति में राजू गुप्ता को अध्यक्ष, संतोष साव, पूर्व मुखिया प्रदीप चौहान, पंचायत समिति बसंती देवी व पन्नालाल को उपाध्यक्ष, सुनील कुमार मिश्र को सचिव, प्रमोद यादव को उप सचिव, डॉ. विकास को कोषाध्यक्ष और विकास कुमार को संयोजक बनाया गया। वहीं कुणाल सिंह को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। राजकिशोर पाठक को संरक्षक बनाया गया।

इसके अलावा राजेश पासवान, डीके सूरज, सुनील दीप, डॉ. तुलसी यादव, लड्डू खां, हरेंद्र सिंह, संदीप कुमार, पप्पू कुमार, अनिल विश्वकर्मा व पुरुषोत्तम कुमार सहित अन्य लोगों को समिति में शामिल किया गया।

# अनुरक्षण की बकाया राशि को लेकर पटना में देंगे धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा(औरंगाबाद)**। हसपुरा ब्लॉक कैम्पस स्थित शिव मंदिर के परिसर में रविवार को धरना की तैयारी को वार्ड सदस्यों की बैठक हुई। अध्यक्षता वार्ड संघ के अध्यक्ष गुडु पासवान ने की। बैठक में शामिल सभी वार्ड सदस्यों ने सात निश्चय योजना के अंतर्गत कार्य कर रहे अनुरक्षक का बकाया राशि को लेकर चिंता जताते हुए बकाया राशि को लेकर आंदोलन करने का रूप रेखा तैयार किया गया। वार्ड संघ के प्रखंड अध्यक्ष गुडु पासवान ने कहा हमारी मांगों को लेकर राज्य स्तरीय संघ लगातार आंदोलन चला रहे हैं। हम सब उनके आंदोलन में 6 अक्टूबर मंगलवार को पटना के गर्दनीबाग में शामिल होगें और संघ को ताकत भरेंगे। वार्ड सदस्य अरूण कुमार सिंह,जावेद अंसारी, वीरेंद्र कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार नौशाद आलम, मुमताज अहमद ने कहा सरकार बकाया राशि भुगतान के लिए बराबर कहती है लेकिन आश्वासन ही रह रह जाता है। पिछले कई वर्षों से सात निश्चय योजना अंतर्गत नल-जल में अनुरक्षक का कार्य करते आ रहे हैं। लेकिन समय पर किया गया कार्य का मानदेय नहीं दिया जा रहा है। बिहार के कोने - कोने से वार्ड अनुरक्षक पटना पहुंचेंगे और सरकार को धरना के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराएंगे। बैठक में शामिल पार्वती देवी,सरोज देवी, प्रमिला देवी, उदय कुमार शर्मा, मंजु देवी, सुमन कुमारी, जयनंदन सिंह दर्जनों वार्ड अनुरक्षकों ने कहा कि 6 अक्टूबर को पटना पहुंचकर आंदोलन को मजबूत करेंगे।

# आरबीआर खेल मैदान में 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता, सैकड़ों प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर स्थित आरबी खेल मैदान में अग्निपथ फिजिकल अकादमी के तत्वावधान में 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में औरंगाबाद, गया एवं जहानाबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों से सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें बिहार पुलिस, बिहार पुलिस मद्यनिषेध, रेडियो ऑपरेटर, एसएससी जीडी, होमगार्ड, दिल्ली पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस, झारखंड पुलिस समेत विभिन्न सरकारी सेवाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गणेश कुमार ने किया, जबकि अध्यक्षता किट्टु ने की। अतिथि के रूप में छात्र नेता किशु गुप्ता, समाजसेवी अजीत कुमार, विवेक कुमार सिंह, आशीष यादव, प्रकाश यादव एवं अमरजीत कुमार मौजूद रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोहम्मद फहीम, द्वितीय गौरव कुमार, तृतीय शक्तिमान कुमार, चतुर्थ गौतम कुमार और पंचम स्थान लारा यादव ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को अतिथियों ने मेडल एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर प्रांशु सिंह राजपूत, ट्रेनर रुद्रांशु कुमार, सुजीत यादव, पवन यादव, निखिल कुमार, सुरेंद्र कुमार, संजीत कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



# जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन पर हस्ताक्षर के लिए रिश्वत मांगने का आरोप, सेविका ने बताया बेबुनियाद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। रफीगंज प्रखंड के थवई गांव निवासी अमरेंद्र कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 215 की सेविका रिंकी देवी और उनके पति रमेश मिस्त्री पर जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन पर हस्ताक्षर करने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। अमरेंद्र कुमार ने बताया कि 1 अक्टूबर को वह अपनी पुत्री स्वीटी कुमारी के जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन पर हस्ताक्षर कराने के लिए केंद्र पर गए थे। आरोप है कि उनसे 5 हजार रुपये की मांग की गई। उन्होंने गूगल-पे के माध्यम से राशि देने की बात कही तो सेविका के पति ने कथित तौर पर गुस्सा करते हुए अभद्र व्यवहार और धक्का-मुक्की की।

वहीं, सेविका के पति रमेश मिस्त्री ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि आवेदन फॉर्म पूरी तरह भरा हुआ नहीं था और उसे पूरा करने के लिए कहा गया था। इसी दौरान अमरेंद्र कुमार वीडियो बनाने लगे। वीडियो बनाने से मना करने पर उन्होंने गाली-गलौज की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की राशि की मांग नहीं की गई है।

# बच्चों की लंबी उम्र के लिए माताओं ने की पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। मदनपुर प्रखंड क्षेत्र में जीवित्पुत्रिका व्रत (जिउतिया) को लेकर शनिवार को पूरे दिन उत्साह का माहौल बना रहा। प्रखंड के विभिन्न गांवों और टोले-मोहल्लों में माताओं ने अपने बच्चों की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना को लेकर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ जिउतिया व्रत किया। शाम होते ही कई स्थानों पर महिलाएं समूह में एकत्रित हुईं और पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। जिउतिया पर्व को लेकर सुबह से ही महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। व्रती महिलाओं ने पूरे दिन कठिन व्रत रखकर शाम के समय पूजा की तैयारी की। पूजा स्थल पर आम की टहनी, फूल, अक्षत, प्रसाद सहित अन्य पूजन सामग्री सजाई गई। इसके बाद महिलाओं ने सामूहिक रूप से जिउतिया महाराज की पूजा-अर्चना की और विधि-विधान के साथ कथा सुनी। पूजा के दौरान महिलाओं ने अपने संतान की दीर्घायु और परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। कई गांवों में महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ मिलकर जिउतिया की कथा सुनी तथा पर्व से जुड़ी पारंपरिक मान्यताओं और रीति-रिवाजों का पालन किया। देर शाम शुरू हुआ पूजा-अर्चना का सिलसिला कई जगहों पर देर रात तक चलता रहा। जीवित्पुत्रिका व्रत को माताओं के लिए विशेष महत्व वाला पर्व माना जाता है। इस अवसर पर महिलाएं अपने बच्चों की लंबी उम्र और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हैं। व्रती महिलाओं ने श्रद्धा के साथ निर्जला व्रत रखा। कठिन व्रत के बावजूद महिलाओं में उत्साह और आस्था बनी रही। पूजा के दौरान घर-परिवार के बड़े-बुजुर्गों के साथ महिलाएं पारंपरिक गीत और भक्ति भाव से पर्व मनाती नजर आईं। बता दें कि मदनपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में जिउतिया पर्व को लेकर खासा उत्सवी माहौल रहा। पूजा को लेकर महिलाओं ने पहले से ही आवश्यक सामग्री की खरीदारी कर रखी थी। गांवों में समूह बनाकर पूजा करने की परंपरा के कारण आपसी मेल-जोल भी बढ़ा। शाम के समय पूजा स्थलों पर महिलाओं की भीड़ और धार्मिक वातावरण देखने को मिला। व्रती महिलाओं ने कहा कि जिउतिया उनके लिए केवल एक पर्व नहीं, बल्कि संतान के प्रति मां के प्रेम, त्याग और आस्था का प्रतीक है। बच्चों की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली की कामना के साथ पूरे श्रद्धाभाव से यह व्रत किया जाता है। पूजा संपन्न होने के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# निजी विद्यालय समाज निर्माण की रीढ़, समस्याओं का होगा समाधान : अवधेश नारायण सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)**। प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को शहर के लिच्छवी भवन में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों के 85 निजी विद्यालयों से पहुंचे 400 उत्कृष्ट शिक्षकों व शिक्षाविदों को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि समाज को सही दिशा देने और राष्ट्र निर्माण में निजी विद्यालयों व शिक्षकों की भूमिका अहम है। उन्होंने संगठन की वाजिब मांगों को शासन स्तर पर प्रमुखता से उठाने का आश्वासन दिया। समारोह में भभुआ विधायक भरत बिंद ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार के लिए निजी विद्यालय परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं, बार एसोसिएशन अध्यक्ष रवींद्र नाथ चौबे ने शिक्षकों को समाज का सच्चा मार्गदर्शक बताया। इससे पूर्व एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजय कुमार तिवारी ने मंच से निजी विद्यालयों की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से रखा और उनके निराकरण की मांग की।




## देवरिया में बंद घर से 10 लाख के जेवर व एक लाख नकद चोरी

**जहानाबाद**। नगर थाना क्षेत्र के देवरिया मोहल्ले में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर 10 लाख रुपये से अधिक के जेवरात और एक लाख रुपये नकद चुरा लिए। गृहस्वामी परिवार सहित जितिया पर्व मनाने पैतृक गांव गए हुए थे। देवरिया निवासी व्यवसायी अरुण कुमार सिंह सपरिवार मखदुमपुर प्रखंड के बंदिया स्थित अपने पैतृक गांव गए थे। पड़ोसियों से सूचना मिलने पर जब वे लौटे, तो मुख्य द्वार और कमरों के ताले टूटे मिले। अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। गृहस्वामी के अनुसार, चोर नकदी व आभूषणों के अलावा बर्तन तथा अन्य कीमती सामान भी समेट ले गए। सूचना पर पहुंची डायल-112 और नगर थाना पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। नगर थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आवश्यकता पड़ने पर डॉग स्क्वॉड की मदद ली जाएगी। पुलिस ने पीड़ित से चोरी गए सामान की सूची के साथ लिखित आवेदन मांगा है। इधर, स्थानीय निवासी संजय कुमार यादव सहित अन्य मोहल्लेवासियों ने पर्व-त्योहारों के दौरान बंद घरों की सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र में नियमित रात्रि गश्ती की मांग की है।

# पचना बाजार में सीएसपी संचालक पर हमला कर 1.62 लाख की लूट, फायरिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा**। नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पचना बाजार में बेखौफ अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक को गंभीर रूप से घायल कर 1 लाख 62 हजार रुपये लूट लिए। वारदात के दौरान बदमाशों ने इलाके में दहशत फैलाने के उद्देश्य से दो राउंड हवाई फायरिंग भी की और एक ही बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। घायल सीएसपी संचालक की पहचान पचना गांव निवासी 56 वर्षीय बृजनंदन प्रसाद मालाकार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उन्हें खून से लथपथ हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित के अनुसार, वह शाम को केंद्र बंद कर पैदल घर लौट रहे थे। तभी हाई स्कूल के पास पहले से खड़े तीन युवकों ने रुपयों से भरा बैग छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने सिर पर पिस्तौल की बट से ताबड़तोड़ वार कर उन्हें लहूलुहान कर दिया और बैग छीनकर सिरारी की ओर भाग निकले। सूचना मिलते ही नगर थाने के पुलिस अवर निरीक्षक (एसआई) पंकज कुमार सिंह सदल-बल सदर अस्पताल पहुंचे और घायल का बयान दर्ज किया। पुलिस अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। घटना के बाद से बाजार में दहशत का माहौल है।

# नीति क्लासेज में क्विज प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा कनाप रोड स्थित नीति क्लासेज अपनी तीसरी वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। संस्था के द्वारा विद्यार्थियों के ज्ञान, प्रतिभा और सामान्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से ज्ञानवर्धक एवं रोचक सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता को लेकर छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बेहतर प्रदर्शन करते हुए कक्षा 8वीं ने प्रथम, कक्षा 6वीं ने द्वितीय, कक्षा 9वीं ने तृतीय, कक्षा 7वीं ने चतुर्थ तथा कक्षा 10वीं ने पंचम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया। संस्थान के निदेशक जीतेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में ज्ञान के साथ आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं।उन्होंने बताया कि बिल्कुल निर्धन व असहाय छात्र छात्राओं को निशुल्क शिक्षा दी जाती है।

**Name Change**

Sudamiya Devi w/o vill- Bairiyatand, PO- Chaukiya, Thana- Sirdala, Distt- Nawada, Bihar PIN- 805127 have changed my be known as DHANVA DEVI. Affidavit no. 1316 date 01.10.2026

# कमिश्नर ने भागलपुर के बियाडा घाट का किया निरीक्षण

## विक्रमशिला पुल के वैकल्पिक यातायात एवं फेरी सेवा को दुरुस्त करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भागलपुर।** जिले के लाइफलाइन विक्रमशिला गंगा पुल के बंद होने के पश्चात आम लोगों की सुविधा हेतु वैकल्पिक यातायात एवं फ़ेरी सेवा के संचालन का जायजा लेने के लिए भागलपुर के प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा ने आज स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने उक्त बंद पुल के निकट बियाडा घाट पर यात्रियों के आवागमन, जहाजों के परिचालन, बोर्डिंग एवं डिबोर्डिंग पॉइंट, जेटी की स्थिति तथा यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके आलावे यात्रियों के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विकसित किए गए तीन बोर्डिंग एवं डिबोर्डिंग पॉइंट की व्यवस्था की समीक्षा की गई। जहाजों के निरीक्षण में उनका स्लोप (ढलान) अपेक्षाकृत अधिक पाये जाने पर श्री मीणा ने जहाजों के ढलान को कम करने तथा यात्रियों के सुरक्षित चढ़ने-उतरने के अनुकूल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, जेटी की ऊंचाई बढ़ाने और जलस्तर में होने वाले बदलाव के अनुरूप आवश्यक प्रबंध करने पर जोर दिया गया। गंगा नदी के जलस्तर की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि पिछले 12 घंटों में जलस्तर में लगभग छह सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। इसे देखते हुए जलस्तर की लगातार निगरानी करने तथा परिस्थिति के अनुसार आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए, ताकि फ़ेरी सेवा का परिचालन सुरक्षित एवं सुचारु बना रहे। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फ़ेरी सेवा में जहाजों की संख्या बढ़ाकर 12 करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि वर्तमान में लगभग छह जहाजों का परिचालन हो रहा है। यात्रियों की आवश्यकता, जलस्तर एवं परिचालन की स्थिति के अनुरूप जहाजों की संख्या बढ़ाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जलस्तर में और वृद्धि होने की स्थिति में मालवाहक जहाजों के परिचालन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भी परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लिया जाएगा। घाट पर अस्थायी नियंत्रण कक्ष, मेडिकल कैंप एवं एंबुलेंस की व्यवस्था, यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को प्राथमिकता देते हुए घाट पर अस्थायी नियंत्रण कक्ष, अस्थायी मेडिकल कैंप तथा एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई करते हुए यात्रियों को आवश्यक सहायता एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की सुविधा के लिए जीविका दीदियों के माध्यम से भोजन हेतु रसोई की व्यवस्था की गई है तथा जरूरतमंद यात्रियों के रात्रि विश्राम के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा, सुरक्षित आवागमन एवं आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान भागलपुर के आईजी विवेक कुमार, जिलाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव एवं आयुक्त के सचिव विनोद कुमार सिंह उपस्थित थे।

# फोरलेन पर थार और ट्रक की भीषण टक्कर, दो युवकों की मौत, एक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**भागलपुर।** जिले के अकबरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरहिया के समीप मुंगेर -मिर्ज़ाचौकी फोरलेन(एनएच-33) पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रविवार की सुबह यहां एक तेज रफ्तार महिंद्रा थार और ट्रक के बीच आमने-सामने भीषण टक्कर हो गया। इस भीषण हादसे में थार गाड़ी सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गयी। बताया जाता है कि थार वाहन अकबरनगर से भागलपुर की ओर जा रही थी। वहीं ट्रक भागलपुर से सुल्तानगंज की ओर जा रहा था। इस बीच फोरलेन के पास ट्रक व थार की आमने सामने टक्कर हो गयी। मृत युवकों की पहचान पटना निवासी गोलू कुमार एवं अमर सिंहानिया के रुप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक संजय सिंहानिया है। जिसका इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है। मौत की खबर मिलते ही पटना में मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। इस भयंकर टक्कर में थार वाहन पूरी तरह से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे वाहन में सवार लोगों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस बीच स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेजा गया। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुयी है। हादसे की सूचना मिलते ही अकबरनगर थाने की पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। जांच पड़ताल कर पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अकबरनगर थानाध्यक्ष रामाशीष कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मृतक एवं घायल युवक के परिजनों को दे दी गयी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दोनों वाहन को जब्त किया गया है। इधर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# दुर्गा पूजा संचालन समिति की बैठक, अध्यक्ष बने गणेश स्वर्णकार

**भोजपुर (जगदीशपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर नगर के शक्तिपीठ बहर्षि माता काली मन्दिर में आग्रणी दुर्गा पूजा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर दुर्गा पूजा संचालन समिति के पुर्व के कमिटी को भंग करते हुए नया कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से गणेश स्वर्णकार को दुर्गा पूजा संचालन समिति का अध्यक्ष एवं आकाश कुमार को उपाध्यक्ष तथा सचिव पद पर सन्नी कुमार एवं मिडिया प्रभारी अमन कुमार गुप्ता को मनोनीत किया गया साथ ही यह निर्णय लिया गया कि कमिटी के पदेन अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, सचिव के साथ में रहेंगे साथ ही साथ मार्गदर्शन मंडल के तौर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष मिलिंद चौधरी, अर्जुन प्रसाद, पप्पू यदुवंशी, रंजन सिंह, राजीव रंजन उर्फ चीकू, रितेश कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, दुर्गेश कुमार, गोविंदा कुमार व मनोज सोनी को मनोनीत किया गया।

# मोदी के 25 वर्ष के प्रशासनिक कार्यकाल पर भाजपा की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**झाझा/जमुई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के प्रशासनिक एवं सार्वजनिक जीवन से जुड़े कार्यक्रमों को लेकर रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर, पुरानी बाजार में झाझा विधानसभा भाजपा संगठन की बैठक हुई। अध्यक्षता विधानसभा संयोजक बिंदेश्वरी प्रसाद शाह ने की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेश यादव ने बताया कि 7 अक्टूबर को जमुई स्थित गांधी पुस्तकालय से सुबह 10 बजे ज्योति कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में झाझा नगर एवं प्रखंड भाजपा संगठन से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं झाझा विधानसभा के सात मंडलों में कलश अमृत यात्रा को लेकर संयोजकों की जिम्मेदारी तय की गई। सिमुलतला मंडल से घनश्याम बरनवाल, झाझा दक्षिणी मंडल से राजकिशोर मंडल, झाझा नगर से सूरज सिंह, गिद्धौर मंडल से अंतर्यामी झा और दिग्घी मंडल से प्रदीप कुमार यादव को संयोजक बनाया गया है। शेष मंडलों में भी जिम्मेदारियां तय करने की बात कही गई। वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के प्रशासनिक एवं सार्वजनिक जीवन में किए गए कार्यों तथा देश में हुए विकासात्मक प्रयासों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाएगी। कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक में भाजपा नेता भैया लाल माथुरी, शंभूनाथ प्रजापति, सतनारायण तुरी, राजेश कुमार, रंजीता केसरी, कंचन देवी, पंकज माथुरी, प्रशांत सुल्तानिया, विजय अग्रहरी, विकास चंद्र आर्य, निरंजन वर्मा, सिंटू साहू, अभिषेक सिंह, घनश्याम बरनवाल, प्रमोद बरनवाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। अंत में ज्योति कलश यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

# प्रसव कक्ष से गायब रहीं महिला चिकित्सक, जच्चा-बच्चा की मौत, परिजनों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खैरा/जमुई।** खैरा थाना क्षेत्र के नरियाना गांव की एक महिला को पर प्रसव के लिए. सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष में ड्यूटी के दौरान महिला चिकित्सक के कथित तौर पर मौजूद नहीं रहने से एक प्रसूता की मौत का मामला सामने आया है. मृतका की पहचान खैरा थाना क्षेत्र के नरियाना गांव निवासी सुजीत कुमार की 28 वर्षीय पत्नी अनिता कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने आक्रोश जताते हुए अस्पताल प्रबंधन और ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि समय पर महिला चिकित्सक प्रसव कक्ष में मौजूद रहतीं और प्रसूता को आवश्यक उपचार मिलता तो उसकी जान बचायी जा सकती थी. प्रसुता महिला के पति सुजीत कुमार ने बताया कि बीते शनिवार की देर रात अनिता कुमारी को प्रसव पीड़ा शुरू हुई. इसके बाद उसे तत्काल खैरा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया वहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया. उन्होंने बताया कि रात करीब 11 बजे अनिता को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे लेकिन उस समय प्रसव कक्ष में महिला चिकित्सक मौजूद नहीं थीं. स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रसूता की जांच की और चिकित्सक के आने की बात कही, लेकिन रात बीत गयी और रविवार की सुबह तक महिला चिकित्सक के आने का इंतजार ही होता रहा।

### रातभर में बिगड़ी हालत, सुबह करीब पांच बजे मौत

परिजनों का कहना है कि अस्पताल पहुंचने के बाद अनिता की स्थिति लगातार बिगड़ती गयी। परिजन महिला चिकित्सक के आने की उम्मीद में इंतजार करते रहे रविवार की सुबह करीब पांच बजे प्रसूता ने दम तोड़ दिया. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. परिजनों ने आरोप लगाया कि समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय हस्तक्षेप नहीं मिलने के कारण स्थिति गंभीर होती गयी और आखिरकार प्रसूता की मौत हो गयी. प्रसूता की मौत की खबर मिलने के बाद सुबह छह बजे डॉ शालीनी सदर अस्पताल पहुंची।

### दो बच्चों की मां थी अनिता

परिजनों ने बताया कि अनिता कुमारी का यह तीसरा प्रसव था. उसके पहले से एक लड़की और एक लड़का है तीसरे प्रसव को लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन प्रसव से पहले ही उसकी मौत हो गयी. परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में समय पर महिला चिकित्सक की मौजूदगी होती तो जच्चा-बच्चा दोनों को बचाने के लिए आवश्यक चिकित्सकीय कदम उठाये जा सकते थे।

### कहते हैं डीएस

इस संबंध में पूछे जाने पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ थनीष कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है, जांच की जा रही है. ड्यूटी से गायब रहने वाली महिला डॉक्टर पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। परिजन द्वारा अब तक किसी भी तरह का आवेदन नहीं दिया गया है।

## मौत के बाद भड़कीं मंत्री, डीएस व स्वास्थ्यकर्मी की लगाई क्लास

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** ड्यूटी से रातभर महिला चिकित्सक शालिनी सिंह के गायब रहने पर सदर अस्पताल में एक गर्भवती और एक प्रसूता के मौत की सूचना पर खेल एवं उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह रविवार की दोपहर बाद सदर अस्पताल पहुंची, जहां घटना की जानकारी लेने के बाद मंत्री का गुस्सा फूट पड़ा और देखते ही देखते आग बबूला हो गई। बारी-बारी से लोगों की शिकायत मिलने पर मंत्री श्रेयशी सिंह का भी आक्रोश डाक्टर शालिनी सिंह के नहीं रहने पर सदर अस्पताल उपाधीक्षक डाक्टर थनीष कुमार और इमरजेंसी के चिकित्सक पर फुट पड़ा। इस दौरान जमकर फटकार लगाई गई। मंत्री के डांट, फटकार पूरे अस्पताल में काफी देर तक छाई रही। मौके पर मृतका के स्वजन और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ लगी रही। मंत्री के फटकार का वीडियो अब इंटरनेट मीडिया पर भी प्रसारित होने लगा है। मंत्री ने सदर अस्पताल उपाधीक्षक को फौरन कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए डीएम आवास पर पहुंच गई और वैसे लापरवाह महिला चिकित्सक डाक्टर शालिनी समेत अन्य लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई करने की बात कही। मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि हरहाल में दोषी महिला चिकित्सक पर कार्रवाई होगी और एफआईआर भी दर्ज कराने की बात कही है। हालांकि जिलाधिकारी नवीन ने बताया कि इस मामले में एक टीम गठित की गई है। पूरे घटना क्रम की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार में शिक्षकों के ...

जाने की बात कही गई है। सातवें वेतनमान को लेकर कमेटी बनाने, आर्थिक बोझ का आकलन करने और ट्रांसफर-पोस्टिंग पर निर्वाचन आयोग से मार्गदर्शन मिलने का इंतजार है। अगले दो दिनों में होने वाली समीक्षा और मार्गदर्शन के बाद इन मामलों में आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

### चाकूबाजी में तीन...

मुकेश कुमार और रमेश यादव को गंभीर हालत में छपरा सदर अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर एसडीपीओ-2 प्रेमचंद सिंह और एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव पुलिस बल के साथ निजी अस्पताल पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल परिसर में घटना से जुड़े लोगों से जानकारी ली और घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश और युवाओं के बीच वर्चस्व को लेकर हुए विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान मृतकों के मित्रों और आसपास के कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के साथ-साथ चाकूबाजी की वजह और घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।

### गया-नालंदा में डूबने ...

कुमार की मौत हो गई। जिउतिया के मौके पर नहाने गया किशोर शुरुआत से ही अपने ननिहाल कबीरपुर में रह रहा था। छबीलापुर थाना क्षेत्र के सरबहदी गांव में 10 वर्षीय हिमांशु राज अपनी मां के साथ नदी में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह पानी में डूब गया। आसपास के लोगों ने निकालने की कोशिश की लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। मनीष कुमार का पुत्र हिमांशु राज था। अस्थावां थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में 55 वर्षीय धनकेश्वर मांझी और उनकी पत्नी बालेश्वरी देवी की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ब्रह्मभोज और मुंडन कराने के बाद नेत्रहीन दंपत्ति आहर में नहाने गए थे। पैर फिसलने से दोनों डूब गए। घटनाओं की सूचना मिलते ही संबंधित थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से शवों को निकाला गया और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**




**आरा।** खेल विभाग, बिहार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं जिला प्रशासन, भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता (बालक/बालिका) 2026-27 का पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह आज खेल भवन सह व्यायामशाला, भोजपुर, आरा में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक, भोजपुर अवधेश दीक्षित ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास एवं समर्पण के साथ अपनी प्रतिभा निखारने तथा जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में सफलता के लिए प्रतिभा के साथ नियमित अभ्यास, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प आवश्यक हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना बनाए रखते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता ने जिले के छात्र-छात्राओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। समारोह में खिलाड़ियों को आगामी उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# चरपोखरी पहुंचे भोजपुर एमएलसी सोनू राय का किया गया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**



**चरपोखरी।** भोजपुर बक्सर एमएलसी सोनू राय के चरपोखरी राजद कार्यालय पहुंचने पर निवर्तमान राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान सोनू राय को फूल-माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान राजद अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने चरपोखरी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों और स्थानीय समस्याओं को लेकर एमएलसी सोनू राय के साथ विस्तार से चर्चा की। क्षेत्र के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत हुई। कार्यक्रम में राजद के वरिष्ठ नेता हकीम प्रसाद, मालिक यादव, सुरेंद्र सिंह, हरिचरण सिंह, नंदा यादव, अकीम यादव, सनी कुमार, प्रिंस कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला।

# विद्यालय बचाओ संघर्ष समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**भोजपुर (जगदीशपुर)।** विद्यालय बचाओ संघर्ष समिति हेतमपुर के तत्वाधान में ब्रह्मबाबा स्थान हेतमपुर के परिसर में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय 10+2 हेतमपुर के स्थानांतरण जैसे गंभीर सवाल को लेकर हेतमपुर के ग्रामीण जनता की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता उमाकांत मिश्रा ने की। बैठक में सात सूत्री प्रस्ताव लाया गया जिसमें सभी लोगों ने एक स्वर में प्रस्ताव को पास किया बैठक में कहा गया कि विद्यालय की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार हेतमपुर में विद्यालय के संचालन व अन्य आधारभूत संरचना के लिए प्रयाप्त जमीन नहीं है इस लिए शिक्षा विभाग इस विद्यालय को कहीं अन्य जगह ले जाने के सूचना पर ग्रामीणों में आक्रोश है। वर्षों बाद हेतमपुर गांव में शिक्षा क्रांति की दीप जली है इसे यू ही बुझने नहीं दिया जाएगा समिति ने फैसला किया है कि इस ज्वलंत मुद्दे पर विधालय को बचाने के लिए मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री को पत्र ईमेल के द्वारा भेजा जाएगा और स्थानीय विधायक सह केबिनेट मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा से पहल करने के लिए ज्ञापन पत्र दिए जाने के साथ साथ इस संबंध में जिला प्रशासन और अनुमंडल पदाधिकारी जगदीशपुर को भी लिखीत ज्ञापन 5 अक्टूबर को सौंपा जाएगा।

# बरनवाल सेवा सदन में लगा निःशुल्क हेल्थ कैंप

## आईजीएमएस जैसे बड़े संस्थानों के चिकित्सक के द्वारा किया गया इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**झाझा/जमुई।** रविवार को वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से झाझा नगरक्षेत्र के बरनवाल धर्मशाला सहित ग्रामीण क्षेत्र के वनवासी गांव चपोलवा, जुड़पनिया, म्यूरनाचा, सलैया में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर लगाया गया। नगर में कैम्प का उद्घाटन बरनवाल समाज के अध्यक्ष गोपाल बरनवाल, कालिका बरनवाल, जितेंद्र आर्य, डॉक्टर आकाश गांगुली द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। पांचों जगह पर लगे कैम्प में आईजीएमएस, पीएमसीएच से करीब 20 की संख्या में डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों का स्वास्थ्य से सम्बंधित जांच किया। आश्रम के लोगों ने बताया कि सुदूर और वनवासी/आदिवासी क्षेत्रों में समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता है। कल्याण आश्रम पिछले कई वर्षों से जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के भाव के साथ कार्य कर रहा है। सदस्यो ने बताया कि इन शिविरों में ग्रामीणों और आदिवासी समुदाय के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया और मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। गोपाल बरनवाल ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि सभी बीमारियों की एकमात्र जड़ गंदगी है। स्वच्छता व सावधानी अपनाकर हम अनेक प्रकार की बीमारियों से बच सकते है। डॉक्टरों में लोगों को छोटी बीमारी में लापरवाही न बरतने की बात करते हुए बताया कि छोटी बीमारी पर भी समय से इलाज करवाए वरना छोटी बीमारी बड़ी बीमारी का रूप धारण कर सकती है।

# जगदीशपुर में झूमर नृत्य का आयोजन, मांदर की थाप पर थिरके विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के जगदीशपुर गांव में रविवार को जितिया पर्व के अवसर पर झूमर नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में पारंपरिक झारखंडी संस्कृति की अनुपम झलक देखने को मिली। बोकारो से आई प्रसिद्ध अन्ना हजारे झूमर टीम ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। इस दौरान विधायक समेत अन्य अतिथि मांदर की थाप पर ग्रामीणों के साथ झूमर नृत्य में शामिल होकर थिरकने लगे। इस दौरान विधायक ने आयोजन समिति व कलाकारों को माला पहनाकर उनका मनोबल बढ़ाया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, समिति सदस्य युगल ठाकुर, ग्राम समिति के अध्यक्ष बैजनाथ ठाकुर, सचिव ब्याश यादव, समाजसेवी राहुल रंजन, शिक्षक शशि भूषण सिंह, राजकुमार रविदास सहित अन्य। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि भारत की वास्तविक आत्मा और संस्कृति गांवों में ही बसती है। जगदीशपुर का यह आयोजन इसका जीता-जागता उदाहरण है। कहा, झूमर सिर्फ एक नृत्य नहीं, बल्कि हमारी लोक-आस्था, सामूहिकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो पीढ़ियों से हमारी पहचान को जीवंत रखे हुए है। ऐसे आयोजनों से हमारी आने वाली पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलती है। झूमर नृत्य को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रामाधीन तुरी, सचिव युगल रविदास, कोषाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, मीडिया प्रभारी विक्की प्रजापति सहित अशोक प्रजापति, रामबृक्ष तुरी, चंद्रदेव यादव, विजय रविदास, महेंद्र रविदास, रामव्यास यादव, कन्हैया भुईयां सहित अन्य उपस्थित थे।

# सो रहे पति-पत्नी को मारी गोली, एक गिरफ्तार

## बखरी थाना क्षेत्र के मौजी थान सिंह गांव की घटना, दूसरे आरोपित को लेकर छापेमारी जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बखरी (बेगूसराय)।** बखरी थाना क्षेत्र के मौजी थान सिंह गांव के वार्ड संख्या-05 में रविवार तड़के पति-पत्नी को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही बखरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए एफएसएल टीम को जांच के लिए बुलाया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके एक अन्य साथी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार, घायल व्यक्ति की पहचान छोटू कुमार के रूप में हुई है, जो करीब छह माह पूर्व अपनी पत्नी के साथ मौजी थान सिंह स्थित अपने ससुराल आया था। बताया गया है कि करीब छह माह पहले उसकी पत्नी की तस्वीर जितेन्द्र कुमार द्वारा फ़ेसबुक एवं इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए जाने को लेकर छोटू कुमार और जितेन्द्र कुमार के बीच विवाद और गाली-गलौज हुई थी। पुलिस को दिए गए प्रारंभिक बयान के अनुसार, इसी पुरानी रंजिश को लेकर रविवार रात करीब दो बजे जितेन्द्र कुमार अपने एक अज्ञात साथी के साथ वहां पहुंचा और सो रहे पति-पत्नी को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर बखरी थाना की पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बखरी ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया तथा परिजनों से घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। गोली लगने से घायल दोनों पति-पत्नी का इलाज सदर अस्पताल, बेगूसराय में चल रहा है। पुलिस के मुताबिक दोनों की स्थिति फिलहाल सामान्य है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बखरी के नेतृत्व में बखरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में कथित रूप से शामिल जितेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, उसके साथ मौजूद बताए जा रहे एक अन्य अज्ञात व्यक्ति की पहचान स्थापित कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इस संबंध में बखरी थाना कांड संख्या 371/26, दिनांक 04.10.2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की संबंधित धाराओं, आर्म्स एक्ट एवं एससी/एसटी एक्ट की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपित जितेन्द्र कुमार, पिता-मकेशर यादव, ग्राम-मौजी थान सिंह, वार्ड संख्या-05, थाना-बखरी, जिला-बेगूसराय के रूप में किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है और अनुसंधान के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ई-रिक्शा चालक की लाठी-डंडे से पिटाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय नावकोठी के पास एक युवक ने ई-रिक्शा चालक को लाठी-डंडे से पिटाई कर उसे जख्मी कर दिया। जख्मी चालक की पहचान नीमा चांदपुरा निवासी नीरज कुमार पासवान के रूप में हुई है। घायल का इलाज नावकोठी पीएचसी में कराया गया। घटना के संबंध में नीरज कुमार पासवान ने नावकोठी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में उसने बताया कि वह इस्फा हाट से सवारी लेकर नावकोठी आया था। मध्य विद्यालय नावकोठी के समीप सवारी को उतारने के बाद वह वापस लौट रहा था। इसी दौरान नावकोठी वार्ड संख्या-7 निवासी संजय सिंह का पुत्र अनमोल कुमार कथित रूप से नशे की हालत में उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से मारपीट करने लगा। मारपीट में नीरज की हथेली फट गई, जिससे काफी खून निकलने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उसे युवक के चंगुल से छुड़ाया और इलाज के लिए पीएचसी नावकोठी पहुंचाया। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित अनमोल कुमार को हिरासत में लिया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी अभियान में एसआई अशोक कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता के चौथे दिन कबड्डी, खो-खो और एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के चौथे दिन शुक्रवार को वर्ग 6 से 12 के छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, खो-खो और एथलेटिक्स में भाग लिया। बीपी इंटर स्कूल मैदान में अंडर-14 बालक कबड्डी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय रचियाही विजेता और सकरौली उपविजेता रही। अंडर-14 बालिका खो-खो में राजकीयकृत मध्य विद्यालय महना विजेता और बरियारपुर बरौनी उपविजेता रही। गांधी स्टेडियम में एथलेटिक्स में अंडर-19 ऊंची कूद में रामकृष्ण प्रथम, 800 मीटर में कन्हैया प्रथम, 400 मीटर में पुरुषोत्तम प्रथम, 1500 मीटर में रामकृष्ण प्रथम रहे। अंडर-17 1500 मीटर में गुलशन प्रथम और अंडर-14 600 मीटर में अभिनव प्रथम रहे। जिला खेल पदाधिकारी बिट्टू कुमार सिंह ने विजेताओं को शील्ड, मेडल देकर सम्मानित किया और राज्य स्तरीय के लिए शुभकामनाएं दीं।

## कृषि कनेक्शन के लंबित आवेदन जल्द निपटाने का डीएम ने दिया निर्देश

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में डीएम रिची पांडेय की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि जिले में शहरी क्षेत्रों में 22 घंटे 45 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 22 घंटे 30 मिनट बिजली आपूर्ति हो रही है।डीएम ने सुजानपुर, नीमा चांदपुरा, रचियाही, पचबीर, मिरालीपुर बांध, लखनपुर, सिमरिया घाट, चिरंजीवीपुर और पकरौल में निर्माणाधीन 33/11 केवी सब-स्टेशनों की प्रगति की समीक्षा की। रचियाही और सुजानपुर में टण्ड विवाद तुरंत दूर कर निर्माण तेज करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कृषि विद्युत योजना के तहत 18,507 आवेदनों में से 15,167 को कनेक्शन दिया जा चुका है, 3,340 लंबित हैं, जिसे जल्द निपटाने को कहा गया। सितंबर में राजस्व वसूली में बेगूसराय प्रमंडल ने 25.01 करोड़ के साथ 86.18 प्रतिशत वसूली कर राज्य में छठा स्थान पाया। पीएम सूर्य घर योजना में बेगूसराय में 1298 में से 468 और बरौनी में 1248 में से 164 सोलर प्लांट लगे हैं। डीएम ने बिल सुधार और विजिलेंस काउंटर सक्रिय रखने तथा बिजली चोरी रोकने का निर्देश दिया।

## माले ने दंगा भड़काने का सांसद पर लगाया आरोप

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले स्थायी समिति की बैठक शनिवार को जिला कार्यालय कमलेश्वरी भवन में हुई। इसमें 2 से 8 अक्टूबर तक चुनाव आयोग को लेकर इंडिया गठबंधन के विरोध प्रदर्शन में भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। बैठक में माले ने आरोप लगाया कि सांसद गिरिराज सिंह ने भाजपा विधायक और अधिकारियों के साथ नौंगा में जाकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और दंगा भड़काने की कोशिश की है, जो शर्मनाक है। पुलिस से उनकी गिरफ्तारी की मांग की गई। दिल्ली में जंतर-मंतर पर आंदोलन पर दमन की निंदा भी की गई। बैठक में जिला सचिव दिवाकर प्रसाद, चंद्रदेव वर्मा, बैजू सिंह, नवलकिशोर सिंह उपस्थित थे।

## प्रखंड में बढ़ते सूखे नशे के खिलाफ एबीवीपी चलाएगी अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलिया इकाई की बैठक रविवार को बलिया व्यापार मंडल स्थित एक निजी कोचिंग में हुई, जिसमें 'सूखा नशा से मुक्त हो बलिया' अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने कहा कि प्रखंड में युवा ड्रग्स, स्मैक जैसे सूखा नशा की चपेट में भविष्य बर्बाद कर रहे हैं, एबीवीपी जन-जागरूकता अभियान चलाकर प्रशासन से कारोबारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करेगी। नगर अध्यक्ष नीतीश कुमार और नगर मंत्री श्रीराम ने कहा कि प्रखंड के विद्यालयों में कक्षा संचालन और सुविधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। दुर्गा पूजा में सेवा शिविर भी लगाया जाएगा। बैठक में सुमन कुमार, अमन गुप्ता, रौशन कुमार, सुजय सुधांशु, राजीव कुमार, धनंजय प्रियांशु, संजीव झा, गुलशन कुमार सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्वच्छता पर्यवेक्षक को डीएम ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नावकोठी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नावकोठी पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार को सम्मानित किया गया। जिला जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी रिची पांडे ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वच्छता पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार ने कहा कि पंचायत के सभी वर्गों के लोगों के सामूहिक प्रयास से प्रत्येक वार्ड की गलियों में नियमित रूप से सफाई का कार्य स्वच्छता मित्रों द्वारा किया जा रहा है। घरों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्र कर उसके उचित निस्तारण के लिए डब्ल्यूपीओयू भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता कार्यों की नियमित निगरानी जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ-साथ ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों द्वारा की जाती है। मुखिया राष्ट्रपति कुमार द्वारा कार्यों की समीक्षा को लेकर स्वच्छता मित्रों के साथ नियमित बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाते हैं। कन्हैया कुमार ने सम्मान का श्रेय पंचायत के वार्ड सदस्यों, स्वच्छता मित्रों एवं जागरूक ग्रामीणों के साथ-साथ जीविका दीदियों को देते हुए कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से नावकोठी पंचायत को यह उपलब्धि हासिल हुई है। सम्मान मिलने पर मुखिया राष्ट्रपति कुमार, उपमुखिया विजय सहनी, वार्ड सदस्य सुधीर कुमार, सलमान खान, महेश महतो, राजा, सुधीर रजक, शत्रुघ्न कुमार, मुरारी सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा, कृष्णनंदन जायसवाल सहित अन्य लोगों ने स्वच्छता पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार को सहर्ष बधाई दी।



# बिना अनुमति जुलूस निकालने पर होगी कार्रवाई, सीसीटीवी लगाना है जरूरी

**शांति समिति**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को भगवानपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार ने की। इसमें थाना क्षेत्र के विभिन्न पूजा समितियों के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। बैठक में पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस, विसर्जन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार ने पूजा समितियों के सदस्यों को स्पष्ट रूप से बताया कि दुर्गा पूजा और प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। सरकारी निर्देशों का उल्लंघन करने वाली पूजा समितियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी समितियों से प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से पूजा आयोजित करने की अपील की। बैठक में बताया गया कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। प्रतिमा स्थापित करने वाली पूजा समितियों को अनिवार्य रूप से लाइसेंस लेना होगा। वहीं, प्रतिमा विसर्जन जुलूस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एसडीओ से पूर्व अनुमति लेना जरूरी होगा। पूजा समितियों को पुलिस बल के सहयोग के साथ अपने स्तर से भी वॉलेंटियर तैनात करने का निर्देश दिया गया। वॉलेंटियरों को समिति की ओर से पहचान पत्र उपलब्ध कराने की बात कही गई। मेला स्थलों पर बिजली व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने का निर्देश दिया, ताकि शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों से किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। समितियों से पंडाल निर्माण में सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने और भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।बैठक में एसआई राहुल राय, उपमुखिया नीरज कुमार, डॉ सुन्देश्वर प्रसाद सिंह, शंकर शर्मा, रंजन कुमार, राजेश राय, रामचंद्र पासवान, सुशील कुमार सिंह, अशोक प्रसाद सिंह, कैलाश राय सहित विभिन्न पूजा समितियों के सदस्य उपस्थित थे।

## बैठक में दुर्गा पूजा व विसर्जन को लेकर लिए गए कई निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** रविवार को दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक राजकुमार प्रसाद के आवास पर आयोजित की गई। अध्यक्षता राजकुमार प्रसाद ने की। बैठक में दुर्गा पूजा, कलश एवं प्रतिमा विसर्जन तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि कलश विसर्जन के दौरान सभी मंदिरों से विसर्जन समिति के पांच-पांच सदस्य अपने नेतृत्व में कलश लेकर पोखर तक जाएंगे। कलश एवं प्रतिमा विसर्जन में समिति के सभी सदस्य आरंभ से लेकर समापित तक अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। मां महागौरी स्थान के पास मिलन के बाद स्टेशन मंदिर की प्रतिमा विसर्जन में सभी मंदिरों के 20 सदस्य साथ जाएंगे।लखमिनिया मंदिर के प्रवेश द्वार से मंदिर परिसर तक जंगल की सफाई, मंदिर परिसर में 11 हजार वोल्ट के बिजली तार पर कवर लगाने तथा नवनिर्मित नाला को पुराने नाले से जोड़ने का निर्णय लिया गया। शेरनचक मंदिर परिसर के ट्रांसफार्मर की बैरिकेडिंग एवं बिजली पोल पर चढ़े जंगल की सफाई कराने की मांग रखी गई। सत्तीचौरा मंदिर के पास गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के तार को कवर करने एवं रास्ते में पड़ने वाले ट्रांसफार्मर की बैरिकेडिंग, शीतला स्थान के रास्ते में करण पुजारा के घर के पास पोल का एंगल कटवाने तथा बड़ी दुर्गा स्थान के प्रवेश द्वार के पास बिजली तार को दुरुस्त कराने पर चर्चा हुई। बड़ी दुर्गा स्थान परिसर से गैरजरूरी बिजली पोल एवं तार हटाने तथा मंदिर के आसपास अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग भी रखी गई।मूर्ति विसर्जन रूट में पड़ने वाले सभी स्पीड ब्रेकर को सप्तमी पूजा तक हटाने और विसर्जन मार्ग के सभी बिजली तारों को दुरुस्त कराने का निर्णय लिया गया। स्टेशन कमेटी के लिए एक कार्यालय मंदिर परिसर में और दूसरा कार्यालय ब्लॉक गेट पर बनाने की बात कही गई।सभी मंदिरों से पांच-पांच सदस्यों के व्हाट्सएप नंबर लेकर खोया-पाया वस्तुओं की सूचना साझा करने की व्यवस्था करने पर भी सहमति बनी। पहली पूजा से ही सभी मंदिरों पर प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नगर की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कर चालू कराने और सीसीटीवी की 24 घंटे निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई।बैठक में लिए गए सभी निर्णयों एवं मांगों को लेकर दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से बलिया अनुमंडल पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया।बैठक में राजकुमार प्रसाद, अरुण कुमार महतो, प्रमोद चौधरी, अरुण गांधी, आचार्य मुरलीधर मिश्र, संजय झा, रामशंकर शर्मा, अमित कुमार, अविनाश कुमार, आलोक कुमार, रोहित कुमार, सुमित कुमार सहित महासमिति के कई सदस्य मौजूद थे।

## सामुदायिक भवन में चल रहा आईसीडीएस कार्यालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड में समेकित बाल विकास परियोजना का अपना कार्यालय भवन नहीं होने से विभागीय कार्यों के संचालन में कर्मियों को काफी परेशानी हो रही है। पिछले कई वर्षों से आईसीडीएस कार्यालय आरटीपीएस कार्यालय के बगल स्थित सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है। इस दौरान कई सीडीपीओ आए और अपना कार्यकाल पूरा कर चले गए, लेकिन कार्यालय भवन की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। प्रखंड में कुल नौ पंचायतें हैं। इन पंचायतों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी एवं विभागीय कार्यों के लिए कार्यालय में चार महिला पर्यवेक्षिका, एक हेड क्लर्क, एक डाटा ऑपरेटर और एक प्रखंड समन्वयक कार्यरत हैं। पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण कर्मियों को बैठकर काम करने के साथ-साथ सेविका-सहायिकाओं की बैठक आयोजित करने में भी परेशानी होती है। कई बार बैठक के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का सहारा लेना पड़ता है। मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव सामुदायिक भवन में कार्यालय संचालन के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। गर्मी के दिनों में यहां बैठकर काम करना मुश्किल हो जाता है। कार्यालय में समुचित पेयजल और वॉशरूम की सुविधा नहीं होने से विशेषकर महिला कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सीडीपीओ गुंजन मौली ने बताया कि सामुदायिक भवन आईसीडीएस कार्यालय के लिए उपयुक्त नहीं है। पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण नियमित बैठकें आयोजित करने में कठिनाई होती है। कार्यालय भवन की समस्या से जिला स्तर के अधिकारियों को अवगत कराया गया है। महिला पर्यवेक्षिका शालिनी कुमारी, कृष्णा कुमारी, सुनीता कुमारी एवं पूनम कुमारी ने बताया कि जगह के अभाव में सेविका-सहायिकाओं के साथ कई बैठकें आंगनबाड़ी केंद्रों पर करनी पड़ती हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभाग से आईसीडीएस के लिए शीघ्र अपना भवन उपलब्ध कराने की मांग की है। इससे कर्मियों के बैठने, अभिलेखों के सुरक्षित रख-रखाव, बैठकों और विभागीय कार्यों के सुचारू संचालन में सुविधा होगी।

## साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहकर नवरात्रि के मौके पर लोगों को संदेश देंगी नीलू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओबरा मुख्यालय के पूर्व जिला पार्षद नीलू देवी सुर्खियों में है। वे ओबरा प्रखंड मुख्यालय विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर अभिभावकों छात्रों एवं अन्य लोगों को स्वच्छता के प्रति सजग कर रही है। वे साफ सफाई के प्रति सजग रहने को संकल्प अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही है। पूर्व जिला पार्षद नीलू देवी ने कहा कि स्वच्छता से ही समाज का बदलाव होगा। जिसके कारण साफ सफाई जीवन के अनमोल अंग है। साफ सफाई से ही लोग स्वस्थ एवं निरोग रहेंगे। जिसके प्रति सरकार भी सजग है और हम सबों का दायित्व भी बनता है। आसपास टोले मोहल्ले में सफाई के प्रति सजग रहकर लोगों को जागरूक करें।

## पीएम के लाइव कार्यक्रम को लेकर चर्चा

**रामगढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद रामगढ़ भाजपा की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पिछले एक माह के कार्यकाल एवं संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष संजय साह जी ने की तथा मंच संचालन मंजू देवी जी ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि रामगढ़ प्रभारी सुरेंद्र महतो रहे। वहीं धन्यवाद ज्ञापन उपेंद्र सिंह जी ने किया। बैठक में आगामी 7 अक्टूबर 2026, बुधवार को रामगढ़ बरकाकाना में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लाइव कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव बाबला, रामगढ़ जिला महामंत्री जागेश्वर प्रजापति, रामगढ़ नगर परिषद सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी, सुनील साहू, दिनेश कुमार महतो, उपेंद्र सिंह, डॉ. मुरारी, रंजीत प्रसाद, शांति देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, प्रमोद यादव, बिनोद प्रसाद जी, नरेश प्रसाद, अनिल यादव, अनिल कुमार, त्रिभुवन महतो, संजीव कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## रांची के 800 गांवों तक जेएलकेएम का संगठन विस्तार, मीटिंग के जरिए जनता से सीधा संवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजरप्पा/रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने तथा रांची जिले के करीब 800 गांवों तक संगठन का विस्तार करने के उद्देश्य से पॉकेट मीटिंग का सिलसिला शुरू किया गया है। इन बैठकों के माध्यम से पार्टी के सिद्धांतों, विचारधारा और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को सीधे आम लोगों तक पहुंचाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। इसी दौरान रिंग रोड रांची के दलादली चौक स्थित होटल रेन फॉरेस्ट में संगठन विस्तार और आगामी जमीनी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जेएलकेएम के फायर ब्रांड नेता एवं केंद्रीय सचिव संतोष महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष रेहान अंसारी, विजय महतो, राजू उरांव, दिलीप सिंह, रामू दा, सुधीर महतो, अरुण मुंडा, संदीप मुंडा, हुसुख मिंज, संजय केरकेट्टा, फागु मुंडा, विजय उरांव और पूनम सवासी सहित संगठन से जुड़े कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में रांची जिले के लगभग 800 गांवों में संगठन की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा हुई। इसके तहत बड़े कार्यक्रमों के साथ-साथ छोटे स्तर पर पॉकेट मीटिंग, मोहल्ला बैठक और ग्रामीण संवाद को संगठन विस्तार का प्रमुख माध्यम बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में कहा गया कि संगठन की वास्तविक ताकत केवल बड़े मंचों और चुनावी सभाओं से नहीं, बल्कि गांव-मोहल्लों में आम नागरिकों के बीच लगातार संवाद और उनकी समस्याओं को समझने से तैयार होती है। इसी सोच के साथ कार्यकर्ताओं को स्थानीय स्तर पर लोगों से जुड़ने और उनके मुद्दों को संगठन के माध्यम से उठाने की दिशा में सक्रिय किया जा रहा है। जेएलकेएम की पॉकेट मीटिंग में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनता का सम्मान जैसे आम आदमी से सीधे जुड़े मुद्दों को प्रमुखता देने की बात कही गई। संगठन का प्रयास है कि राजनीतिक चर्चा केवल चुनाव और सत्ता तक सीमित न रहे,बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े सवालों को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में लाया जाए। संतोष महतो ने कहा कि जनता को केवल चुनाव के समय याद करना राजनीति नहीं हो सकती। जनता के बीच रहकर उनके सवाल सुनना, समस्याओं को समझना और समाधान के लिए आवाज उठाना ही संगठन की वास्तविक जिम्मेदारी है। बैठक में यह संदेश प्रमुखता से सामने आया कि जेएलकेएम की राजनीतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियां केवल चुनावी माहौल तक सीमित नहीं हैं। संगठन का लक्ष्य 24 घंटे और निरंतर पांच साल जनता के बीच सक्रिय रहना है। पॉकेट मीटिंग की पहल को इसी सोच का हिस्सा बताया गया। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से छोटी बैठकों के माध्यम से लोगों से संपर्क स्थापित करें, स्थानीय समस्याओं को दर्ज करें और संगठन के सिद्धांतों को सरल भाषा में आम लोगों को समझाये। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि मजबूत राजनीतिक संगठन का आधार केवल चुनावी ढांचा नहीं बल्कि समाज के साथ निरंतर संपर्क है। इसलिए संगठन विस्तार की प्रक्रिया को गांव, टोला, मोहल्ला और स्थानीय स्तर तक ले जाने की योजना बनाई जा रही है।

## सड़क बदहाल होने से ग्रामीण परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सोनो/जमुई।** बटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरालेवार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के समीप से गुजरने वाली कच्ची सड़क लंबे समय से बदहाल है। यह सड़क दो पंचायतों को जोड़ने के साथ-साथ बेलमबा पंचायत के सिद्धेश्वरी और धोबीयाकुड़ा तथा दहियारी पंचायत के खैरालेवार गांव के ग्रामीणों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। सड़क की स्थिति खराब रहने के कारण ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिद्धेश्वरी और धोबीयाकुड़ा गांव के ग्रामीण किशुन हेंब्रम, मनोज हेंब्रम और किशोर मरांडी ने बताया कि बाजार बटिया जाने के लिए वे लोग इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। सड़क कच्ची होने के कारण खासकर बरसात के दिनों में रास्ते पर कीचड़ और जलजमाव की स्थिति बन जाती है, जिससे पैदल चलने के साथ-साथ अन्य आवागमन में भी परेशानी होती है। वहीं, खैरालेवार गांव के स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में मवेशियों के साथ इस मार्ग से आवागमन करना काफी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क कई गांवों को जोड़ती है और लोगों के दैनिक आवागमन के लिए महत्वपूर्ण है, अब तक सड़क को दुरुस्त नहीं कराया गया है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि तीनों गांवों के लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

## सिविल कोर्ट कर्मचारी 7 अक्टूबर को मनाएंगे ब्लैक डे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर न्यायिक परिवार के अभिभावक के रूप में हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि व्यवहार न्यायालयों के कर्मचारियों की वर्षों से लंबित सेवा संबंधी समस्याओं का समाधान हो सके। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर 2 नवंबर से अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर चला जाएगा। संघ के अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी द्वारा भेजे गए अभ्यावेदन में कहा गया है कि यह निर्णय 9 अगस्त को पटना के गर्दनीबाग स्थित धरना स्थल पर आयोजित आमसभा में लिया गया था। आमसभा में संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए चरणबद्ध एवं शांतिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला हुआ था। प्रथम चरण के रूप में 7 अक्टूबर को पूरे बिहार में ब्लैक डे मनाया जाएगा। इस दिन सभी व्यवहार न्यायालयों के कर्मचारी काली पट्टी/ब्लैक बैंड धारण करेंगे, लेकिन नियमित न्यायिक एवं कार्यालयीन कार्यों का निर्वहन करेंगे। वे न्यायालय की गरिमा व अनुशासन बनाए रखेंगे, आम जनता और वादकारियों के हितों का सम्मान करेंगे तथा न्यायिक कार्य को बाधित नहीं करेंगे। संघ ने स्पष्ट किया है कि यह कार्यक्रम न्यायिक कार्य में व्यवधान डालने के लिए नहीं, बल्कि समस्याओं की ओर सक्षम प्राधिकारों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति है। यदि 7 अक्टूबर के कार्यक्रम के बाद मांगों के समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तो 2 नवंबर से सामूहिक अवकाश लागू कर दिया जाएगा, जो मांगों के निस्तारण तक अनिश्चितकालीन रहेगा। संघ ने कहा कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होना उसकी प्राथमिकता नहीं है और कर्मचारी चाहते हैं कि न्यायिक कार्य सुचारू रूप से चलता रहे।प्रमुख मांगों में सर्वोच्च न्यायालय के सिविल रिट याचिका संख्या 1022/1989 में पारित निर्णय तथा पटना उच्च न्यायालय की स्थायी समिति की अनुशंसाओं का प्रभावी अनुपालन, न्यायालय सहायकों/कर्मचारियों के कैडर का पुनर्गठन एवं 1 जनवरी 2006 से वेतन पुनरीक्षण, लंबित पदोन्नतियों का शीघ्र निष्पादन, केवल एमएसीपी पर निर्भरता की व्यवस्था पर पुनर्विचार, स्पष्ट कार्य-दायित्व का निर्धारण, अनुकंपा नियुक्ति, पारदर्शी पदस्थापना एवं स्थानांतरण, विशेष न्यायिक कर्मचारी कैडर, शेट्टी आयोग के आलोक में भत्तों का पुनरीक्षण, स्वास्थ्य कार्ड/स्वास्थ्य सुविधा, बच्चों के लिए शिक्षा भत्ता तथा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) पर निर्णय शामिल हैं।

# रोजगार देने में एनडीए सरकार विफल : तेजस्वी

## आने वाला दिन हमारा है, पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह राजद में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि बिहार में बेरोजगारी आज भी सबसे बड़ी समस्या है और राज्य की एनडीए सरकार अपने वादे के मुताबिक युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। यहां गांधी मैदान में आयोजित सभा में श्री यादव ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग अपने कामों में निष्पक्ष नहीं है और इसके एकपक्षीय कार्यों से बिहार, बंगाल समेत कई राज्यों में चुनाव परिणाम प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की जबरदस्ती सरकार तो बन गई है लेकिन आज बेरोजगारी बढ़ने के साथ-साथ भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़ा, घोटाला चरम पर है। तेजस्वी यादव ने सभा में उपस्थित भारी भीड़ की ओर इशारा करते हुए कहा कि बिहार में आने वाला समय हमारा है और हम यहां गरीब-गुरबों, शोषितों-दलितों की सरकार बनाएंगे। श्री





यादव ने कहा कि पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह के पार्टी में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस जनसभा में जेडीयू के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ राजद में शामिल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में वोट चोरी के माध्यम से फर्जी सरकार बनाई गई है। आने वाले चुनाव में जनता इस सरकार को जवाब देगी और राजद के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी। श्री यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भाजपा के लिए काम करने का आरोप लगाया। श्री यादव ने कहा कि बिहार का एक हिस्सा बाढ़ तो दूसरा सूखे की मार झेल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री अपना जन्मदिन मनाने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है। आने वाले चुनाव में राजद के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी। सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि बिहार में बढ़ते भ्रष्टाचार, अपराध, गुंडाराज, लुट-खसोट के मामले बढ़ जाने के कारण आम जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है। पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि उनके राजद में शामिल होने से कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है लेकिन यह दर्द जल्द ठीक हो जाएगा। पूर्व मंत्री डा. सुरेश पासवान ने कहा कि 2030 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगा। 2030 में तेजस्वी यादव के मुख्यमंत्री बनने का भी दावा किया। इस सभा को सांसद अभय कुशवाहा, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, विधान पार्षद सुनील सिंह, विधायक अमरेंद्र कुशवाहा आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, पूर्व विधायक भीम यादव, नवीनगर के पूर्व प्रत्याशी अमोद सिंह चंद्रवंशी, जिला पार्षद शंकर यादव, वरीय नेता सत्येंद्र यादव, अनिल यादव, डॉ रमेश यादव, कौलेश्वर यादव, सोनू मुखिया, नागेंद्र सिंह यादव, मंजू यादव, सुमन सिंह, सुशील कुमार, विकास कुमार, चंदन यादव सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे। सभा का संचालन राजद के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अनिल टाइगर ने किया।

# रामरेखा-पुनपुन संगम तट पर डूबने से किशोरी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जितिया पर्व के दौरान नवीनगर प्रखंड के माली थाना अंतर्गत कुलहड़िया गांव में बड़ा हादसा हो गया। रविवार को रामरेखा-पुनपुन संगम तट पर जितिया डूबाने गयी 13 वर्षीय किशोरी की नदी में डूबने से मौत हो गयी। हादसे के दौरान दो अन्य लोगों को डूबते देख ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें बचा लिया। मृत किशोरी की पहचान कुलहड़िया गांव निवासी प्रमोद नोनिया की पुत्री हर्षिका कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रविवार की सुबह हर्षिका अपने साथियों के साथ रामरेखा-पुनपुन संगम तट पर जितिया डूबाने गयी थी। जितिया डूबाने के बाद तीनों नदी में स्नान करने लगे। इसी दौरान तीनों गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे। नदी किनारे टहलने निकले कुछ ग्रामीणों की नजर डूब रहे लोगों पर पड़ी। ग्रामीणों ने शोर मचाया और तत्काल बचाव के लिए नदी की ओर दौड़े। काफी प्रयास के बाद एक किशोर और एक किशोरी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि हर्षिका का पता नहीं चल सका। ग्रामीणों ने काफी देर तक नदी में खोजबीन की। इसके बाद हर्षिका का शव नदी के गहरे पानी से बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों से घटना की जानकारी ली और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# छत से गिरकर शिक्षक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के शाहपुर मुहल्ला स्थित वार्ड नं- 28 में सूर्य मंदिर ठाकुरबाड़ी के समीप शनिवार की रात छत से गिरकर 50 वर्षीय शिक्षक ललित कुमार की मौत हो गई। खाना खाने के बाद वह अपने घर की छत पर टहल रहे थे। इसी दौरान छत पर गिरे पानी के कारण उनका पैर फिसल गया और वह अनियंत्रित होकर छत से नीचे गिर गए। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। छत से गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में ललित कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, गया ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। ललित कुमार की मौत के बाद परिजन शव लेकर सदर अस्पताल पहुंचे और घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि ललित कुमार शिक्षक थे और वर्ष 2007 से कुटुंबा प्रखंड के रतनुआ गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में सेवा दे रहे थे।

# गुरु-शिष्य परम्परा भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण कड़ी : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार को संस्कृति, संस्कृत भाषा, गुरु-शिष्य परंपरा एवं संस्कारों के संरक्षण और संवर्द्धन के उद्देश्य से प्रांतीय संस्कृति महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया। समारोह में भारतीय जीवन-पद्धति, ऋषि-मुनियों की परंपरा, संस्कृत, गुरु-शिष्य संबंध, पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ी में संस्कार निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में बिहार सरकार के खान तथा कला एवं संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, उत्तर-पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्याली राम, गजना धाम के महंत अवध बिहारी दास, प्रदेश मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। मुख्य अतिथि परिचय एवं सम्मान विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक को आमंत्रित किया गया। प्रदेश मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह ने भारतीय संस्कृति की मूल भावना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि




भारत ऋषि-मुनियों की तपोभूमि रहा है और भारतीय संस्कृति केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रही, बल्कि व्यवहार, आचरण और जीवन-पद्धति के रूप में विकसित हुई है। कला एवं संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने गुरु शिष्य परंपरा को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने ऋषि वशिष्ठ, आरुणि, स्वामी विवेकानंद, सावित्री-सत्यवान तथा माता अनसूइया के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए भारतीय संस्कृति में गुरु, तपस्या, त्याग और संस्कारों की भूमिका को समझाया। कहा कि समाज की संस्कृति का चिंतन करने वाले ऋषि-मुनियों की परंपरा को सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विद्यालयों के माध्यम से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिरों में विद्यार्थियों के आचरण, व्यवहार और चरित्र में संस्कार निर्माण का कार्य किया जाता है। उन्होंने सांस्कृतिक उत्थान के लिए सभी से सहभागी बनने का आह्वान किया। गजना धाम के महंत अवध बिहारी दास ने संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा पीहू ने एकल गीत प्रस्तुत किया। उत्तर-पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्याली राम ने भारत माता को नमन करते हुए भारतीय संस्कृति को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। प्रो. शिवपूजन सिंह ने भारतीय संस्कृति के लोककल्याणकारी भाव को सामने रखा। इस मौके पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, रोहतास विभाग के विभाग निरीक्षक धरणीकांत पांडेय, सचिव बजरंगी प्रसाद, मुंगेर विभाग के जिला निरीक्षक वीरेंद्र कुमार, प्रवासी कार्यकर्ता लालबाबू प्रसाद यादव, संजीव कुमार झा, छोटू शाह, राजेश कुमार, तरुण कुमार, निहारिका सिंह, परमेश्वर कुमार आदि उपस्थित रहे। संचालन वीरेंद्र कुमार, जिला निरीक्षक ने किया।

# बिजली करंट से अधेड़ की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के वार्ड नंबर-26 स्थित शाहपुर मुहल्ला में रविवार की अहले सुबह बिजली करंट की चपेट में आने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान उस मुहल्ला निवासी संतन मेहता के पुत्र बीरेंद्र कुमार मेहता उर्फ पिंटू के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों ने बुडको के पाइपलाइन कार्य में लगे ठेकेदार और कर्मियों पर बिजली का तार टूटने की जानकारी नहीं देने और लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। परिजनों ने बीरेंद्र की मौत के लिए संबंधित कर्मियों की लापरवाही को जिम्मेदार बताया है। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि बिजली करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हुई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बाल लोक गायिका तान्या मौआर को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के बारून प्रखंड के बिसेनी बड़कागांव निवासी समाजसेवी एवं अधिवक्ता पतिनाथ पंकज ने अपने ग्राम पंचायत खैरा की तेजी से उभरती बाल लोक गायिका तान्या मौआर को उनके आवास पर सम्मानित किया। इस अवसर पर तान्या मौआर के पिता एवं अध्यापक सुनील मौआर भी उपस्थित थे। पतिनाथ पंकज ने बाल प्रतिभा के रूप में तान्या की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि नन्ही उम्र में ही तान्या मौआर ने संगीत के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनानी शुरू कर दी है। अपनी सुमधुर गायिकी और लोक संगीत के प्रति लगाव से वह लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। ग्रामीण परिवेश से निकलकर संगीत के क्षेत्र में आगे बढ़ रही तान्या की प्रतिभा न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे ग्राम पंचायत खैरा और क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत उन्हें



पहचानने, प्रोत्साहित करने और उचित मंच उपलब्ध कराने की है। तान्या मौआर ने अपनी गायिकी के माध्यम से यह साबित किया है कि प्रतिभा उम्र और संसाधनों की मोहताज नहीं होती। यदि ऐसे बच्चों को परिवार, समाज और स्थानीय स्तर पर निरंतर प्रोत्साहन मिलता रहे तो वे आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। पतिनाथ पंकज ने विश्वास व्यक्त किया कि तान्या आने वाले दिनों में एक मशहूर लोक गायिका के रूप में सुस्थापित होंगी और अपनी गायिकी के माध्यम से लोक संगीत की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाते हुए संगीत की दुनिया को नया आयाम प्रदान करेंगी। उन्होंने तान्या के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए लगातार अभ्यास और अच्छे मार्गदर्शन की आवश्यकता है। तान्या के पिता एवं अध्यापक सुनील मौआर ने भी इस सम्मान के लिए पतिनाथ पंकज के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि बेटी की प्रतिभा को समाज से मिल रहा प्रोत्साहन उसके आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला है। सम्मान समारोह के दौरान ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और लोक संस्कृति एवं लोक संगीत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई।

## हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 31 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा के निर्देश पर शनिवार की देर रात जिले में विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 27 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। वहीं 128.35 लीटर देसी शराब, 175 लीटर स्पिरिट, तीन बाइक, एक साइकिल, 250 खाली बोतल एवं चार गैलन बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 2105 वाहनों से 182000 रूपये वसूल की गई है।

# दो दिवसीय जिलास्तरीय युवा उत्सव 12 से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन 12 एवं 13 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे से जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में किया जाएगा। युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने एवं राज्य स्तरीय मंच तक पहुंचने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस उत्सव में विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष जिला स्तरीय युवा उत्सव में समूह लोक गीत, समूह लोक नृत्य, कविता लेखन, चित्रकला एवं वक्तृता विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इन विधाओं में भाग लेने के लिए इच्छुक कलाकारों, समूहों एवं संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक विधा के कलाकार/समूह को राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए भेजा जाएगा। जिलाधिकारी ने जिले के इच्छुक कलाकारों, समूहों एवं संस्थाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने की अपील की है। विभागीय निर्देश के अनुसार प्रतिभागियों के लिए 15 से 29 वर्ष की आयु सीमा निर्धारित की गई है, जिसमें आयु की गणना 17 अगस्त 2026 को आधार मानकर की जाएगी। वहीं समूह लोक गीत एवं समूह लोक नृत्य में कुल 10 कलाकार शामिल होंगे, जिनमें अधिकतम 03 संगत कलाकारों की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो सकती है। इच्छुक कलाकार, समूह एवं संस्थाएं अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर 10 अक्टूबर 2026 तक जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय/ आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र, औरंगाबाद में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन का प्रारूप जिला प्रशासन, औरंगाबाद की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जहां से इच्छुक प्रतिभागी आवेदन प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं।

# अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए औरंगाबाद पुलिस ने शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा के निर्देश पर चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीमों ने प्रमुख सड़कों पर वाहनों की सघन जांच की। अभियान के दौरान नगर थाना, मुफस्सिल, जम्होर, फ़ेसर, दाउदनगर, मदनपुर, बारून, देव नवीनगर, अम्बा, गोह, ओबरा सहित अन्य थाना क्षेत्रों में पुलिस की टीमों ने वाहन जांच की। संबंधित थाना प्रभारियों की निगरानी में दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर नंबर प्लेट, रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन के जरूरी दस्तावेजों की जांच की गई। पुलिस ने संदिग्ध वाहनों और उनकी गतिविधियों पर भी विशेष नजर रखी। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और वाहन चलाते समय जरूरी दस्तावेज अपने साथ रखने की हिदायत दी।

# जमीन सर्वे के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में चल रहे जमीन सर्वे के कार्य में रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। रफीगंज प्रखंड के लट्टा पंचायत अंतर्गत खरौना खुर्द गांव निवासी रौशन कुमार ने जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर जमीन सर्वे के नाम पर प्रत्येक जमीन मालिक से 15 हजार से 20 हजार रुपये तक रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की जांच कर दोषी कर्मी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। डीएम को दिए आवेदन में रौशन कुमार ने बताया है कि उनके गांव में जमीन सर्वे से संबंधित कार्य के दौरान सर्वे कर्मी विकास कुमार द्वारा कथित रूप से जमीन मालिकों से सर्वे कराने के नाम पर राशि की मांग की जा रही है। आवेदन के अनुसार, गांव में प्रत्येक जमीन मालिक से कथित तौर पर 15 से 20 हजार रुपये तक की राशि मांगी जा रही है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि इस तरह की कथित अवैध वसूली से ग्रामीणों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रौशन कुमार ने अपने आवेदन में जिला प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि यदि जांच में रिश्वत मांगने की बात सही पाई जाती है, तो संबंधित कर्मी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए और जमीन सर्वे का कार्य बिना किसी अवैध राशि की मांग के कराया जाए। शिकायतकर्ता ने यह भी मांग की है कि जमीन सर्वे से संबंधित किसी भी आवेदन अथवा दस्तावेज को जमा करने के बाद निर्धारित शुल्क की रसीद उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को यह स्पष्ट रहे कि किस कार्य के लिए कितनी राशि निर्धारित है। आवेदन में शिकायतकर्ता ने कहा है कि उनके पास उपलब्ध साक्ष्य और जानकारी आवश्यकता पड़ने पर जांच अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है। उन्होंने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने तथा शिकायत पर कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने की भी मांग की है।

# दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बारून थाना परिसर में रविवार को आगामी शारदीय नवरात्र और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार एवं थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न पूजा समितियों के अध्यक्षों, सचिवों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ नीरज कुमार ने कहा कि नवरात्र आस्था और पवित्रता का प्रतीक है। उन्होंने पूजा समितियों को निर्देशित किया कि पंडाल निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें।






# झारखंड के रास्ते आज औरंगाबाद में प्रवेश करेगी सेवा संकल्प यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रधानमंत्री के जन्म स्थल वडनगर से वाराणसी निकली सेवा संकल्प यात्रा सोमवार को झारखंड के रास्ते बिहार में प्रवेश करेगी। यात्रा के स्वागत को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। यात्रियों के अभिनंदन के लिए बिहार सरकार के खेल मंत्री श्रेयसी सिंह तथा औरंगाबाद जिले के प्रभारी मंत्री रमा निषाद उपस्थित रहेंगी। उनके लिए प्रखंड के प्रमुख मार्गों और स्थलों पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने के साथ स्वागत कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रशासनिक सक्रियता के साथ स्थानीय स्तर पर भी यात्रा दल के स्वागत को लेकर उत्साह का माहौल है। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु के निर्देश पर सोमवार सुबह 10 बजे से चिन्हित मार्गों और प्रमुख स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत माता सतबहिनी मंदिर से हाई स्कूल तक मुख्य मार्ग, संडा बॉर्डर से मेला क्षेत्र तक सड़क तथा पोला अंडरब्रिज से पोला स्कूल होते हुए मेन रोड तक विशेष सफाई कराई जाएगी। संबंधित स्वच्छता सुपरवाइजरों को अपने-अपने क्षेत्रों में मौजूद रहकर अभियान की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। पोला क्षेत्र में बलिया और परता के स्वच्छता सुपरवाइजर पंचायत कर्मियों के साथ मिलकर अभियान को गति देंगे। अंबा में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण दल में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, एसडीओ गौरव कुमार सिंह, बीडीओ प्रियांशु वसु और अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश समेत अन्य प्रखंड कर्मी शामिल रहे।अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल, मार्ग व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, अरविंद पासवान, अभय पासवान, चंदन तिवारी, सोनू पासवान, अमित मालाकार और कजरा सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से मार्गों की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और स्वागत स्थलों को व्यवस्थित करने की कवायद चल रही है। यात्रा दल के आगमन को देखते हुए प्रशासन और स्थानीय कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ गई है। तैयारियों को समय पर पूरा करने के लिए संबंधित कर्मियों और स्थानीय लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269